फाल्गुन, शुक्ल पक्ष 7, वर्ष 11, अंक 307, पृष्ठ 12, मूल्य: 5.00

प्रयागराज, रविवार, 26 फरवरी, 2023

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

नगर संस्करण E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news





अन्दर : कप्तानी पर छलका विराट का दर्द, गिनाई अपनी उपलब्धि, बोले- फिर भी मुझे कहा जाता है असफल कप्तान

# माफिया को हम मिट्टी में मिला देंगे

## विधानसभा में दिखा योगी का गुस्सा | प्रयागराज कांड पर पहली बार बयान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज कांड पर पहली बार बयान दिया है। उमेश पाल हत्याकांड मामले पर विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ काफी गुस्से में नजर आए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ये जो अपराधी और माफिया हैं आखिर ये पाले किसके द्वारा गए हैं क्या ये सच नहीं है कि जिसके खिलाफ एफआईआर दर्ज है उन्हें सपा ने सांसद बनाया था आप अपराधी को पालेंगे और उसके बाद आप तमाशा बनाते हैं। हम इस माफिया को मिट्टी में मिला देंगे। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश और योगी आदित्यनाथ के बीच तीखी बहस भी नजर आई। बहुजन समाज पार्टी के विधायक राजू पाल की 2005 में हुई हत्या के मुख्य गवाह उमेश पाल की शुक्रवार शाम प्रयागराज स्थित उनके आवास पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद विपक्ष योगी सरकार पर हमलावर है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामचरितमानस विवाद पर समाजवादी पार्टी घेरते हुए कहा कि एक पवित्र ग्रन्थ को फाड़ा गया और जलाया गया, क्या यह सनातन धर्म का अपमान नहीं था मुख्यमंत्री ने उस विवादित चौपाई का भी अर्थ समझाया जिसको लेकर विवाद शुरू हुआ था।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ये लोग (सपा) पेशेवर माफिया के संरक्षक हैं। यह हरकत करने वाला माफिया आज प्रदेश से फरार है, माफिया कोई भी हो, हमारी सरकार

### सदन में गरजे सीएम

**पूर्व सीएम अखिलेश यादव और योगी आदित्यनाथ के बीच तीखी बहस**

**रामचरितमानस को लेकर भी योगी ने दिया बयान**

प्रदेश में माफिया राज नहीं आने देगी। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के सहयोग से वह (अतीक अहमद) बार-बार एमपी और एमएलए बना है।2009 में उस माफिया को सांसद बनाने का कुख्यात काम इन्हीं लोगों ने किया था। यह लोग चोरी और सीनाजोरी का काम कर रहे हैं। माफिया कोई भी हो, सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति है। उन माफिया को मिट्टी में मिलाने का काम सरकार करेगी।

चोरी और सीनाजोरी का काम नहीं चलेगा। उन्होंने सपा की तरफ इशारा करते हुए कहा, ह्यह्यह पेशेवर अपराधियों के सरपरस्त हैं और यह लगातार यही करते आ रहे हैं। इनके रग-रग में अपराध भरा हुआ है। अपराध के अलावा इन्होंने कुछ सीखा ही नहीं है। पूरा उत्तर प्रदेश इस बात को जानता है और आज यह लोग अपनी सफाई देने के लिए यहां पर आए हैं। आदित्यनाथ ने कहा कि जिस माफिया ने कल यह कृत्य किया है वह उत्तर प्रदेश के बाहर है और वह माफिया समाजवादी पार्टी के सहयोग से ही बार-बार विधायक और सांसद बना है। उन्होंने कहा कि क्या यह सच नहीं है कि 1996 में इलाहाबाद-पश्चिमी सीट से वह माफिया समाजवादी पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार और पार्टी के सहयोग से विधायक बना था। यही नहीं वर्ष 2004 में भी वह माफिया इन्हीं लोगों के सहयोग से सांसद बना था। यह लोग चोरी और सीनाजोरी करने का काम कर रहे हैं।


## 86 में से 56 एसडीएम एक ही जाति के थे

### योगी का अखिलेश पर आरोप

लखनऊ। यूपी विधानमंडल बजट सत्र के छठवें दिन विधानसभा में विपक्ष के सवालों पर करारा जवाब देते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने पूर्ववर्ती सपा सरकार और अखिलेश यादव पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि हमने किसी के साथ भेदभाव नहीं किया लेकिन इनके (सपा) राज में यूपीएससी से चयनित एसडीएम के 86 में से 56 उम्मीदवार एक ही जाति से थे। तब प्रदेश में ये कमाल होता था। सीएम योगी जब यह आरोप लगा रहे थे उसी वक्त खड़े होकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लिस्ट सदन में टेबल करने की मांग की जिस पर सीएम योगी ने कहा कि लिस्ट भी उपलब्ध करा देंगे।यह आरोप लगाते हुए सीएम योगी ने कहा कि इनके शासन में एक ही जाति की भर्ती होती है। राजभर जी देख लीजिए... ये लोग क्या करते थे। उस वक्त के युवाओं के साथ कैसा अन्याय होता था सभी चयन आयोग और भर्ती में क्या होता था। यह किसी से छिपा नहीं है। उन्होंने शुक्रवार को अखिलेश यादव द्वारा उठाए गए पॉलिटिकल क्रैडिबिलिटी के सवाल का उल्लेख किया और कहा कि आप पॉलिटिकल क्रैडिबिलिटी क्या बात करते हैं।

## अखिलेश यादव पर गुस्से से लाल हुए योगी आदित्यनाथ





**शर्म तो तुम्हें करनी चाहिए, अपने बाप का सम्मान नहीं कर पाए**

उत्तर प्रदेश विधानसभा की कार्रवाई के दौरान 25 फरवरी को सदन में सीएम योगी आदित्यनाथ और अखिलेश यादव के बीच तीखी बहस हो गई। प्रयागराज में हुए हत्याकांड को लेकर सीएम योगी बयान दे रहे थे और समाजवादी पार्टी पर अपराधियों का बढ़ावा देने का आरोप लगा रहे थे। इसी दौरान अखिलेश यादव ने चिन्मयानंद का जिक्र कर सवाल पूछा तो सीएम योगी भड़क गये। सीएम योगी ने अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि आश्चर्य होता है कि ये लोग सुरक्षा की बात करते हैं। इसी बीच अखिलेश यादव ने कहा कि चिन्मयानन्द किसके गुरु हैं जवाब में सीएम योगी ने भड़कते हुए कहा कि शर्म तो तुम्हें आनी चाहिए, अपने बाप का सम्मान नहीं कर पाए। हमने नाम तो नहीं लिया किसी का, लेकिन जो बयान दिए हैं उस पर चर्चा क्यों नहीं होनी चाहिए। वहीं प्रयागराज की घटना पर बोलते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि माफियाओं को मिट्टी में मिला दूंगा। मुख्यमंत्री के इस बयान के बाद अखिलेश यादव भड़क गए। सपा के विधायकों द्वारा जमकर हंगामा किया गया और सपा विधायक वेल में पहुंच गए। हालांकि विधानसभा अध्यक्ष द्वारा टोके जाने के बाद विधायक बैठे। इसके बाद सीएम योगी ने कहा कि पूरा प्रदेश जानता है कि अतीक अहमद को सांसद किसने बनाया! जिस माफिया ने प्रयागराज की घटना को अंजाम दिया है वो समाजवादी पार्टी के समर्थन से ही बार-बार एमपी और एमएलए बना है।




## माफिया अतीक के बेटों को पुलिस ने दबोचा

### उमेश पाल हत्याकांड

**पूरे परिवार पर एफआईआर**

**प्रयागराज।** विधायक राजू पाल हत्याकांड के गवाह उमेश पाल की हत्या के मामले में पूर्व सांसद अतीक अहमद, उसके भाई पूर्व विधायक मोहम्मद खालिद अजीम उर्फ अशरफ, पत्नी शाइस्ता परवीन, गुलाम और गुड्डू मुस्लिम के अलावा अतीक के बेटों पर एफआईआर दर्ज कराई गई है। उमेश पाल की पत्नी जया पाल की तहरीर पर अतीक अहमद के अज्ञात सहयोगी भी आरोपी बनाए गए हैं। उधर, एसटीएफ द्वारा उमेश पाल हत्याकांड में बीजेपी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राहिल हसन को रसूलाबाद निवास से उठाने की सूचना है। तहरीर में कहा गया है कि घटना के समय अतीक के पुत्रों के अलावा गुड्डू मुस्लिम और गुलाम आदि शामिल थे। नौ अज्ञात के अलावा अतीक के अन्य सहयोगियों को आरोपी बनाया गया है। उमेश पाल हत्याकांड में घटना के कुछ देर बाद ही अतीक अहमद के दो बेटों असद व अहजम को पुलिस ने उठा लिया। उन्हें गोपनीय स्थान पर ले जाकर पूछताछ चलती रही। पुलिस ने शाइस्ता परवीन से भी पूछताछ की।

## शिक्षक भर्ती परीक्षा में सॉल्वर गिरोह का भंडाफोड़

### केंद्रीय विद्यालय

**सरगना सहित 21 गिरफ्तार**
**प्रॉक्सी सर्वर का लेते थे सहारा**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विद्यालय की ऑनलाइन शिक्षक भर्ती परीक्षा में हैकिंग के माध्यम से पेपर सॉल्व कराने वाले गिरोह का एसटीएफ ने भंडाफोड़ किया है। हरियाणा के पलवल से गिरोह के सरगना के साथ ही वाराणसी और प्रयागराज से 21 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। आरोपियों के पास से 17 लैपटॉप, 13 सीपीयू, 24 मोबाइल, तीन इंटरनेट राउटर, एक प्रिंटर, और पांच एडमिट कार्ड बरामद किए गए। गिरफ्त में आए आरोपियों से पूछताछ के साथ ही उनके पास से बरामद इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस से फॉरेंसिक एक्सपर्ट के सहयोग से डाटा रिकवर किया जा रहा है। यूपी एसटीएफ को सूचना मिली थी कि केंद्रीय विद्यालय संगठन की शिक्षक भर्ती परीक्षा में हैकिंग के माध्यम से पेपर सॉल्व कराया जा रहा है। इस सूचना के आधार पर एसटीएफ की वाराणसी, प्रयागराज और नोएडा की टीम ने पड़ताल शुरू की। पड़ताल में सामने आया कि सुनियोजित ढंग से कुछ परीक्षार्थियों को आवंटित कंप्यूटर कोड को लोकल एरिया नेटवर्क और प्रॉक्सी सर्वर के माध्यम से पलवल में बैठकर रिमोट एक्सेस एप्लीकेशन के माध्यम से प्रयागराज में बैठे सॉल्वर तक पहुंचा कर नकल कराई जा रही है।



### ये हुए गिरफ्तार

☛हरियाणा से गिरोह का सरगना चितरंजन शर्मा पुत्र भगवान दत्त शर्मा निवासी मोहन नगर थाना कैंप, जनपद पलवल (हरियाणा) गिरफ्तार किया गया है। ☛सुजीत कुमार पुत्र रामनरेश निवासी उसरी उमरहा, थाना चौबेपुर, जनपद वाराणसी। ☛प्रशांत वर्मा पुत्र मित्रसेन वर्मा निवासी अशरफपुर बुआथ, थाना जलालपुर, जनपद अंबेडकरनगर। ☛दीपक कुमार पुत्र बलवीर सोनार निवासी इगरा, थाना व जनपद जींद हरियाणा। ☛संतोष पटेल पुत्र शारदा पटेल निवासी उमरहा, थाना चौबेपुर, जनपद वाराणसी। ☛दीपक सिंह पुत्र रामसकल सिंह निवासी सपौली थाना चुनार, जनपद मिर्जापुर। ☛सुधांशु शेखर सिंह पुत्र अच्युतानंद सिंह निवासी बाराचवर, थाना करीमुद्दीनपुर, जनपद गाजीपुर। ☛जयचंद सिंह पुत्र शिवप्रसाद सिंह निवासी सपोली, थाना चुनार जनपद मिर्जापुर। ☛इंद्रेश यादव पुत्र सभाजीत यादव निवासी भारया, थाना पवई, जनपद आजमगढ़। ☛दीप्ती सिंह पुत्री दिवाकर सिंह निवासी भदराव, थाना बरसठी, जनपद जौनपुर। ☛प्रतिभा सिंह पुत्री जय प्रकाश सिंह निवासी कर्मदेश्वरपुरम कॉलोनी कंदवा, थाना चितईपुर, वाराणसी। ☛भुवनेश कुमार पुत्र कुशपाल निवासी कृष्ण विहार कॉलोनी, थाना कोशीकला, थाना मथुरा। ☛ओमकार सिंह पुत्र छोटेलाल निवासी बंका, थाना मुरसान, जनपद हाथरस। ☛अखिलेश कुमार यादव पुत्र लालचंद यादव निवासी बरथरा खुर्द, थाना चौबेपुर, जनपद वाराणसी। ☛संजय कुमार गुप्ता पुत्र सतीशचंद निवासी बस्ती वर्सी निधियांव, थाना मधुबन जनपद मऊ।




### गोवा में पाक टीम को सपोर्ट करना व्यक्ति को पड़ा भारी

**पणजी।** गोवा में एक व्यक्ति को पाकिस्तानी क्रिकेट टीम का समर्थन करना भारी पड़ गया। लोगों ने उससे घुटने के बल बैठकर माफी मंगवाई और उससे भारत माता की जय के नारे भी लगवाए। उत्तरी गोवा के कैलंगुट का यह मामला तब लोगों की नजरों में आया, जब एक ट्रैवल ब्लॉगर ने उस शख्स का वीडियो अपने ब्लॉग पर पोस्ट किया। अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। एक ट्रैवल ब्लॉगर कैलंगुट की गलियों में घूमते हुए वीडियो बना रहा था।

## सोनिया का रिटायरमेंट का इशारा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में चल रहे कांग्रेस के 85वें अधिवेशन में पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने राजनीति से रिटायरमेंट का इशारा कर दिया। सोनिया ने शनिवार को अपने संबोधन में कहा- भारत जोड़ो यात्रा के साथ ही मेरी राजनीतिक पारी अब अंतिम पड़ाव पर है। सोनिया ने पहली बार पार्टी अध्यक्ष की कुर्सी संभालने से लेकर अब तक आए उतार-चढ़ाव को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा- 1998 में जब मैं पहली बार पार्टी अध्यक्ष बनी तब से लेकर आज तक यानी पिछले 25 सालों में बहुत कुछ अच्छा और कुछ बुरा अनुभव भी रहा। 2004 और 2009 में पार्टी का परफॉर्मेंस हो या फिर मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री बनाने का मेरा निर्णय। यह व्यक्तिगत तौर पर मेरे लिए संतोषजनक रहा।

### अधिवेशन

**रायपुर में बोलीं- भारत जोड़ो यात्रा के साथ मेरी पारी समाप्त हो सकती है**

**2024 लोस चुनाव में विपक्षी एकता जरूरी खड़गे बोले- देश में नफरत का माहौल**

इसके लिए पार्टी कार्यकर्ताओं का मुझे पूरा सहयोग मिला। जिस बात से मुझे सबसे ज्यादा संतुष्टि है, वह ये कि भारत जोड़ो यात्रा के साथ अब मेरी पारी समाप्त हो सकती है। ये पार्टी के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ है। इधर, पार्टी के अधिवेशन में 2024 लोकसभा चुनाव में यूनाइटेड विपक्ष को लेकर भी बात हुई। पार्टी नेताओं ने कहा कि अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराने के लिए पूरे विपक्ष को एक मंच पर आना होगा।

### छात्रों की कथित आत्महत्या के मामले पर सीजेआई चिंतित

**नई दिल्ली।** प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को छात्रों की कथित आत्महत्याओं की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वह सोच रहे हैं कि हमारे संस्थान कहां गलत हो रहे हैं? कि होनहार छात्र अपनी जान लेने को मजबूर हैं। हाल ही में आईआईटी बॉम्बे में एक दलित छात्र की कथित आत्महत्या की घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हाशिए के समुदायों के पीड़ितों को शामिल करने वाली ऐसी घटनाएं आम होती जा रही हैं। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि पीड़ितों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति उनकी संवेदनाएं हैं। सीजेआई यहां द नेशनल एकेडमी ऑफ लीगल स्टडीज एंड रिसर्च में दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे।

## नेहा राठौर अस्पताल में भर्ती

### परेशानी बढ़ी

**बोलीं- तनाव के चलते आया एंग्जायटी अटैक**



**नई दिल्ली।** भोजपुरी लोक गायिका नेहा सिंह राठौर की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। उनके गीत यूपी में का बा पार्ट-2 के बाद पहले उन्हें नोटिस मिला और अब पति हिमांशु से उनके कोचिंग संस्थान ने इस्तीफा मांग लिया है। इस पूरे घटनाक्रम से तनाव में आई नेहा को शुक्रवार शाम करीब पांच बजे एंग्जाइटी अटैक आ गया। उन्हें दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। करीब दो घंटे तक डॉक्टरों की निगरानी में नेहा को रखा गया और फिर उन्हें छुट्टी दे दी गई।नेहा ने कहा कि सुबह में पूरा शरीर सुन्न हो गया था। उनके गाने के चलते सरकार से पहले तो नोटिस मिला था और फिर उसके बाद पति की नौकरी भी चली गई। नेहा ने भावुक होते हुए कहा कि अचानक से जीवन में हुए इस घटनाक्रम के चलते वे तनाव में आ गईं और उन्हें एंग्जायटी अटैक आ गया। यूपी में का बा पार्ट-2 के वीडियो को 16 फरवरी को सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया था। इसके बाद यह गाना तेजी से वायरल हुआ। इस गाने के वायरल होने के बाद ही यूपी पुलिस हरकत में आई और 22 फरवरी को नेहा को नोटिस थमा दिया। नेहा ने कहा कि वे कोई क्रिमनल नहीं हैं। कानपुर देहात में बुलडोजर चलने के चलते मां-बेटी जलकर मर गई। इस संवेदनहीनता के चलते ही उन्होंने यह गाया। गाने में कुछ भी आपत्तिजनक नहीं है। यूपी पुलिस द्वारा कानूनी नोटिस देने के बाद शुक्रवार को फिर से सोशल मीडिया पर एक वीडियो डाला है।

## छह वर्षों में कैंट विधानसभा में 40 अरब का विकास

### विधान सभा में बोले सौरभ

**बोले-नेता प्रतिपक्ष को यह बजट दिशाहीन लगता है, विपक्ष का धर्म ही आलोचना का है, लेकिन जनता सब जानती है**



**लखनऊ।** लखनऊ विधान सभा में अपनी बात रखते हुए वाराणसी कैंट विधान सभा के विधायक सौरभ श्रीवास्वत ने प्रदेश सरकार की ओर से पेश किये गये सत्र 2023-24 के बजट को परिकल्पना से ओतप्रोत बताया। बताया कि पीएम मोदी व सीएम योगी की देन है कि सिर्फ वाराणसी ही नहीं पूरा प्रदेश विकास की राह पर चल चुका है। वाराणसी कैंट विधानसभा में पीएम मोदी के नेतृत्व में बीते छह सालों में 40 अरब का विकास हुआ है।

सदन में अपनी बात रखते हुए बताया कि वर्ष 2016-17 में प्रदेश का बजट लगभग तीन लाख 40 हजार करोड़ का था, मात्र छह वर्षों में ही यह अब दोगुने से भी अधिक, लगभग छह लाख 90 हजार करोड़ का हो गया, इससे स्पष्ट है कि हमें जनता का जनादेश जो उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए मिला है, उस पर यह सरकार शत प्रतिशत खरी उतर रही है। देश की जीडीपी में उत्तर प्रदेश का योगदान आठ प्रतिशत से अधिक है।

### पर्यटन के साथ रोजगार भी

यूपी पर्यटन नीति के तहत इस बजट में अगले पांच वर्षों में 20 हजार नौकरियों के सृजन के साथ साथ 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य भी रखा गया है। निश्चित रूप से यह बजट प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित होगा। सरकार द्वारा संस्कृति और विरासत को विकसित किया जा रहा है।

### प्रदेश में अपराधियों पर अंकुश

सौरभ ने बताया कि उत्तर प्रदेश संगठित अपराध के सफाये में भी नम्बर एक पर है। अधिकांश अपराधी या तो जेल में हैं या प्रदेश के बाहर हैं और अपराध के सफाये का ही यह असर है कि आज प्रदेश में उद्यम का अनुकूल वातावरण बना है। 2017 के पहले प्रदेश में भय का माहौल था। कोई बड़ा इन्वेस्टर यहां आना नहीं चाहता था। पर अब स्थिति पूरी तरह से बदल गई है।

### इन पंक्तियों से लिया वाणी विराम

विधायक ने कहा कि विपक्षियों की ओर से बार-बार 'यूपी में का बा' का जवाब इन पंक्तियों से देना चाहूंगा यूपी में का बा, यूपी में बाबा बा, बाबा का राज बा, बाबा कइलन काज बा, शिक्षा का प्रसार बा, उद्यमिता का माहौल बा, गुंडन का भइल हौ नाश बा, यूपी में विकास बा, यूपी में रोजगार बा, यूपी में सुरक्षा बा, यूपी में सम्मान बा।

## अडानी विवाद से संकट में एलआईसी के शेयर

### एलआईसी का मार्केट कैप करीब 75 हजार करोड़ रुपये घटा

### मुश्किलें बढ़ीं

**बीमा कंपनी के शेयरों में भी बड़ी गिरावट**



**नई दिल्ली।** हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद संकट में घिरे गौतम अडानी समूह के साथ ही जीवन बीमा निगम की भी मुश्किलें बढ़ी है। विवाद के बाद ना सिर्फ एलआईसी के निवेश को नुकसान पहुंचा है बल्कि बीमा कंपनी के शेयरों में भी बड़ी गिरावट आई है। बीएसई इंडेक्स पर शुक्रवार को यह शेयर एक प्रतिशत गिरकर 584.65 रुपये पर बंद हुआ। वहीं, बीते 1 फरवरी को यह शेयर 582.45 रुपये के ऑल टाइम लो लेवल तक गया था। हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद अब तक एलआईसी के शेयर लगभग 17% टूट गए हैं। वहीं, महीने भर में एलआईसी का मार्केट कैप करीब 75 हजार करोड़ रुपये घट गया है। बता दें कि 24 जनवरी को एलआईसी का मार्केट कैप 4,44,141 करोड़ रुपये था जो शुक्रवार 24 फरवरी को 3,69,790 करोड़ रुपये पर रह गया। हालांकि अज्ञानी समूह के अंदरूनी सूत्रों ने जोर देकर कहा कि एलआईसी ने इस साल जनवरी में कुछ लाभ अर्जित किया था। ये वो वक्त था जब एलआईसी के शेयर की कीमतें 52 सप्ताह के उच्च स्तर के करीब थीं। आपको बता दें कि 17 मई 2022 को शेयर ने 920 रुपये के हाई को टच किया था। हालांकि, बीमा कंपनी ने अभी तक अपने अडानी पोर्टफोलियो में लाभ या हानि की स्थिति के बारे में बयान नहीं दिया है।

### एलआईसी का कितना प्रतिशत तक निवेश

बीएसई को किए गए आखिरी खुलासे में एलआईसी ने बताया था कि उसका सबसे बड़ा निवेश अडानी पोट्र्स में था। इस कंपनी में 9.1% हिस्सेदारी थी। वहीं, अडानी समूह की छह अन्य कंपनियों में इसकी 1.25% से 6.5% तक की हिस्सेदारी थी। पिछले एक महीने में छक्ठ के शेयर की वैल्यू करीब 17 फीसदी टूट चुकी है। 30 जनवरी को छक्ठ ने बताया था कि अडानी समूह में दिसंबर के अंत तक बीमा कंपनी के इक्विटी और ऋण के तहत 35,917 करोड़ रुपये हैं। छक्ठ ने बताया था कि अडानी समूह की सभी कंपनियों में इक्विटी का कुल खरीद वैल्यू 30,127 करोड़ रुपये है और 27 जनवरी, 2023 को इसका मार्केट वैल्यू 56,142 करोड़ रुपये पर था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बीते 23 फरवरी को मार्केट बंद होने तक यह मार्केट वैल्यू घटकर 27000 करोड़ पर आ गया।

संक्षेप

### दो स्थानों पर वाहन दुर्घटना में दो घायल मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के दो अलग अलग स्थानों पर वाहन दुर्घटनाओं में दो घायल हो गए हैं। पुलिस ने दोनों मामलो में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मऊआइमा के ग्राम पिलखुआं निवासी राम अभिलाष पुत्र छोटेलाल का आरोप है कि उसका पुत्र अजय कुमार कंचनपुर से सब्जी लेकर आ रहा था। तभी रास्ते में डीजे वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे अजय कुमार की हालत गंभीर है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने डीजे संचालक सुनील कुमार और सोनू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।उधर ग्राम तौकलपुर थाना देल्हूपुर निवासी बोलोरो चालक हरिकेश यादव पुत्र विजय बहादुर का आरोप है कि वह बोलोरो से प्रयागराज जा रहा था तभी प्रतापगढ़ कि ओर जा रही गिट्टी लदी ट्रक मऊआइमा के ग्राम दुबाही पुलिया के पास गलत दिशा में आ कर उसकी बोलोरो में टक्कर मार दी। जिससे उसका वाहन क्षतिग्रस्त हो गया और बोलोरो चालक हरिकेश को चोटें आयी है। हरिकेश ने मऊआइमा थाने में मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस ट्रक को रामफल इनारी चौकी पर खडी करा ली है।

# विशेष सचिव राजस्व द्वारा तहसील के औचक निरीक्षण से मची खलबली

निरीक्षण

**अधिवक्ता संघ ने विशेष सचिव को सौंपा माँग पत्र**



निरीक्षण के दौरान विशेष सचिव राजस्व

**मेजा।** विशेष सचिव राजस्व विभाग राकेश कुमार ने शनिवार को मेजा तहसील का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने एसडीएम कोर्ट में मुकदमों की स्थिति, अभिलेख और स्टांप वादों की फाइलों के साथ हवालात को भी देखा। साथ ही उन्होंने कार्य में और अधिक सुधार लाने के निर्देश भी दिए। इस दौरान शनिवार को विशेष सचिव राजस्व विभाग राकेश कुमार ने उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाए।

शनिवार को तहसील मेजा का विशेष सचिव ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे पहले तहसील स्थित हवालात को देखा।उसके विषय में जानकारी मांगी तो पता चला कि 2012 के बाद से कोई कैदी हवालात में नहीं आया।उसके बाद उप जिलाधिकारी के चेंबर में बैठकर कोर्ट में चल रहे मुकदमों की स्थिति देखी। उन्होंने धारा 24, 107,116 और 110 जी से जुड़ी फाइलों का निरीक्षण किया। प्रमुख सचिव ने पूछा कि 107,116 के वाद अधिक क्यों बढ़ रहे हैं। इसकी जांच कराई जाए। उन्होंने वादों से संबंधित जानकारी भी प्राप्त की।इसके अलावा विभिन्न विभागों की फाइलों को गहनता से निरीक्षण किया।इस दौरान अधिकारी और कर्मचारियों के पसीने छूट रहे थे।उन्होंने सभी कार्यों को संतोषजनक बताते हुए अभी और सुधार लाने के निर्देश दिए। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष महेंद्र दुबे ने विशेष सचिव को सार्वजनिक तौर पर 3 मांगों जिसमे अधिवक्ताओं के लिए लाइब्रेरी, शौचालय और ग्राम न्यायालय के पीठासीन अधिकारी द्वारा पारित आदेश की सत्य प्रतिलिपि की मांग की।इस दौरान उप जिलाधिकारी मेजा विनोद कुमार पांडेय, तहसीलदार मेजा डॉक्टर विशाल शर्मा सहित तहसील से संबंधित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## ट्रक का टायर फटने से दो लोग घायल

**नैनी।** ओवर ब्रिज के समीप शनिवार की दोपहर ट्रक का टायर फटने से ई रिक्शा चालक समेत दो लोग घायल हो गए। घायलों का स्थानीय चिकित्सक से इलाज कराया गया। नैनी थाना क्षेत्र के पूरा फतेह मोहम्मद मोहल्ला निवासी महमूद और चकदौंदी मोहल्ला निवासी फरीद ई रिक्शा से कहीं जा रहे थे। ओवर ब्रिज के समीप नजदीक से गुजर रहे एक ट्रक का टायर तेज धमका के साथ फट गया, जिससे दोनों घायल हो गया। धमाका इतना तेज था कि वहां सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंचे लोगों ने घायलों इलाज के लिए भेजा।



लोगों की समस्या सुनते एसीपी

### एसीपी थरवई व प्रभारी निरीक्षक की मौजूदगी में समाधान दिवस पर सुनी गई जन समस्याएं

**थरवई।** थरवई थाने में समाधान दिवस पर एसीपी थरवई जंग बहादुर यादव प्रभारी निरीक्षक लोकेन्द्र त्रिपाठी की मौजूदगी में आये हुए फरियादियों की जनसमस्याओ को सुना गया। जिसमें आये हुए फरियादियों के प्रार्थना पत्रो का अवलोकन किया और उन्हे शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। शनिवार को थाना दिवस पर पांच मामले आये हुए थे जिसमें तीन मामलों का मौके निस्तारण कर दिया गया एवं दो मामलों को राजस्व व पुलिस गठित कर निस्तारण हेतु भेजा गया। समाधान दिवस पर मौजूद रहे प्रभारी निरीक्षक लोकेन्द्र त्रिपाठी एसएसआई राजीव कुमार श्रीवास्तव उनिपरीक्षक सोहराब अहमद, बृजेश कुमार यादव आदि अन्य पुलिस कर्मी व राजस्व कर्मी आदि मौजूद रहे।

# अमरूद का पेड़ बना आवागमन में अवरोधक

अवरोध

**प्रधान रेखा देवी मिश्रा ने पत्र लिखकर समस्या से प्रशासन को कराया अवगत, तहसीलदार मेजा से समाधान करने की माँग की**

**दधर्मपुर गाँव के कैलाशीपुर मजरा में चकमार्ग पर अमरूद का पेड़ होने से चारपहिये वाहन का आवागमन अवरूद्ध**



रास्ते में लगा अमरूद का पेड़

**मेजा।** तहसील क्षेत्र के विकास खण्ड उरुवा स्थित धरमपुर गाँव के कैलाशीपुर मजरा में चार पहिये वाहन का आवागमन पूरी तरह ठप है। जिसका कारण चकमार्ग पर अमरूद का पेड़ होना बताया जा रहा है। मौके पर प्रधान ने कई बार प्रयास किया कि चकमार्ग से अमरूद का पेड़ हटा दिया जाये ताकि चारपहिये वाहन का आवगमन बस्ती के अन्दर तक हो सके लेकिन स्थानीय श्याम लाल बिन्द द्वारा रोक लगाने के कारण अबतक उक्त पेड़ को नहीं काटा जा सका है। बता दें कि धरमपुर गांव के कैलाशीपुर मजरा में आवगमन के लिये मुख्यमार्ग संख्या-70, राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है। इसी चकमार्ग पर क्षेत्र पंचायत द्वारा शिवकमलेश बीडीसी के घरतक इण्टरलाकिंग रोड का निर्माण कराया गया है लेकिन बस्ती के अन्दर अभी भी आवागमन की समस्या बनी हुई है। मुख्य समस्या अमरूद के पेड़ को लेकर है जो चकमार्ग के बीचोंबीच स्थित है। इस कारण उक्त सम्पर्क मार्ग पर चारपहिये वाहन का आवागमन पूरीतरह अवरुद्ध है। धरमपुर ग्राम पंचायत की प्रधान रेखा देवी ने बताया कि उक्त मामले में वनविभाग से जानकारी प्राप्त की गयी तो मालूम हुआ कि अमरूद का पेड़ काटा जाना प्रतिबन्धित नहीं है। यदि पेड़ के कारण आवागमन बाधित है तो उसे काटा जा सकता है। प्रधान द्वारा बार बार प्रयास किया गया कि उक्त पेड़ को चकमार्ग से हटाकर लोगों को आवागमन की समस्या से निजात दिलायी जाये लेकिन पेड़ पर स्वामित्व जताने वाले गाँव के ही श्याम लाल बिन्द जो वर्तमान में धरमपुर बीडीसी के पिता भी हैं, अमरूद के पेड़ को किसी भी स्थिति में काटने नहीं दे रहे हैं। उनका आरोप है कि बस्ती में जाने वाले जिस रास्ते का निर्माण प्रधान द्वारा कराया गया है, वह उनकी निजी आबादी की जमीन बना है। लेकिन प्रधान का कहना है कि राजस्व निरीक्षक शुक्लपुर और उनकी टीम द्वारा दो बार पैमाइश करने के पश्चात आपसी सहमति से सम्पर्क मार्ग का निर्माण कराया गया है। अमरूद का पेड़ काटने पर सहमति नहीं बन पा रही है। इसलिये ग्रामीणों की अपील पर प्रधान ने शासन-प्रशासन को पत्र लिखकर समस्या से अवगत कराते हुए तहसीलदार मेजा से समाधान करने की माँग की है।

# फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवक, चार पर एफआईआर दर्ज



रोते बिलखते मृतक के परिजन

**बारा।** यमुनानगर के बारा थाना क्षेत्र में एक युवक का शव फांसी के फंदे पर लटकता हुआ पाया गया। मामले में सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर शव को चीरघर भेजा। इस मामले में मृतक के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने ससुराल पक्ष के चार लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज किया है।

जानकारी के मुताबिक बारा थाना क्षेत्र के असरवई के रहने वाले शिवकरन पुत्र नरेंद्र कुमार की ससुराल क्षेत्र के ही अतरसुइया गांव में है। शिवकरन का विवाह तीन बरस पहले हुआ था। बताया जाता है कि शिवकरन की ससुराल में एक रोज पहले एक वैवाहिक कार्यक्रम था, जिसमें भाग लेने के लिए शिवकरन अपनी ससुराल गया था।

परिजनों का आरोप है कि ससुराल में शिवकरन के साथ मारपीट की गई। इसके बाद देर रात शिवकरन घर लौट आया और अपने कमरे में चला गया। इसके बाद ससुराल पक्ष के लोगों ने भी शिवकरन के बारे में जानकारी ली।शनिवार की सुबह जब शिवकरन के परिजन उसके कमरे में गए तो धन्नी के सहारे उसका शव लटक रहा था। यह देख परिजनों की चीख निकल गई। शोरगुल होने पर आसपास के लोग जमा हो गए।

इस मामले में मृतक पक्ष की तरफ से मिली तहरीर के आधार पर बारा पुलिस ने अवधेश, राममिलन, रत्नेश और एक अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।एसओ बारा अनिल कुमार का कहना है कि शव को चीरघर भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। फिलहाल, मामले में जांच जारी है।

# सेंट्रल जेल नैनी में नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण



उपस्थित लोग

**नैनी।** शनिवार को लायंस क्लब प्रयागराज गौरव द्वारा सेंट्रल जेल नैनी प्रयागराज में कैदियों की नेत्र की जांच करने के बाद लगभग 150 चश्मे का वितरण किया गया। जिसमें महिला और पुरुष दोनों प्रकार के कैदी शामिल थे। क्लब के सदस्य एवं प्रयागराज के वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. संगम लाल विश्वकर्मा तथा उनकी टीम द्वारा नेत्र परीक्षण एवं चश्मे का वितरण तथा रोगियों को नेत्र से संबंधित उचित सलाह दी गई। लायंस क्लब के अध्यक्ष नागेंद्र सिंह इस पुनीत सेवा कार्य की सफलता के लिए क्लब के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया। तथा जेल के अंदर इस सेवा को मूर्त रूप देने में सहयोग करने के लिए जेल सुपरिटेंडेंट शशिकांत सिंह को अंग वस्त्र एवं बुके देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य रूप से डॉ.आर. के. सिंह, संयुक्त निदेशक डॉ. वी. के. मिश्रा, डॉ. संजय तिवारी, हिमांशु गुप्ता, डी.एस. मिश्रा, डॉ. राकेश पासवान, माला मिश्रा, महेश केसरवानी इत्यादि लोग समर्पित रूप से अपनी सहभागिता दी।

# मेजा ऊर्जा निगम के सहभागिता के साथ प्रयागराज में हुआ मंडलीय फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन




क

**मेजा।** पर्यावरण जागरूकता और समग्र विकास को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत, मेजा ऊर्जा निगम ने मंडलीय फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी -2023 के आयोजन के लिए प्रयागराज के जिला प्रशासन के साथ भागीदारी की। यह कार्यक्रम प्रयागराज स्थित चंद्रशेखर आजाद पार्क में 24 से 26 फरवरी, 2023 तक आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम का उद्घाटन 24 फरवरी को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष संजय श्रीनेत द्वारा विजय विश्वास पंत, मंडलीय आयुक्त (प्रयागराज), संजय कुमार खत्री, जिलाधिकारी (प्रयागराज), केदार रंजन पांडु, मुख्य कार्यकारी अधिकारी (मेजा ऊर्जा निगम) और जिला प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के उपस्थिति में किया गया।

कार्यक्रम शहर की एक वार्षिक विशेषता है और राज्य भर के प्रकृति प्रेमियों से उत्साही भागीदारी को आकर्षित करता है। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में भारतीय वायु सेना के बैंड सदस्यों द्वारा संगीतमय प्रस्तुति और लेजर शो का आयोजन भी किया गया।

### विकासखंड में पीएम आवास के पात्र 532 लाभार्थियों में से 436 लाभार्थियों के खाते में पहुंची पहली किस्त

**सहसों।** विकासखंड के 45 ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जांच पड़ताल के पश्चात पात्र 532 लाभार्थियों में से 436 लाभार्थियों के खाते में पहली किस्त जारी कर दी गई। गरीबों को छत मिलने से महिला मुखिया सहित परिवार के सभी लोग गदगद हैं। खंड विकास अधिकारी संजीव रत्न ने बताया कि जांच के उपरांत विकासखंड के सभी गांव में से 532 पात्र लाभार्थी पाए गए जिनमें से 436 लाभार्थियों के खाते में पहली किस्त भेजी जा चुकी है। शेष बचे लाभार्थियों के खाते में जैसे ही पैसा आएगा भेज दिया जाएगा। देवनहरी गांव निवासी विश्वनाथ गुप्ता, मीरा देवी,गुड्डी देवी वर्षों से छत विहीन घर में रह रहे थे।जिसके चलते उन्हें तथा उनके परिजनों को बरसात से लेकर ठंडी गर्मी में भीषण समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। सरकार द्वारा आवास मिल जाने से अब उन्हें छत मिल गई है। जिससे स्वयं तथा उनके परिवार के लोग खुशी व्यक्त करते हुए सरकार का आभार जताया।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनांतर्गत 45 जोड़ों ने लिया फेरे



मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत वैवाहिक बंधन में बंधे जोड़े

**शंकरगढ़।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत आज शंकरगढ़ के गंगा कृष्ण गेस्ट हाउस में 45 जोड़ों ने फेरे लिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख शंकरगढ़ श्रीमती निर्मला देवी उपस्थित रही।

गरीब परिवारों के लिए प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही निशुल्क विवाह योजना के तहत शंकरगढ़ गंगा कृष्ण गेस्ट हाउस में आज 45 जोड़ों ने एक दूसरे के हांथ थामें। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि निर्मला देवी ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार तथा देश की मोदी सरकार गरीबों के उत्थान के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं। इन्हीं में से गरीबों को निःशुल्क विवाह योजना की सौगात दी गई है। यही नहीं इसमें प्रदेश सरकार प्रति जोड़ों के ऊपर 51 हजार रुपए स्वयं खर्च करती है। इसके अलावा गरीबों के लिए आवास, शौचालय के साथ-साथ कई योजना चलाई जा रही हैं। जिससे आज गरीबों का जीवन स्तर काफी सुधार रहा है। उन्होंने कहा देश के मोदी सरकार तथा प्रदेश की योगी सरकार के द्वारा गरीबों को मुफ्त में राशन दिया जा रहा है। जिससे कि कोई भूखा ना रह सके। इस मौके पर कार्यक्रम के संचालक एडीओ समाज कल्याण गुलजार सिंह ने बताया कि कुल 50 जोड़ों का रजिस्ट्रेशन हुआ था। लेकिन किसी कारणवश 5 जोड़े नहीं आए। आज यहां 45 जोड़ो की पूरे हिंदू रीति रिवाज के साथ पुरोहितों के द्वारा शादी कराई गई। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा 1 जोड़ी के लिए 51000 दिया जाता है । जिनमें से 35000 संबंधित के खाते में चला जाता है तथा 10000 का लड़की को विदाई का सामान लिया जाता है तथा 6000 आए हुए परिजनों के भोजन व अन्य की व्यवस्था में खर्च किया जाता है।

सामूहिक विवाह योजना में कुछ अब्यवस्थाए भी देखने को मिली। जैसे तमाम लोगों ने फार्म तो जमा किया था। लेकिन यहां आने पर कहा गया कि आपका नाम नहीं है ।जिसकी वजह से उन्हें वापस जाना पड़ा ।उन्होंने कहा 50 जोड़ों का रजिस्ट्रेशन हुआ था। इसके अलावा जिन लोगों का रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाया था। उन्हें रजिस्टर्ड करके आगामी 8 मार्च को जिले पर होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रम में भेजा जाएगा। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दिलीप चतुर्वेदी जिला मीडिया प्रभारी भाजपा, श्रीमती अनार कली जिला पंचायत सदस्य, राम विलास राय खंड विकास अधिकारी, रामचंद्र सिंह, पुष्पराज सिंह प्रधान संघ अध्यक्ष, गुलाब सिंह, शैलेंद्र सिंह उर्फ बबली, फैजान अहमद, मंगलेश सिंह, सुरेश सिंह, सुशील मिश्र शराफत, विनय केसरवानी, टीपू महाराज आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## दो अलग-अलग गांवों में मारपीट, कई घायल

**मऊआइमा।** मऊआइमा में दो अलग-अलग गांवों में जम कर हुई मार पीट के दौरान कई जख्मी हुए है। पुलिस ने दोनों मामलों में एक दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मऊदोस्तुर निवासनीय गीता देवी पत्नी स्वर्गीय द्वारिका का आरोप है कि उसकी चाची राम कली अपनी जमीन पर शौचालय का निर्माण कर रही थी। जिसपर विरोधी आ कर मार पीट गाली गलौज करने लगे। उसकि पुत्री आरती वीडीओ बनाने लगी तो डंडों से उसको मारे और सीमेंट की चादर तोड़ दिए। गीता देवी ने मऊआइमा थाने में सुरेश, सुगनू, बबलू, राजा, मुखी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। उधर ग्राम बकराबाद निवासी मोहम्मद सलमान पुत्र आशिक अली का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर पडोसी लाठी डंडे लेकर घर में घुस कर मारे पीटे और जान से मारने की धमकी भी दिए। सलमान ने मऊआइमा थाने में शहबाज, शाहिद अली, वसीम, कलीम, इरफान, शमशाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# डब्लूबीएम सड़क में सरकारी धन का दुरुपयोग, राहगीरों को हो रही समस्या

**बनते ही बारिश में बह जाती है सड़क**



अपनी हालत बयां करती सड़क

**लालापुर।** क्षेत्र के तमाम गांवो में डब्लू बी एम कच्ची सड़क आवाजाही के लिए बनाई गई है। अधिकांस सड़क पहली बारिश नही झेल पाई पूरी मिट्टी बहकर सड़क से बाहर बह गई है। सिर्फ गिट्टी बची है। जिस पर चलना मुश्किल होता है। बेलामुण्डी गांव की दो साल पहले क्षेत्र पंचायत की बनाई गई सड़क महेंद्र गौड़ के घर से हरिशंकर तिवारी के घर तक दूरी लगभग 500 मीटर वही कुटी से लेकर रामराज इन्टरकालेज तक 300 मीटर तक बनाई गई थी।लगभग दो वर्ष अंतराल की बनी सड़क पर साइकिल लेकर चलना दूभर है।


गांव को जोड़ने लायक नही होती बी एम डब्लू सड़क, मिट्टी, गिट्टी,उसके ऊपर मोरग बिछाकर बनाई जाती है। बारिश आते ही मिट्टी मोरग बह जाती है सिर्फ गिट्टी रह जाती है। जिसपर ग्रामीणों को चलना मुश्किल हो जाता है।

ग्रामीण रामबिसाल, सुरेश, रबी शंकर भारतीया, संजय धुरिया, हजारी भारतीया, बिक्रम भारतीया ने सरकार से मांग किया है कि बी एम डब्लू सड़क सिर्फ खेत से खेत जोड़ने तक चकरोट पर हितकर है गांव से गांव को जोड़ने वाली या काली सड़क या इंटरलॉकिंग सड़क हितकर है।कच्ची सड़क बनाने से जल्द टूट जाती है जिस पर चलना मुश्किल होता है सिर्फ सरकारी धन का दुरुपयोग होता है।



सिपाही संदीप को सलामी देते डीएम प्रयागराज

# प्रयागराज



**मौसम**

| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 27.00 |
| न्यूनतम : | 15.00 |
| सूर्योदय : | 06.50 |
| सूर्यास्त : | 05.27 |

## आवास की बाट जोह रहे पात्र किया गया अपात्र

**रत्यौरा।** कोरांव तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत बड़ोखर मे एक गरीब अपनी झोपड़ी मैं रहता था। उसे क्या पता था कि बड़ोखर गांव की अजीब कहानी जहां योजनान्तर्गत हमारा नाम है इस बार तो आवास मिलना निश्चित ही है लेकिन निराशा ही मिली। आरोप है कि हमारे गांव के ग्राम प्रधान भी आवास दिलाने में नाकाम दिखे। पीड़ित अनीता देवी पती हरिशंकर ने शिकायत ग्राम विकास अधिकारी से किया और कहां कि मैं ग्राम प्रधान के पास गया था तो उन्होंने कहा आप ग्राम विकास अधिकारी के पास जाएं वही आपको आवास देंगे जबकि हमारा लिस्ट में 624 नम्बर रजिस्ट्रेशन नंबर 140904724 है पीड़ित ने कहा जिसके पास पहले से ही पक्का मकान ट्रैक्टर गाड़ी इत्यादि है उसको आवास दिया जा रहा है फिर हमें क्यों नहीं तभी ग्राम विकास अधिकारी ने कहा की दस हजार रुपए दे दो आपका आवास हम दिलवा देंगे पीड़ित ने कहा हमारे पास पैसे नहीं हैं हम किसी तरह अपना जीवन बसर और बाल बच्चों का भरण पोषण करते हैं हम इतना पैसे कहां से देंगे और उसके बाद मुझे अपात्र कर दिया गया और रिपोर्ट लगा दी गई कि आपके पास पक्का मकान है इसलिए प्रधानमंत्री आवास के पात्र नहीं हैं इस प्रकार से हमारा नाम लिस्ट से कटवा दिया गया इसकी शिकायत मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई 10 दिन बाद रिपोर्ट में पता चला कि आपके पास पक्का मकान है इसलिए आपको अपात्र किया जाता है पीड़ित ने कहा कि हम उच्च अधिकारियों के पास जाएंगे और जांच कर कार्यवाही कराएंगे।

# गम और गुस्से के बीच उमेश पाल का हुआ अंतिम संस्कार

**अंतिम संस्कार**

### तीन डॉक्टरों के पैनल ने किया पोस्टमार्टम, हुई वीडियोग्राफी

**प्रयागराज।** राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल और गनर संदीप निषाद के शवों का शनिवार दिन में पोस्टमार्टम किया गया। तीन डाक्टरों के पैनल ने पोस्टमार्टम किया। घटना की वीडियोग्राफी भी की गई। पोस्टमार्टम के बाद थोड़ी देर के लिए उमेश के शव को धूमनगंज ले जाया गया। इसके बाद दारागंज घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। सिपाही संदीप के शव को घर वाले पैतृक गांव ले गए। अंतिम संस्कार वहीं किया जाएगा। धूमनगंज के सुलेम सराय के रहने वाले उमेश पाल और उनके गनर संदीप निषाद व राघवेंद्र सिंह पर कातिलों ने शुक्रवार को जानलेवा हमला किया था। उमेश और संदीप की मौके पर ही मौत हो गई थी। शनिवार को सुबह से ही पोस्टमार्टम हाउस पर उमेश के समर्थकों और परिजनों की भीड़ लगी थी। पुलिस ने सुबह ही उमेश और संदीप के शरीर के चोटों की गिनती की। उस समय परिजन नहीं थे। परिजनों को पता चला तो वे भड़क गए। एसीपी शाहगंज सत्येंद्र तिवारी ने उन्हें समझाया बुझाया। उनके सामने फिर से चोटों को गिना गया। इसके बाद उमेश और संदीप के शवों को एक्सरे के लिए कालविन अस्पताल ले जाया गया। वहां से तीन बजे के बाद वापस स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल दोनों शवों को लाया गया। यहां तीन डाक्टरों के पैनल ने पोस्टमार्टम किया। वीडियोग्राफी भी कराई गई। यहां से उमेश के शव को धूमनगंज स्थित उनके घर ले जाया गया। वहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। आरएएफ और पीएसी के साथ साथ कई थानों की फोर्स को भी एहतियातन लगाया गया था। कुछ देर बाद उमेश के शव को दारागंज घाट ले जाया गया, जहां गम और गुस्से के बीच अंतिम संस्कार किया गया। उधर गनर संदीप के शव को घर वाले पैतृक गांव आजमगढ़ लेकर चले गए। संदीप का अंतिम संस्कार वहीं होगा।



उमेश पाल के शव को चीरघर से अंतिम संस्कार के लिए ले जाते हुए व नारेबाजी करते समर्थक



दारागंज घाट पर उमेश पाल को मुखाग्नि देते हुए

### समर्थकों ने चीरघर पर मचाया हंगामा, पुलिस प्रशासन के बीच हुई नारेबाजी

पोस्टमार्टम हाउस पर उमेश के समर्थक और परिजन सुबह से ही बड़ी संख्या में जुटे थे। दिन में पहले चोट गिनने में फिर शवों के एक्सरे में जब देर होने लगी तो समर्थक भड़क गए। उन्होंने जमकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्हें समझाने की कोशिश की गई। वे हत्यारों को फांसी की मांग कर रहे थे। मौके पर पहुंची पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा और डीएम संजय खत्री ने उन्हें बताया कि गिरफ्तारी के पूरे प्रयास किया जा रहे हैं। बहुत जल्द ही उन्हें गिरफ्तारी की खबर दी जाएगी। इसके बाद समर्थक माने।

### भागवत कथा में श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह का वर्णन

**जंघई।** गोपालपुर के पूर्व प्रधान अभयराज मिश्र के निवास पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन कथावाचक स्वामी हरिप्रपन्नाचार्य महाराज ने उधव चरित्र, महारासलीला व रुक्मिणी विवाह का वर्णन किया। महाराज ने कहा कि गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण से उन्हें पति रूप में पाने की इच्छा प्रकट की। भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों की इस कामना को पूरी करने का वचन दिया। अपने वचन को पूरा करने के लिए भगवान ने महारास का आयोजन किया। इसके लिए शरद पूर्णिमा की रात को यमुना तट पर गोपियों को मिलने के लिए कहा गया। सभी गोपियां सज-धजकर नियत समय पर यमुना तट पर पहुंच गईं। कृष्ण की बांसुरी की धुन सुनकर सभी गोपियां अपनी सुध-बुध खोकर कृष्ण के पास पहुंच गईं। उन सभी गोपियों के मन में कृष्ण के नजदीक जाने, उनसे प्रेम करने का भाव तो जागा, लेकिन यह पूरी तरह वासना रहित था। इसके बाद भगवान ने रास आरंभ किया। माना जाता है कि वृंदावन स्थित निधिवन ही वह स्थान है, जहां श्रीकृष्ण ने महारास रचाया था। यहां भगवान ने एक अद्भुत लीला दिखाई थी, जितनी गोपियां उतने ही श्रीकृष्ण के प्रतिरूप प्रकट हो गए। सभी गोपियों को उनका कृष्ण मिल गया और दिव्य नृत्य व प्रेमानंद शुरू हुआ। रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुऐ कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सभी राजाओं को हराकर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी को द्वारका में लाकर उनका विधिपूर्वक पाणिग्रहण किया। मौके पर श्रीकृष्ण व रुक्मिणी विवाह की झांकी प्रस्तुत कर विवाह संस्कार की रस्मों को पूरा किया गया। कथा के पश्चात आरती प्रसाद का वितरण किया गया जिसमें मुख्य यजमान इंद्रावती देवी उदयराज मिश्र, सावित्री अभयराज मिश्र, शकुंतला खेमराज मिश्र, सीता देवी श्याम राज मिश्र, सुशीला देवी अवध राज मिश्र, शमला देवी प्रेमराज मिश्र, सविता धर्मराज मिश्र एवं कार्यक्रम संचालकों में अनुज महाराज, अभिषेक शुक्ला, गंगाधर पांडेय, कल्लू पंडित, कुल गुरू अखिलेश त्रिपाठी, कुल पुरोहित जगदंबा प्रसाद शुक्ल, दुर्गा प्रसाद शुक्ल, उदयराज मिश्र एवं बाबा मिश्रा, देवेंद्र दुबे, कामना, सुनिधि, बैदेही आदि लोग मौजूद रहे।

### 47 सेकंड में उमेश पाल की शूटरों ने कर दी थी हत्या, सीसीटीवी फुटेज में सब कुछ हो गया कैद

**प्रयागराज।** राजू पाल हत्याकांड के गवाह उमेश पाल की हत्या का नया सीसीटीवी वीडियो सामने आया है। आधा दर्जन की संख्या में पहुंचने हमलावरों ने उमेश पाल के पहुंचते ही उन पर ताबड़तोड़ गोलियां चलानी शुरू कर दीं। एक हमलावर पास की इलेक्ट्रिक की दुकान पर सामान खरीदने का नाटक कर रहा था। वह दुकानदार से कोई सामान मांग रहा था और दुकानदार उसे सामान दिखा रहा था।इस दौरान पर उमेश पाल अपनी कार से पहुंचे तो वह दुकान से भागकर गोलियां चलाने लगा। यह देख दुकानदार सहित दुकान में बैठे अन्य लोग दहशत में आ गए और डर के चलते शटर को नीचे गिरा दिया। घटना के बाद सड़क पर सन्नाटा छा गया। हमलावर अपनी बाइक को बीच सड़क पर खड़ा करके घटना को अंजाम देने के लिए पहुंचे थे। उमेश पाल की हत्या करने के बाद वह आराम से आए और बाइक स्टार्ट कर भाग खड़े हुए।

## उमेश पाल के घर सांत्वना देने पहुंचीं विधायक पूजा पाल से हाथापाई



पूजा पाल से हाथापाई का दृश्य

**प्रयागराज।** विधायक राजू पाल की हत्या के चश्मदीद गवाह उमेश पाल की शुक्रवार को गोली मारकर हत्या कर दी गई। उमेश के घर सांत्वना देने पहुंचीं राजू पाल की पत्नी और चायल की सपा विधायक पूजा पाल से उमेश पाल के घर की महिलाओं से विवाद हो गया। पूजा पाल और उमेश पाल के घर की महिलाओं के साथ विवाद के बाद हाथापाई की नौबत आ गई। पुलिसकर्मियों और परिवार के अन्य सदस्यों ने किसी तरह बीच बचाव कर मामला शांत कराया।

मौके पर इस बात की चर्चा रही की राजू पाल की हत्या के बाद पूजा पाल का उमेश के घर आना जाना बंद हो गया। पूजा पाल ने आरोप लगाया था कि उमेश पाल अतीक अहमद से मिल गया है इसलिए वह गवाही देने में रुचि नहीं दिखा रहा है। इसको लेकर दोनों के परिवारों में खटास पैदा हो गई थी। उमेश पाल के घर शनिवार को पहुंचीं पूजा पाल से उमेश पाल के घर की महिलाओं से कहा सुनी हो गई।

### विधायक पूजा पाल को सताने लगा डर सीएम योगी से करेंगी मुलाकात

**प्रयागराज।** विधायक राजू पाल हत्याकांड के गवाह उमेश पाल की हत्या के बाद समाजवादी पार्टी की विधायक पूजा पाल भी सहम गई हैं। राजू पाल की पत्नी पूजा पाल ने कहा कि उमेश पाल तो वर्ष 2005 में हुई घटना के गवाह थे, लेकिन मैं तो मुकदमे की वादी हूं। पूजा पाल ने कहा कि वह अपनी सुरक्षा को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ से मिलेंगी।सपा की विधायक होने के बावजूद पूजा ने इस हत्याकांड को लेकर योगी सरकार को निशाने पर नहीं लिया। अलबत्ता इतना जरूर कहा कि सीबीआई कोर्ट में राजू पाल की हत्या के केस का ट्रायल अब अंतिम दौर में है। उमेश पाल की हत्या के बाद उन्हें अब और सुरक्षा की जरूरत है। पूजा के मुताबिक सीबीआई ने भी उन्हें हिदायत दी है कि वह बिना उनकी जानकारी के मूवमेंट न करें। पूजा पाल ने कहा कि राजू पाल मर्डर केस के अन्य गवाहों को भी सुरक्षा दी जानी चाहिए।

# समेकित शिक्षा के अंतर्गत रिसोर्स रूम का उद्घाटन

**उद्घाटन**

### दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा निखारने में एजुकेटर्स की महत्वपूर्ण भूमिका

**प्रयागराज।** उपरोक्त उद्गार लखनऊ से आए राज्य परियोजना कार्यालय समेकित शिक्षा के वरिष्ठ विशेषज्ञ राकेश पांडे ने व्यक्त करते हुए कहा कि यदि स्पेशल एजुकेटर्स एवं अभिभावक बच्चों के साथ पूरी संवेदनशीलता से जुड़ें तो दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा निखारने में मदद मिलेगी।

समेकित शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के लिए जनपद प्रयागराज में पहले रिसोर्स सेंटर का लोकार्पण वरिष्ठ विशेषज्ञ (समेकित शिक्षा) राकेश पांडे एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी के द्वारा फीता काटने के उपरांत दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। दिव्यांग बच्चों के विशेष सहयोग के लिए जनपद प्रयागराज में इस प्रकार के दो केंद्रों की स्थापना होनी प्रस्तावित थी जिसमें से पहला केंद्र कौड़िहार के उच्च प्राथमिक विद्यालय हथिगहां में स्थापित किया गया। इस प्रकार के केंद्र में दिव्यांग बच्चों के शिक्षण एवं शारीरिक अक्षमता में सहयोग के संबंध में सप्ताह के 6 दिन अलग-अलग स्पेशल एजुकेटर उपलब्ध रहेंगे। ये स्पेशल एजुकेटर्स बच्चों की शिक्षा के साथ-साथ फिजियोथेरेपी, एक्युप्रेशर थेरेपी, स्पीच थेरेपी एवं मानसिक मंदता वाले छात्रों का रिहैबिटेशन करने में सहयोग प्रधान करेंगे।

कार्यक्रम के दौरान आंखों से दिव्यांग बच्ची महक ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया जबकि अजय कुमार ने शिक्षा गीत प्रस्तुत कर उपस्थित अभिभावकों एवं शिक्षकों का ध्यान खींचा। कार्यक्रम का संचालन एआरपी प्रभाशंकर शर्मा एवं जय सिंह द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के आरंभ में खंड शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया जबकि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं वरिष्ठ विशेषज्ञ ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने उपस्थित दिव्यांग बच्चों को माला पहनाकर एवं पुष्प देकर प्रोत्साहित किया तथा कहा कि आप सभी अभिभावक अपने बच्चों के प्रति हौसला बनाए रखें तो ये निश्चित ही समाज में अपना बेहतर योगदान देंगे।

कार्यक्रम के दौरान जिला समन्वयक राजीव त्रिपाठी, राधे कृष्ण, कमल कुमारी, अजमल अमीन अंसारी, पूनम चौधरी, श्रद्धा सिन्हा, शशि चोपड़ा, अनुपम के साथ-साथ स्पेशल एजुकेटर आशा यादव, चिंता देवी, नमिता सिंह, राजेश कुमार मिश्र, आशुतोष सिंह, दिलीप तिवारी सहित अनेकों अभिभावक व दिव्यांग छात्र मौजूद रहे।

उच्च प्राथमिक विद्यालय हथिगहां के स्काउट गाइड के बच्चों ने स्वागत बैंड का प्रदर्शन भी किया।





कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकगण

## बिना ट्रैफिक पुलिस के मौजूदगी में उठाई जा रही गाड़ियां

**प्रयागराज।** खुल्दाबाद क्षेत्र के अंतर्गत खुसरू बाग के पास से अनावश्यक रूप से बिना बताए लोगों की मोटरसाइकिल उठाकर थाने में ले जाई जा रही है। अज्ञात व्यक्तियों द्वारा ना ही उसके पास कोई प्रशासनिक आई कार्ड ना ही कोई प्रशासनिक आदमी, बिना ट्रैफिक पुलिस के मौजूद गाड़ियों को उठाकर थाने में ले जाया जा रहा है। आम आदमी को जबरन परेशान किया जा रहा है यह व्यक्ति वहां की वसूली करता हुआ पाया गया। जिसे लोगों ने वीडियो बना कर शेयर किया। आकाश सोनकर का आरोप है कि अपनी ही मोटरसाइकिल मांगने पर पैसों की मांग करता रहा पैसे ना देने पर 300 रु का थाने गाड़ी ले जाकर चालान कटवा दिया।

## संत निरंकारी मिशन द्वारा 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' अभियान का शुभारंभ

**प्रयागराज।** संत निरंकारी मिशन द्वारा आज 26 फरवरी को प्रातः 8 बजे से 12.00 बजे तक संगम क्षेत्र में आजादी के 75वें 'अमृत महोत्सव' के अवसर पर 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' परियोजना के तहत बृहद सफाई अभियान चलाया जाएगा। इस अवसर पर ढाई से तीन हजार की संख्या में स्वयंसेवक भाई-बहन एवं श्रद्धालु भक्त शामिल होंगे।

उक्त जानकारी स्थानी जोनल इंचार्ज अशोक कुमार सचदेव ने देते हुए बताया कि उपरोक्त स्वच्छता अभियान निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के दिशा निर्देशन में संपूर्ण भारत के लगभग 1000 स्थानों के 730 शहरों, 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में विशाल रूप में आयोजित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि इस परियोजना के अभियान में निरंकारी मिशन के करीब डेढ़ लाख स्वयंसेवक अपने सहयोग द्वारा 'जल संरक्षण' और 'जल निकायों' जैसे समुद्र तट, नदियां, झीलें, तालाब, कुएं, पोखर, जोहड़, विभिन्न झरनों, पानी की टंकियों, नालियों और जल धाराओं इत्यादि को स्वच्छ एवं निर्मल बनाएंगे। मिशन की लगभग सभी शाखाएं इस अभियान में शामिल होंगी।



## स्पेशल स्वास्थ्य शिविर में हुआ ग्रामीणों का उपचार



स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक

**प्रयागराज।** ब्लॉक कौन्धियारा ग्राम पंचायत पींडी में शनिवार को स्पेशल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें स्त्री रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, जनरल फिजिशियन डॉक्टर के माध्यम से ग्रामीणों का उपचार किया गया। इस शिविर के दौरान शिविर का उद्घाटन विशिष्ट अतिथि ग्राम मुन्नू लाल ने किया जिन्होंने हमारे प्रयासों की शोभा बढ़ाई और ग्रामीणों ने भी भारी मात्रा मे आकर इस स्पेशल कैम्प में अपना इलाज करवाया। सहयोग के लिए यह स्पेशल कैम्प कार्डिनेटर दीक्षा मैम, प्रोजेक्ट कोडिनेटर अमित सर तथा सीनियर फार्मासिस्ट सुरेंद्र मिश्रा सर की गरिमामयी उपस्थित मे संपन्न हुई।

### सिक्ख/सिंधी समाज ने संत व संगत का पुष्पवर्षा से स्वागत किया

**प्रयागराज।** अमृतवेला ट्रस्ट के भाई गुरप्रीत सिंह रिंकु वीर का प्रयाग की पावन धरती पर प्रथम आगमन के अवसर पर सामूहिक सिक्ख/ सिंधी संगत द्वारा स्वागत, वंदन, अभिनंदन ने नए यमुना ब्रिज पर पुष्पवर्षा से श्रद्धालुओं ने किया। रीवा समागम मे जाते हुए संत ने प्रयाग की संगत को गुरु शब्द की महिमा का वर्णन कर आशीर्वाद दिया। बताते चलें कि भाई गुरप्रीत सिंह के कीर्तन/कथा समागम से युवा पीढ़ी के बीच बेहद लोकप्रिय हैं उनका मिशन गुरु की संगत को गुरु नानक और श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के सार्वभौमिक संदेश के साथ सिमरन और अमृतवेला के महत्व पर विशेष जोर देना है।

स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से सरदार पतविंदर सिंह, चरनजीत सिंह, नवजोत सिंह, सतनाम सिंह, इंद्रजीत सिंह, पीसी अहूजा, तरसेम सिंह, पप्पू भागिया, रितेश कुमार,रिथम भूटानी, कुशग्र, हरमनजी सिंह, दलजीत कौर सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे, युवा-युवती उपस्थित रहे।

# बिशप हार्टमन एकेडमी स्कूल में केजी-डे वार्षिकोत्सव हुआ संपन्न

**वार्षिकोत्सव**

### बच्चों को किसी भी तरह से हतोत्साहित ना करें : विशिष्ट अतिथि एडवर्ड गोवियस

**थरवई।** शनिवार को बिशप हार्टमन एकेडमी स्कूल में छोटे-छोटे नन्हे - मुन्ने - बच्चों द्वारा बड़े ही भव्य तरीके से केजी - डे वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रेवरेन फादर यूजिन मस्करेहनस ( डीन ऑफ आरसीडीसी इलाहाबाद जोन) विशिष्ट अतिथि रेवरेन फादर एडवर्ड गोवियस ( पूर्व प्रधानाचार्य बिशप हार्टमन एकेडमी ) वर्तमान प्रिंसिपल रेवरेन फादर विलियम स्टेनली मथायस व अभिभावकों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि विशिष्ट व अतिथि को विद्यालय की और से प्रतीक चिन्ह साथ ही पुष्पगुच्छ देकर उन्हें सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि रेवरेन फादर यूजिन मस्करेहनस ने अपने संबोधन में बतलाया कि आज के बच्चे देश के भविष्य हैं इस विद्यालय परिसर में पहली बार नर्सरी के बच्चों का वार्षिकोत्सव मनाया जा रहा है ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कमी नहीं है नन्हे - मुन्ने बच्चों को जब अभिभावक विद्यालय भेजना शुरू करते हैं तब विद्यालय के शिक्षकों को बच्चों के चलने, बोलने लिखने - पढ़ने को सिखलाया जाता है, शिक्षा संस्कार विद्यालय से ही मिलते हैं उनको इस दौरान शिक्षक शिक्षिकाओं और कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है बच्चे खुशियों का खजाना होते हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि नन्हे-मुन्ने बच्चों को जंक फूड से दूर रखें और इन्हें स्वास्थ्यवर्धक पदार्थों के सेवन की आदत डालें। बच्चे ही देश के भविष्य हैं। यह केजी - डे जिसमें क्लास नर्सरी व एलकेजी यूकेजी के बच्चों ने कार्यक्रम में प्रतिभाग कर भाग लिया।

मुख्य अतिथि फादर यूजिन मस्करेहनस ने कहा अभिभावकों को चाहिए कि बच्चों का उत्साहवर्धन निरंतर करते रहें, भारत बहुत तेजी से निरंतर आगे हर दिशा में बढ़ रहा है ग्रामीण अंचल के बच्चों में तरह-तरह के हुनर हैं चाहे डांस प्रतियोगिता संगीत प्रतियोगिता खेलकूद पढ़ाई लिखाई में अपना परचम लहरा रहे हैं और पूरे आत्मविश्वास के साथ बच्चों की शिक्षा पर अभिभावकों को ध्यान देने की जरूरत है संस्कार युक्त शिक्षा पर भी बल दिया गया।

इस कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अंग्रेजी में स्वागत गीत व विभिन्न प्रकार के नाटक, जीवन में जल की उपयोगिता के साथ ही जल संरक्षण, सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से लोगों में यह संदेश दिया। साथ ही बताया गया सभी अभिभावकों से अपील भी किया की बच्चों को किसी भी तरह से हतोत्साहित ना करें बल्कि उनका गौरव बढ़ाएं क्यूंकि बच्चे ही देश का भविष्य है आज बच्चे देश का गौरव हैं चाहे वह शिक्षा का क्षेत्र, संगीत का क्षेत्र व खेल बच्चे प्रतिभाग कर रहे हैं जो अपनी प्रतिभाएं दिखा रहे हैं। मौके पर उपस्थित सभी टीचर की सराहना भी की।

कार्यक्रम में बच्चों ने अंग्रेजी भाषा के माध्यम से कार्यक्रम का संचालन करते हुए अपनी प्रतिभा बिखेरते दिखे। उपस्थित लोगों ने बच्चों की प्रस्तुति पर भूरी भूरी प्रशंसा की। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर विलियम स्टेनली मथायस व सिस्टर ग्रेशमा, एलेक्स कोलिस व विद्यालय की शिक्षिकाएं सहित बड़ी संख्या गणमान्य लोग अभिभावक मौजूद रहे साथ ही बच्चों का उनका उत्साहवर्धन बढ़ाते रहें।





कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे

## संक्षेप

### शराब कारोबारी समेत सात पर गैंगस्टर

**कौशाम्बी।** सैनी थाने की पुलिस ने शराब कारोबारी समेत सात लोगों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार, धुमाई निवासी हेमराज उर्फ राजबाबू गैंग बनाकर शराब बेचता है। पुलिस ने गैंग लीडर हेमराज के साथ राहुल, आकाश, हरिश्चंद्र, विवेक, धर्म निवासी धुमाई व शिव प्रसाद खरका पर गैंगस्टर की कार्रवाई की है।

### युवक ने किशोरी से किया दुराचार का प्रयास

**कौशाम्बी।** सैनी थाना क्षेत्र में शुक्रवार की शाम पड़ोसी युवक ने मोहल्ले की किशोरी के साथ दुराचार का प्रयास किया। शाम को किशोरी घर में अकेली थी। किशोरी के शोर मचाने पर आरोपित युवक धमकी देते हुए भाग निकला। देर शाम घर लौटे परिजनों को पीड़िता ने आपबीती बताई तो परिवार के लोग अवाक रह गए। आरोपित के घर उलाहना देने के बाद पीड़िता की मां थाने पहुंची और मामले की नामजद तहरीर दी। पीड़िता के मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ छेड़खानी व मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### युवक लापता, गुमशुदगी दर्ज

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के कादिलपुर गांव निवासी राजभर यादव ने बताया कि उनका चचेरा भाई सूरज यादव पुत्र मुंशी लाल यादव 13 फरवरी को सुबह करीब नौ बजे चैराहा स्थित एक गेस्ट हाउस में काम करने के लिए गया था। इसी दौरान वह संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। देर रात तक घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने गेस्ट हाउस में पता लगाया। इसके बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा। परिजनों ने थाने जाकर तहरीर दी। कार्रवाई न होने पर मामले की शिकायत एसपी से की। एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के आदेश पर पिपरी पुलिस शनिवार को गुमशुदगी दर्ज कर ली है।

# उमेश पाल हत्याकाण्ड : रात भर जागी खाकी, चप्पे-चप्पे पर रही निगरानी


मातहतों के साथ मौजूद एसपी


उमेशपाल हत्याकांड के बाद वाहनों की तलाशी लेती पुलिस

**निगरानी**

**हत्याकांड के बाद पुलिस ने सील किया जनपद की सीमा**

**विशेष दस्ते के साथ वाहनों की ली गई सघन तलाशी**

**कौशाम्बी।** प्रयागराज के चर्चित राजूपाल हत्याकांड के बाद वारदात के मुख्य गवाह रहे उमेश पाल की शुक्रवार को बेरहमी से हत्या कर दी गई। इसे लेकर कौशाम्बी पुलिस भी चैकन्ना हो गई है। एसपी के निर्देश पर रात को ही जिले की सीमाओं को सील कर दिया गया था। पुलिस विभाग के विशेष दस्ते ने मार्ग से गुजरने वाले वाहनों की सघन तालाशी ली। हालांकि इस दौरान कोई भी संदिग्ध गतिविधियां नहीं मिली।

25 जनवरी 2005 को प्रयागराज में बसपा से विधायक रहे राजू पाल को शूटरों ने गोलियों से भून डाला था। इस मामले में माफिया अतीक अहमद का नाम सामने आया। प्रदेश की भाजपा सरकार ने माफिया अतीक के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्यवाई की। अतीक उसका भाई अशरफ व बेटा मौजूदा समय जेल में है। माफिया की करोडों रुपये की सम्पत्ति पर बुल्डोजर चला। इसे लेकर माफिया राज का प्रयागराज से लगभग खात्मा होना तय माना जा रहा था। अब राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह रहे उमेश पाल की गोलियों से छलनी कर हत्या कर दी गई। उमेश का गनर भी घटना में मारा गया। ऐसे में लोगों के जेहन पर वर्ष 2005 में हुई घटना तरोताजा हो गई। प्रयागराज का सीमावर्ती जिला होने के कारण कौशाम्बी में भी किसी तरह का बवाल या अपराधियों के पनाह लेने की खुफिया सूचना मिलन के बाद पुलिस चैकन्ना हुई। एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव सहित कई थानों की फोर्स ने प्रयागराज बार्डर पर बैरीकेडिंग कर सघन तलाशी कराई। अन्य थाना क्षेत्रों में भी वाहनों को चेक करने के बाद ही गंतब्य तक भेजा गया। यह चैकसी बृहस्पतिवार को भी देखने को मिली । जिले भर की फोर्स सडक पर पर मौजूद रहकर वाहनों को चेक करती रही। एसपी ने बताया कि जिले में फिलहाल ऐसी कोई संदिग्ध गतिविधि नजर नहीं आई। सुरक्षा के मददेनजर वाहनों की सघन तलाशी कराई गई थी।

## रिश्तेदारी में आए दंपती को पीटा, जख्मी

**कौशाम्बी।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के गोविंदपुर गांव में रिश्तेदारी में आए दंपती को गांव के ही युवकों ने कहासुनी के बाद सरेराह पीट दिया। दंपती के साथ मारपीट देख मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। देर शाम पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्रयागराज के धूमनगंज का सूरज यादव शुक्रवार को पत्नी के साथ रिश्तेदारी कड़ाधाम थाना क्षेत्र के गोविंदपुर गांव आया था। देर शाम पत्नी के साथ वह घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में गौरा गांव के पंकज यादव से विवाद हो गया। कहासुनी के बाद आरोपित ने साथियों के साथ मिल दंपती को सरेराह पीट दिया। दंपती के साथ मारपीट देख आस-पास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। इसके बाद थाने पहुंच पीड़ित ने मामले की शिकायत की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित पंकज, वीरेंद्र व दुर्गेश निवासी गौरा के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## देवर ने भाभी को पीटा

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के समसपुर गांव में शनिवार सुबह देवर ने कुनबे संग मिलकर भाभी की पिटाई कर दी। इससे महिला को काफी चोटें आईं। महिला ने थाने जाकर घटना की तहरीर दी।

समसपुर गांव की नीशमती ने बताया कि उसका पति शीलू दिव्यांग है। वह मजदूरी कर करती है। शनिवार सुबह वह पति को खाना दे रही थी। इसी दौरान उसका देवर अपनी मां और भाभी के साथ वहां पहुंचा और गाली गलौज कर घर से भगाने लगा। विरोध करने पर देवर ने परिजनों के साथ मिलकर भाभी को पीट दिया। महिला ने थाने में घटना की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## तीनों तहसीलों में बनेगा आधुनिक रिकॉर्ड रूम

**कौशाम्बी।** तहसीलों के अभिलेखों के रख-रखाव के लिए जिले की तीनों तहसीलों में मॉडर्न रिकॉर्ड रूम बनाया जाएगा। इसका खाका तैयार करने की कवायद तेज हो गई है। तहसीलों के दस्तावेजों को डिजिटाइज करने के लिए मॉडर्न रिकॉर्ड रूम बनाया जाएगा। जहां पर अलग-अलग अनुभाग बनाए जाएंगे। आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद ने डीएम को पत्र भेज मॉडर्न रिकॉर्ड रूम का मसौदा तैयार करने का फरमान जारी किया है।

भारत सरकार के डिजिटल इंडिया लैंड रिकाड्र्स माडनाइजेशरन कार्यक्रम के तहत कौशाम्बी की चायल, मंझनपुर व सिराथू तहसील को जल्द मॉडर्न रिकॉर्ड रूम की सौगात मिलेगी। अभिलेखों के सुरक्षित भौतिक संग्रहण के लिए मॉडर्न रिकॉर्ड रूम कांपैक्टर की स्थापना की जाएगी। तहसील के अभिलेखों को स्कैन कर मॉडर्न रिकॉर्ड रूम में रखा जाएगा ताकि अभिलेख खराब न हो और आजीवन सुरक्षित रह सकें। पब्लिक को नकल लेने में जहां सहूलियत मिलेगी, वहीं निगरानी भी चुस्त दुरुस्त हो जाएगी। इसके लिए आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद ने जिलाधिकारी को पत्र भेज मसौदा तैयार करने का फरमान जारी कर दिया है। शासन का फरमान आने के बाद जिला प्रशासन ने मॉडर्न रिकॉर्ड रूम के निर्माण की कवायद तेज कर दी है।

# सांसद की जनसुनवाई में उमड़ा फरियादियों का सैलाब, 55 ने मांगा इंसाफ

**कौशाम्बी।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री व कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर ने शनिवार को विकास भवन स्थित अपने संसदीय कार्यालय सरसहाल में जनसुनवाई की। इस दौरान लगभग 95 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें लगभग 11 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को दूरभाष के जरिये व मौके पर बुलाकर किया गया तथा शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को पत्र के माध्यम से अबिलम्ब कार्यवाही कर अवगत कराने को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान विकास खण्ड सिराथू के ग्राम घना का पुरवा की अंजनी देवी ने पत्र देकर बताया कि अराजी संख्या 137 मे बैनामा कराया है। विक्रेता सगीर अहमद की मृत्यु हो चुकी है। विक्रेता के पुत्रों द्वारा प्रार्थिनी को मकान बनाने नही दिया जा रहे है। उक्त मामले को गम्भीरता से लेते हुये उपजिलाधिकारी मंझनपुर को मामले की निष्पक्ष जॉच कराकर आवश्यक कार्यवाही करने को निर्देशित किये। विकास खण्ड सरसवां के गुड्डू तिवारी ने प्रार्थना पत्र देकर अराजी संख्या 114 पर खेल का मैदान बनाने की मॉग किया। जिस पर कौशाम्बी संसाद विनोद सोनकर उपजिलाधिकरी मंझनपुर को पत्र के माध्यम से खेल का मैदान बनाने हेतु नियमानुसार कार्यवाही करने को निर्देशित किये। विकास खण्ड मूरतगंज लोहरा गॉव की प्रतिभा देवी ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि मूरतगंज स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी सुनील कुमार सिंह से मिली। रिक्त आशा के पद पर रखने के लिये 40000 हजार रुपए की मांग कर रहे हैं। उक्त मामले को संज्ञान मे लेते हुये सांसद विनोद सोनकर ने मुख्य चिकित्साधिकारी कौशाम्बी को मामले की निष्पक्ष जॉच कराकर दोषी के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही कर अवगत करायें। इसी तरह ग्राम अगियौना के मुन्ना लाल पुत्र छत्रपाल, राम आसरे पुत्र राम लाल, रानू, ग्राम मोहिउद्दीनपुर बेला के सोनू पुत्र गौकरन, ग्राम पवैया गुवारा के हरीकृष्ण पुत्र राजाराम, रक्सवारा के शिवकुमार पुत्र तेजई, ग्राम पारा हसनपुर की रीता देवी पत्नी सुलेन्द्र कुमार, रामपुर सुहेला की सरफराज बेगम पत्नी सरफराज खान, ग्राम मलाक नगर चायल की अराधना देवी आदि दर्जनों लोगों ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उपरोक्त शिकायत कर्ताओं के पास जर्जर व कच्चे मकान मे रह रहें है, जो पूर्ण रूप से पात्र है लेकिन अभी तक प्रधानमंत्री आवास नही दिया गया है। इस पर कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर ने मुख्य विकास अधिकारी कौशाम्बी को पात्रता की निष्पक्ष जॉच कराकर प्रधानमंत्री आवास दिलाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही कर अवगत कराने को कहे। जनसुनवाई के दौरान डा. गुलाब कुशवाहा, प्रेम चैधरी, शिवाकन्त, भूपेन्द्र सिंह, महेश लोधी, रानू विश्वकर्मा, जज कुमार सोनकर, मीडिया प्रभारी राजेन्द्र पाण्डेय आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहें।


जनसुनवाई करते सांसद विनोद सोनकर

## भक्ति से मनुष्य को मिलती है मुक्ति : बटुक महाराज

**कौशाम्बी।** अघोरी बाबा आश्रम कैमा धमावा में चल रही नौ दिवसीय श्रीरामकथा के दूसरे दिन चित्रकूट धाम से पधारे श्रीराम कथावाचक बटुक महाराज ने कहा कि भक्ति से मनुष्य को मुक्ति मिलती है। आगे कहा कि भक्ति से मनुष्य का जीवन सार्थक और पवित्र होता है। मनुष्य सन्मार्ग और सद्गति को प्राप्त होता है। इस अवसर पर बटुक जी महराज ने कहा कि श्रीरामकथा के श्रवण करने से मनुष्य के पाप कट जाते हैं और मनुष्य परमगति को प्राप्त होता है। कहा कि रामकथा ताकर दृढ़ नावा...

इस अवसर पर श्रीराम महायज्ञ का कार्यक्रम भी आयोजित हुआ जिसमे अंतर्जनपदीय यज्ञाचार्य ने लोक मंगल एवं जनकल्याण की भावना से यज्ञ कार्य संपन्न किया।अघोरी बाबा आश्रम के महंत त्यागी जी महाराज के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के कई गांव के लोग बड़े ही उत्साह के साथ श्रीराम कथा का श्रवण कर रहे हैं एवं श्रीराम महायज्ञ में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रमुख से शिवदास जी महाराज, सेवादास जी महाराज, मनोहर दास जी महाराज, ओंकार दास जी महाराज, अजय सोनी, प्रेम सिंह पटेल प्रधान, रवि सिंह, राधे साहू, सचिन सिंह, जीवन सिंह, आनंद कुमार आदि मौजूद रहे।


कार्यक्रम में मौजूद लोग

### सास पर लगाए गंभीर आरोप

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के कसेंदा गांव की मनीता ने बताया कि उसकी सास उसे घर में नहीं रहने देती। वह मायके से बाइक लाने की मांग करती है। आरोप है कि मनीता पर चोरी का भी झूठा आरोप लगाती है। शनिवार को महिला ने थाने में आरोपित सास के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### दो पशु तस्कर गिरफ्तार, भेजा जेल

**कौशाम्बी।** कड़ाधाम थाना क्षेत्र के अंबाई बुजुर्ग गांव के समीप गोवध करने वाले दो तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए आरोपित मोहम्मद सलीम व अब्बास निवासी अंबाई बुजुर्ग हैं। पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए दोनों आरोपितों को जेल भेज दिया है।

### पड़ोसियों ने अधेड़ से की मारपीट

**कौशाम्बी।** सैनी थाना क्षेत्र के चंदेलन का पुरवा गनपा निवासी श्रीनाथ पटेल का पड़ोसी से पुराना विवाद चल रहा है। दोनों के बीच विवाद हो गया। तीखी झड़प के बाद आरोपित पड़ोसी ने परिजनों के साथ मिल अधेड़ को पीट दिया। ग्रामीणों के बीच-बचाव करने पर आरोपित धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मोटराइज्ड ट्राईस्किल से लाभान्वित हुए 60 दिब्यांगजन

**लाभ**

**विकास भवन में हुआ कार्यक्रम, सांसद ने जाना दिब्यांगजनों का हाल**

**कौशाम्बी।** विकास भवन परिसर में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में 60 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राईस्किल का वितरण किया गया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विनोद सोनकर ने अपने हांथों से मोटराइज्ड ट्राइस्किल की चाभी देकर दिब्यांगजनों का हाल भी जाना।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद श्री सोनकर ने कहा कि 60 दिव्यागजनां को मोटराइज्ड ट्राई साईकिल वितरित किया गया है। उन्होंने शेष रह गये जनपद के दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राई साईकिल के साथ ही अन्य सभी दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग सहायक उपकरणों से लाभान्वित कराये जाने के लिए जनपद में ब्लॉकवार कैम्प का आयोजन कराने के निर्देश दियें। उन्हांने कहा कि दिव्यांगजनों को आगामी 07, 08 एवं 09 अप्रैल को आयोजित होने वाली कौशाम्बी महोत्सव में भी कृत्रिम अंग सहायक उपकरण से लाभान्वित किया जायेंगा। उन्होंने कहा कि सभी पात्र दिव्यांगजनों को प्रधानमंत्री आवास योजना से भी लाभान्वित किया जायेंगा तथा केंद्र व प्रदेश सरकार की मंशा है कि दिव्यांगजनों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए अधिक से अधिक जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाय।

जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अभिषेक उपाध्याय ने बताया कि मोटराइज्ड ट्राई साईकिल के लिए कुल 180 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए थे, बजट की उपलब्धता के अनुसार कुल 60 मोटराइज्ड ट्राई साईकिल का वितरण सासंद द्वारा किया जा रहा है। रहें।


मोटराइज्ड ट्राइस्किल से लाभान्वित दिब्यांगजन

## डीजे बजाने से मना करने पर कुनबे को पीटा

**कौशाम्बी।** कोतवाली क्षेत्र के मलकिया गांव में डीजे बजाने से मना करने पर युवकों ने पड़ोसी ने घर में घुसकर तोड़फोड़ कर कुनबे को पीट दिया। पुलिस ने घायलों का प्राथमिक उपचार कराने के बाद तहरीर लेकर पांच आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मलकिया निवासी देवा अग्रहरि ने बताया कि पड़ोसी नीरज तेज आवाज में डीजे बजा रहा था। इस पर उसने कम आवाज में डीजे बजाने को कहा तो वह आग बबूला हो गया। इसके बाद साथियों साथ मिल उसके घर में घुसकर तोड़फोड़ करते हुए कुनबे को पीट दिया। ग्रामीणों ने बीच-बचाव करते हुए मामला शांत कराया। सूचना पर गांव पहंची पुलिस ने घायलों का प्राथमिक उपचार कराने के बाद पीड़ित की तहरीर पर आरोपित नीरज कैलाश, रामचंद्र समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### युवती से किया दुराचार, केस दर्ज

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती ने प्रेमी पर दुराचार का आरोप लगाया है। कोखराज थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती के पड़ोसी युवक से प्रेम संबंध हो गए। आरोप है कि इसके बाद युवती के साथ युवक मनमानी करने लगा। विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। युवती ने आपबीती परिजनों को बताई। पीड़िता के मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने पीड़ित युवती को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है।

## विद्युत विभाग का छापा, बीस घरों की बत्ती गुल

**दारानगर, कौशाम्बी।** विद्युत उपकेंद्र कमालपुर के अंतर्गत देवीगंज कस्बे में शनिवार को विद्युत विभाग की टीम ने विजिलेंस टीम के साथ सघन छापामार अभियान चलाया। इस दौरान एसडीओ देवेंद्र प्रताप की अगुवाई में चलाए गए अभियान के दौरान कस्बावासियों में हड़कम्प मचा रहा। अभियान के दौरान करीब 20 लोगों के कनेक्शन घरेलू से कामर्शियल किया गया, वहीं दस हजार के ऊपर के 15 बकाएदारों के घरों की बत्ती गुल की गयी। विजिलेंस विभाग द्वारा आधा दर्जन के करीब लोगों के खिलाफ विद्युत चोरी का अभियोग भी पंजीकृत कराया गया। उपकेंद्र के अवर अभियंता राजेन्द्र कुमार ने बकाएदारों को जल्द से जल्द अपना बकाया बिल जमा कर- के विद्युत प्रयोग करने की बात कही साथ ही विद्युत चोरी करने पर सख्त से सख्त कार्रवाई किये जाने का अल्टीमेटम भी दिया।

# सरकार की उपलब्धियों, नीतियों से सम्बन्धित लगायी गई प्रदर्शनी

## केन्द्र व प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए संकल्पित है : सांसद

**कौशाम्बी।** मुख्यालय स्थित डायट मैदान में शनिवार को सूचना विभाग द्वारा प्रदेश सरकार की उपलब्धियों, नीतियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से सम्बन्धित लगायी गई विकास प्रदर्शनी का सांसद विनोद सोनकर ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। वहीं प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए संकल्पित है। यह प्रदर्शनी तीन दिवसीय लगायी गई है, जो आगामी 27 फरवरी तक तक लगी रहेंगी।

विकास प्रदर्शनी के माध्यम से वर्तमान प्रदेश सरकार द्वारा अब तक किये गये विकास कार्यों एवं उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया। उत्तर प्रदेश में पॉवर फॉर ऑल के तहत प्रदेश में 1.55 करोड़ घरों को बिजली कनेक्शन एवं उज्ज्वला योजना के तहत 1.4 करोड़ परिवारों को मुक्त गैस कनेक्शन। प्रधानमंत्री स्वामित्व योजनान्तर्गत 35 लाख लाभार्थियों को घरौनी वितरित व प्रधानमंत्री जन-धन योजना के तहत 8.04 करेड़ लोगों के बैंक खाते खुले एवं मनरेगा के अन्तर्गत 163 करोड़ मानव दिवस सृजित। स्वच्छ भारत मिशन के तहत 2.61 करोड़ शौचालयों का निर्माण, 10 करोड़ से अधिक लोग लाभान्वित एवं 189 निकायों में 1100 पिंक टॉयलेट का निर्माण व सभी स्थानीय निकाय ओडीएफ घोषित। देश में सर्वाधिक 05 इंटरनेशनल एयरपोर्ट। सर्वाधिक शहरों में मेट्रो नेटवर्क-05 शहरों में संचालित व 05 शहरों में निमार्णाधीन। प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना के तहत 52.55 लाख मातायें लाभान्वित, 58000 बीसी सखी के चयन का निर्णय एवं 10 लाख स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से एक करोड़ महिलाओं को रोजगार। प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत 45.50 लाख से अधिक परिवारों को आवास एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत 1.08 लाख आवासों का निर्माण तथा मुसहर, वनटागियां एवं कुष्ठ रोगियों के परिवारों को मुक्त आवास। एक जनपद-एक मेडिकल कॉलेज के तहत 65 मेडिकल कॉलेज संचालित, 22 निमार्णाधीन व गोरखपुर एवं रायबरेली में एम्स का संचालन तथा लखनऊ में अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय का निर्माण। किसानां के बैंक खातों में सीधा भुगतान- क्रय केन्द्रों पर बिचैलियां की भूमिका समाप्त, किसानों को एमएसपी का सीधा लाभ, डीवीटी के माध्यम से भुगतान एवं 27 नवीन मण्डी स्थलों का निर्माण। गरीब कल्याण को समर्पित डबल इंजन की सरकार-15 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन एवं अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को 01 जनवरी से एक वर्ष के लिए निःशुल्क खाद्यान। रोजगार के अवसर अपार, डबल इंजन की सरकार, 5.50 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी तथा 3.50 लाख युवाओं को संविदा पर नौकरी आदि विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से सम्बन्धित प्रदर्शनी लगायी गयी। इस अवसर पर उपाध्यक्ष, डिस्टिक कोऑपरेटिव फेडरेशन भूपेंद्र सिंह एवं प्रेम चैधरी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।


प्रदर्शनी का अवलोकन करते सांसद विनोद सोनकर

## संक्षेप

### अप्रेंटिस मेले का आयोजन 28 को, चुनकर कंपनियां देंगी नौकरी

**प्रतापगढ़।** आईटीआई के प्रधानाचार्य बीबी सिंह ने बताया कि 28 फरवरी को नगर के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में अप्रेंटिस मेले का आयोजन किया गया है। जिसमें लावा इण्टर नेशनल लिमिटेड नोएडा, सुब्रोस लिमिटेड नोएडा, यू0टी0एल0 सोलर नोएडा शामिल होंगी। मेले में 18 से 25 वर्ष के आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थी अप्रेंटिस मेले में अपनी किस्मत आजमाएंगे। कंपनियों द्वारा सफल अभ्यर्थियों को नॉन आईटीआई एवं आईटीआई से उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को प्रतिमाह 10 हजार रुपए से 14 हजार रुपए योग्यता व साक्षात्कार के अनुसार तक दिया जाएगा। ट्रेड इलेक्ट्रीशियन, फिटर, वेल्डर, मशीनिष्ट, टर्नर एवं सभी इंजीनियरिंग ट्रेड उत्तीर्ण इच्छुक अभ्यर्थी 28 फरवरी को सुबह 10 बजे अपने समस्त मूल प्रपत्र के साथ उपस्थित हो सकते हैं। प्रधानाचार्य ने बताया कि अधिक जानकारी के लिये प्लेसमेन्ट प्रभारी अधिकारी उर्मिला पाल से सम्पर्क कर सकते हैं।

# बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में एक की मौत, तीन घायल


मृतक की फाइल फोटो


हादसे में घायल लोग

**प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र के चैबरियनकपुरवा बिहार के पास शनिवार को दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई। जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बाघराय थाना क्षेत्र के हरबसपुर टेकीपट्टी गांव निवासी पवनकुमार मिश्र 18 पुत्र संजय कुमार बाइक से बिहार बाजार आया था। लौटते समय लालगोपालगंज की ओर से आ रहे बाइक सवार की आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें पवन मिश्रा पुत्र संजय कुमार निवासी हरबसपुर टेकीपट्टी बाघराय व दूसरे बाइक सवार अरविंद 25 पुत्र छेदीलाल गांव साहूकचरही बाघराय व अमन 20 पुत्र अमरेश पटेल निवासी कन्हैया नगर बारौ व शनि 25 पुत्र सैतू निवासी पीपलगांव प्रयागराज गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष बाघराय त्रिलोकीनाथ पांडे ने सभी घायलों को एम्बुलेंस द्वारा सीएचसी बाघराय भेजवाया जहां डॉक्टरों ने प्रारंभिक इलाज के बाद पवन मिश्रा निवासी हरबसपुर टेकीपट्टी को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल अरविंद, शनि व अमन को इलाज के बाद यसआरयन प्रयागराज रेफर कर दिया।

### वीएल और वीपी ट्रेन 28 मार्च तक कैंसिल

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ से सुबह पांच बजे वाली वीपी पैसेंजर और शाम को साढ़े चार बजे बनारस जाने वाली वीएल पैसेंजर ट्रेन को अब 28 मार्च तक के लिए रद्द कर दिया गया है। इसके पहले 28 फरवरी तक दोनों का निरस्तीकरण किया गया था। जिसे बढ़ाकर अब 28 मार्च कर दिया गया है। पैसेंजर ट्रेनों के सहारे बनारस जाने और आने वाले मुसाफिरों के लिए यह अच्छी खबर नहीं है। प्रतापगढ़ से डेली बनारस जाने वाली दो पैसेंजर गाड़ियां वाराणसी-लखनऊ और वनारस-प्रतापगढ़ को कोहरे की वजह बताकर 1 जनवरी से 28 फरवरी तक रद्द किया गया था। कुछ ही दिनों बाद दोनो ट्रेनों का संचालन शुरू हो जाएगा। यह सोचकर राहत की सांस लेने वाले मुसाफिरों के लिए फिर से सफर की समस्या आ गई हैं। वे इन्हीं दोनो ट्रेनों के चलने का वे इंतजार कर रहे थे उसके निरस्तीकरण की सूचना आ गई है। एसएस के अनुसार वीपी और वीएल पैसेंजर ट्रेन को 28 मार्च तक के लिए रद्द कर दिया गया है। बनारस यार्ड में ट्रैक का काम होना हैं। इस वजह से ऐसा किया गया है।

# किशोर ने फांसी लगाकर दी जान, घर में कोहराम


मृतक मोनू वर्मा

**प्रतापगढ़।** लीलापुर थाना क्षेत्र के रामपुर भेड़ियानी गांव में शनिवार की सुबह एक किशोर का शव घर के अंदर फांसी के फंदे से झूलता देख परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी होने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। परिजनों ने मृतक को मनोरोगी बताया है। जेठवारा थाना के खटवारा सरैंया गांव निवासी जगत वर्मा विवाह के बाद से अपनी ससुराल रामपुर भेड़ियानी में परिवार के साथ रह रहा है। उसका छोटा पुत्र मोनू वर्मा काफी समय से मानसिक रूप से विक्षिप्त था। परिजनों के अनुसार बीती शुक्रवार की रात खाना खाने के बाद वह कमरे में जाकर सो गया। शनिवार की सुबह काफी देर तक मोनू कमरे से बाहर नही निकला तो घर के लोग कमरे मे पहुंचे। मोनू को फांसी के फंदे से झूलता देख लोग आवाक रह गये। परिजनों ने पुलिस को बिना सूचना दिये ही फांसी के फंदे पर झूल रहे शव को नीचे उतारा और अंतिम संस्कार की तैयारी करने लगे। इसी बीच किसी ग्रामीण की सूचना पर लीलापुर पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर उसे पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। थानाध्यक्ष सुभाष यादव का कहना है कि मृतक की मां शिवकली ने दी गई तहरीर में मृतक मोनू को मनोरोगी बताते हुए उसके द्वारा आत्महत्या किये जाने की बात कही है। पीएम रिर्पोट आने पर मौत के सही कारणों की जानकारी हो सकेगी।

# भाजपा सांसद ने केन्द्रीय बजट का किया बखान

### कहा पहले विशेष परिवार व चुनिन्दा लोगों के लिए पेश किया जाता था बजट


केन्द्रीय बजट का बखान करते सांसद

**प्रतापगढ़।** जिले के सांसद संगम लाल गुप्ता ने शनिवार को पार्टी कार्यालय में प्रेसवार्ता कर पूर्व की कॉग्रेस सरकार की आलोचना की। कहा कि पहले पार्टी विशेष के परिवार व कुछ चुनिंदा लोगों की जेब भरने तक सीमित रहने वाला बजट प्रस्तुत किया जाता था। अब मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने देश के नागिरिकों को सामाजिक न्याय, समानता, सम्मान, और समान अवसर प्रदान करने वाला बजट प्रस्तुत किया है। जिसके परिणाम स्वरूप आज भारत दुनिया में सबसे तेज गति से देश के विकास को राह दिखाने वाला और सुपर एकोनामी पावन बनाने की दिशा वाला बजट बन गया है। उन्होंने कहा कि अमृत काल का पहला आम बजट एक लोक कल्याणकारी बजट है। यह बजट गांव, गरीबों, किसानों, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों, शोषित वंचिता, पिछड़ों आदि को सशक्त बनाने वाला बजट है। सांसद ने कहा कि यह बजट देश के अगले पचास साल हेतु विकसित अर्थव्यवस्था की बुनियाद रखने का ब्लूप्रिंट है। सांसद ने इस मौके पर केन्द्रीय सरकार की जनकल्याणकारी एक-एक योजनाओं का जमकर बखान किया। उन्होंने विकास के लिए आगे आने वर्षों में सरकार द्वारा उठाये जाने वाले कदमों का विस्तार से ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर पार्टी के मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र नाथ शुक्ला समेत अन्य भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

### कार्य में लापरवाही पर दो पीडब्ल्यूआई को मिली चार्जशीट

**प्रतापगढ़।** ट्रैक दोहरीकरण के कार्य में लापरवाही बरतने पर चीफ पीडब्ल्यूआई अजय आनंद और सेक्शन पीडब्ल्यू आई जितेंद्र कुमार को सीनियर डीएनटू ने चार्ज शीट थमाई है। हालांकि निलंबन होने वाला था जो कि नहीं हुआ। खास बात यह है कि आरोप पत्र पाने के बाद भी दोनो कर्मचारी काम से पीछे नहीं हटे। दरअसल, प्रतापगढ़ से अंतू के बीच ट्रैक दोहरीकरण चालू है। जिसके तहत नई लाइनें बिछाई जा रही है। दो दिन पहले कार्य की प्रगति जानने एडीआरएम अश्वनी श्रीवास्तव और सेफ्टी के अधिकारी प्रतापगढ़ आए थे। डीआरएम कार्यालय के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार निरीक्षण के समय बिछाई जा रही नई लाइनों का डेटा अधिकारियों ने चीफ पीडबल्यू आई अजय आनंद से मांगा। जो वो दिखा नहीं पाए। इसके अलावा जगेसरगंज स्टेशन के पास दो लाइनों के बीच गैप मानक से अधिक पाया गया। इससे ट्रैक फैक्चर की संभावना बढ़ जाती हैं। जो दुर्घटना में भी बदल सकती हैं। यह इलाका पी डब्लू आई जितेंद्र कुमार का है। अधिकारियों का कहना है कि दोनों ही मामले में लापरवाही देखने को मिली। इस वजह से दोनों कर्मचारियों को चार्ज शीट दी गई है।

# एएसपी ने लापरवाही पर निरीक्षकों को दिया अल्टीमेटम

**समाधान दिवस**

### एएसपी ने शिकायतों की सुनवाई में मातहतों की लापरवाही पर नाराजगी व्यक्त की


समाधान दिवस में लोगों की समस्या सुनते एएसपी

**प्रतापगढ़।** लालगंज थाना समाधान दिवस में दस शिकायतों में से तीन शिकायतों का निस्तारण किया गया। लालगंज कोतवाली में शनिवार को समाधान दिवस में आयी शिकायतों की सुनवाई अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी रोहित मिश्र व एसडीएम उदयभान सिंह ने किया। एएसपी ने शिकायतों की सुनवाई में मातहतों की लापरवाही पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने उप निरीक्षकों को चेतावनी दी। कहा कि थाने पर शिकायतों का यदि समाधान न होने की शिकायत मिली तो संबंधित के खिलाफ वह एसपी को दण्डात्मक कार्रवाई की संस्तुति करेंगे। एएसपी ने जमीनी विवादों में पुलिसकर्मियो को प्रत्येक दशा में राजस्व विभाग की उपस्थिति में उभयपक्षों को समझा बुझाकर समाधान कराए जाने को कहा। वहीं एसडीएम उदयभान सिंह ने जमीनी विवाद से जुडे मामलों की सुनवाई करते हुए समाधान के लिए राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीमों का गठन किया। समाधान दिवस में एक फरियादी फिरोजाबाद से पहुंचा और उसने अपनी पत्नी को स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के युवक पर भगाकर ले आने का आरोप लगाने लगा। तभी युवक भी समाधान दिवस में महिला के साथ पहुंच गया और दोनों ने एक दूसरे के साथ रजामंदी से रहने की बात कही। इस पर अफसरों ने महिला हेल्पडेस्क को मामला सुपुर्द करते हुए प्रकरण में काउन्सिलिंग के जरिए समाधान कराए जाने को कहा। समाधान दिवस का संयोजन प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने किया।

# समाजवादी महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत, महिला उत्पीड़न पर सरकार की आलोचना


क

**प्रतापगढ़।** सपा की कद्दावर नेता व पूर्व प्रमुख शांति सिंह की अगुवाई में जिला पार्टी कार्यालय पर शनिवार को सपा महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत में कार्यक्रम अयोजित किया गया। महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव के पहुंचने पर पार्टी से जुड़ी महिलाओं ने उनका भव्य स्वागत किया। पूर्व प्रमुख शांति सिंह व पार्टी के पूर्व महिला जिलाध्यक्ष महिमा गुप्ता आदि के स्वागत से प्रदेश अध्यक्ष अभिभूत दिखीं। प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव ने प्रदेश सरकार की नीतियों से महिलाओं के हो रहे उत्पीड़न पर जमकर आलोचना की। उन्होंने कहा कि आज की प्रदेश सरकार महिला विरोधी सरकार है। महिला ही हर घर की पहली अध्यापक, माता और सभ्य समाज के बारे में बच्चों को जगरूक करती हैं। परन्तु भाजपा सरकार में आये दिन महिलओं का उत्पीड़न हो रहा है। महिलाओं के साथ बलात्कार जैसी घटनाएं दिनों दिन घट रही है। हम सभी लोग एकत्र होकर दमनकारी सरकार को उखाड़ फेंकना है। सपा नेत्री शांति सिंह ने कहा कि सरकार महिला सुरक्षा की केवल ठिठोरा पीट रही है। जबकि भाजपा सरकार में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। महिलाओं के बिना कोई भी पार्टी सरकार नहीं बना सकती है। इस मौके पर ऊषा सिंह, उर्मिला यादव, अनुप्रिया, रीता गुप्ता, छविनाथ यादव, आशुतोष पाण्डेय, विनय सिंह, इरफान खान, समीम खान, निसार अहमद, राज बहादुर पटेल, मीडिया प्रभारी वकार अहमद आदि मौजूद रहे।

### कथा में भगवान राम व हनुमान की सुनाई महिमा

**प्रतापगढ़।** लालगंज के सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज में श्रीरामकथा का आयोजन हुआ। बाल व्यास सिद्धिविनायक महाराज के मुखारविंद से विद्यालय के सभागार में हजारों की संख्या में छात्र, छात्राएँ, शिक्षकएवं प्रबुद्धवर्गों ने दिव्य कथा का रसास्वादन किया। प्रभु श्रीराम जी के चरित्र एवं महाबली सरकार हनुमान जी के गुणों का विस्तृत वर्णन महाराज द्वारा किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रामअवधेश मिश्र एवं विद्यालय परिवार के सभी शिक्षकों ने व्यास जी का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया तथा विद्यालय परिवार की ओर से प्रधानाचार्य ने व्यास जी को स्मृति चिह्न व अंगवस्त्रम भेंटकर सम्मानित किया गया। कथा में उपस्थित लोगों ने कहा एक बालक की जुबां से श्रीराम कथा श्रवण करने का जो सुअवसर प्राप्त हुआ, यह गौरवान्वित करने वाली बात है। इससे अन्य बालकों को भी प्रेरणा मिलेगी। इस दौरान पूर्व प्रवक्ता रामकृष्ण ओझा, पूर्व प्रधानाचार्य आचार्य विनोद कुमार त्रिपाठी, प्रदोष नारायण सिंह, उमेश पाल मिश्र, शिवदर्शन मिश्र आदि उपस्थित रहे।

# 25वें दिन भी संग्रह अमीनों ने कलेक्ट्रेट में दिया धरना, हाल जानने नहीं पहुंचे अफसर


धरने पर बैठे संग्रह अमीन

**प्रतापगढ़।** विनियमितीकरण व समायोजन आदि मांगों को लेकर संग्रह अमीन व अनुसेवकों का धरना शनिवार को 25वें दिन भी कलेक्ट्रेट में जारी रहा। धरना दे रहे कर्मचारियों का हाल जानने प्रशासन का कोई अधिकारी धरना स्थल नहीं पहुंचा। जबकि धरना स्थल के सामने से ही कलेक्ट्रेट के जिलाधिकारी से लेकर अन्य बड़े अधिकारी अपने कार्यालयों में जोते हैं। संघ के जिलाध्यक्ष हरिकेश बहादुर सिंह ने कहा कि जिम्मेदार अधिकारियों के पूर्व आश्वसन के बाद भी अभी तक हमारी समस्याओं का निदान नहीं किया गया। आला अफसरों के दुर्भावना का दंश झेल रहे राजस्वकर्मियों के परिवार की भारण पोषण करने में दिक्कतें आ रही हैं। उन्होंने कहा कि राजस्व कोष की भरपाई करने वाले कर्मियों की जायज मांगो को जिला प्रशसन द्वारा माने जाने के बावजूद अनदेखी करना नाइंसाफी है। जबकि प्रदेश भर के संग्रह अमीन और अनुदेशक अनवरत सेवा से जुड़ कर विभाग के कार्यों में सहयोग कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष ने जिला प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि हमारी मांगे न मानी गई तो हम लोग गंभीर कदम उठाने के लिए बाध्य होंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। धरना में अशोक तिवारी, अद्या शंकर मिश्र, जगदीश यादव, राजकुमार सिंह, अनिल कुमार, जीत लाल मौर्य, तीर्थराज, राकेश सिंह, दिनेश कुमार, मोती लाल आदि लोग शामिल रहे।

# सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में चयनित छात्रों का हुआ सम्मान


छात्रों को सम्मानित करते हुए

**प्रतापगढ़।** लालगंज स्थित मदर मैरी एवं जीसस कान्वेंट स्कूल में शनिवार को सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में चयनित छात्रों को सम्मानित किया गया। जिसमें स्कूल के चार छात्रों ने सफलता पाई है। प्रवेश परीक्षा मे विद्यालय के छात्र विपिन वर्मा रामपुर बावली, सतीश सरोज खालसा सादात, आर्या सिंह गौराडांड तथा निहाल सिंह का पुरवा की प्राची मौर्या का चयन हुआ है। मेधावियों ने सफलता का श्रेय प्रबंधक मनोज कुमार सिंह, प्रधानाचार्य शबाना खॉन एवं शिक्षकों की मेहनत के साथ करायी गयी तैयारी व बेहतर शैक्षिक माहौल को दिया। विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व प्रबंधक मनोज कुमार सिंह ने सफल छात्रों को शाल, प्रमाण पत्र व माल्यार्पण कर सम्मानित किया। इस मौके पर शिक्षक सुनील यादव, शिवशंकर सिंह, मनीषा सिंह, गुंजन शुक्ला, उज्ज्वल सिंह, अनूप विश्वकर्मा, ओम यादव, नसरीन बानो, अर्चना विश्वकर्मा, प्रतिमा सिंह, शुभी जायसवाल व प्रदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

### अधिवक्ताओं ने चुनाव कराए जाने का लिया निर्णय

**प्रतापगढ़।** लालगंज तहसील में शनिवार को संयुक्त अधिवक्ता संघ की बैठक में चुनाव कराए जाने का निर्णय लिया गया। तहसील सभागार मे अधिवक्ताओं की बैठक में संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने संघ के पदाधिकारियों के चुनाव कराए जाने का ऐलान किया। निर्णय का सभी ने स्वागत किया। आम सभा में आगामी सोमवार तक चुनाव समिति का गठन किया जाएगा। बैठक का संचालन पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। इस मौके पर उपाध्यक्ष बीके तिवारी, विकास मिश्र, घनश्याम मिश्र, विपिन शुक्ल, संतोष पाण्डेय, बाबा नरेन्द्र ओझा, आशीष तिवारी आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# डीएम ने परियोजनाओं को समय से पूर्ण करने की दी चेतावनी

**समीक्षा**

### प्रोजेक्ट मैनेजर को कारण बताओ नोटिस


९कैंक

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय सभागार में जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्यो एवं डी0पी0आर0 के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी। डीएम ने कार्यदायी संस्था को कार्यो में तेजी लाने जे सख्त निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन का कार्य शत प्रतिशत समय से पूर्ण कराने को कहा। डीएम ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यह सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इस कार्य मे किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाये। साथ ही सभी कार्यदायी संस्थाओं को सख्त निर्देश देते हुये कहा कि सभी परियोजनाओं का कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ समय से पूरा किया जाय। बैठक में जे0एम0सी0 प्राइवेट लिमिटेड द्वारा परियोजनाओं के कार्यो की धीमी प्रगति पर जेएमसी के प्रोजेक्ट मैनेजर को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। कार्यो में लापरवाही ऐक्शन लेने की बात कही। आपसी समन्वय बनाकर निमार्णाधीन परियोजनाओं को समय से हरहाल में पूरा करने को कहा। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, अधिशासी अभियन्ता जल निगम लोकेश शर्मा सहित सम्बन्धित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर उपस्थित रहे।



## झील पर चलती नाव में जन्मी एक कविता

**(लखनऊ के कवि भोपाल में थे, कविता की जमीन तलाशने के सिलसिले में, जमीन तलाशने के इस सिलसिले में पानी से भी मिलना हुआ- भोपाल की बड़ी झील के पानी से। मझधार में कवि अनिल त्रिपाठी ने कहा कि क्यों न हर कवि झील के पानी के बारे में एक-एक पंक्ति सोचे और एक साझा कविता लिखी जाए। हम सबके प्यारे वरिष्ठ कवि हरिश्चन्द्र पाण्डेय की अगुवाई में राजेन्द्र वर्मा, सुभाष राय, अनिल त्रिपाठी, विशाल श्रीवास्तव, नलिन रंजन सिंह, आभा खरे, ज्ञानप्रकाश चौबे, सीमा सिंह, शालिनी सिंह, नूर आलम, माधव महेश और अरुणाभ सौरभ ने एक-एक टुकड़ा लिखा, जिसका हासिल यह कविता है। सभी कवियों ने कवि विशाल श्रीवास्तव को यह छूट दी कि वो इसमें मनचाही काट-छाँट और जोड़-घटाव कर सकते हैं। विशाल श्रीवास्तव का इस बारे में यह कहना है कि इस कविता में जो कुछ भी अच्छा है वह बाकी कवियों का है और जो कुछ भी साधारण है वह उनका है। यह भी कि कविता में ऐसा प्रयोग नया नहीं है, अज्ञेय और आक्टोवियो पॉज ऐसे प्रयोग पहले कर चुके हैं। अब कविता आपके सामने है )**

### झील में कवि

तिर रहे हैं भोपाल की झील में/ पता नहीं झील हम में है /या हम झील में हैं
भीतर के पानी ने जैसे /पहचान लिया है बाहर के पानी को/ हमारी आत्मा के जल में /एक उछाह का ज्वार उठता है
नाव पर बैठकर झील में उतरते हुए /हमें भरोसा था उस मल्लाह पर /जिसके हाथों में हमारी पतवार थी/वह लिए जा रहा था हमें/ उस अकेले सुनसान द्वीप पर / जो राह थी हमारे विराम की
आसान नहीं थी धारा के बीच राह/ लेकिन एक भरोसा था कि /विषमता की लहरों पर होकर सवार /प्रवेश करेंगे समता के एक नए द्वीप में
इसी समय एक स्मृति कौंध जाती है/कहा था तुमने - हाँ एक झील हूँ मैं/ लेकिन तटों के हैं पहरे मुझपर/बहती हुई भी उन्मुक्त नहीं हूँ मैं /और मैं सोचता हूँ / पानी ही तो मुक्त करता है हमें
सम्भावनाओं के उद्गम से/झील में उठती हुई लहरें / धूप को साबुन बनाकर / धो देती हैं हमारी /आत्मा का सारा कलुष
लहरों पर डोलती नाव के साथ-साथ/ मन भी बढ़ती हुई धड़कनों में डोलता है
प्रतीक्षा की बेचैन मछलियाँ/विकल तैरती हैं मन के पानी में
पर इसी क्षण / यह दिलासा उभरता है मन में/ कि इस शहर के सारे रास्ते /इस झील की ही ओर तो आते हैं
यह शहर झील की ही लय पर /हमारी बेचैनी भरी साँस की तरह/ उठता है और गिरता है
कहते हैं कि यह खूबसूरत शहर /किसी कविता की तरह खिलता है



# भोजपुरी लोकरंग और जनचेतना के प्रतीक : भिखारी ठाकुर



**शख्सियत**

**राणा अवधूत कुमार**

बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के भोजपुरी अध्ययन केंद्र में 'भोजपुरी जनपद' पत्रिका के भिखारी ठाकुर विशेषांक का लोकार्पण हाल में केंद्र के राहुल सभागार में संपन्न हुआ। भोजपुरी लोकसंस्कृति के नायक, नाटककार, मंचीय कलाकार, लोक गीतकार, लेखक और 'लौंडा नाच' के प्रवर्तक भिखारी ठाकुर पर केंद्रित अंक पूरी तरह भोजपुरी में संपादित है। 'भिखारी ठाकुर विशेषांक' पत्रिका का कुशल संपादन हिंदी के प्रतिष्ठित कवि व केंद्र के समन्वयक प्रो. श्रीप्रकाश शुक्ल ने किया है, जिसमें विशेष सहयोगी की भूमिका में मैं भी हूँ।

दरअसल आज के दौर में मातृभाषा और उसमें भोजपुरी जैसी समृद्ध लोकभाषा और भिखारी ठाकुर पर केंद्रित विशेषांक निकालना बड़े ही हिम्मत-जज्बे से लबरेज, बहुत श्रमसाध्य एवं जोखिम भरा कार्य है। चूंकि जिस तेजी से वैश्विक स्तर पर भिखारी ठाकुर की चर्चा इन दिनों हो रही है। उस स्थिति में भिखारी ठाकुर की कविता-नाटकों की एक ओर लौकिक व्याख्या है तो दूसरी ओर उसकी आध्यात्मिक व्याख्या भी हो रही है। भिखारी के गीत-संगीत और नाटक भोजपुरी जनमानस में गहरी पैठ बनाए हुए है। भिखारी अपने समय-समाज में जो कुछ देखे, चाहे विषमता हो या फिर अन्याय-पीड़ा, उसको इन्होंने चित्रित किया है। कालिदास के नाटक 'अभिज्ञान शाकुंतलम' एवं भिखारी के नाटक 'बेटी-बेचवा' दोनों की संवेदना में आपको एक समानता दिखेगी।

यहाँ ध्यान देने की बात है कि 1964 में महेश्वराचार्य की पहली किताब 'भिखारी' नाम से प्रकाशित हुई थी। उनकी दूसरी किताब 'जनकवि भिखारी ठाकुर' आई ' गौरीशंकर ठाकुर, अविनाशचंद्र विद्यार्थी, सत्येन्द्र सिंह, तैयब हुसैन पीड़ित, रामदास राही, जनेश्वर ठाकुर, शीलानाथ ठाकुर के प्रयासों से 'भिखारी ठाकुर ग्रंथावाली' भाग -एक 1979 में एवं दो 1987 में आई। दोनों ग्रंथावली भिखारी ठाकुर को वैश्विक स्तर पर खड़ा करने में बड़ी भूमिका निभाई। बाद में नागेंद्र प्रसाद, वीरेंद्र नारायण और रामदास राही के प्रयासों से 2005 में भिखारी ठाकुर के 12 नाटकों एवं 13 गीतमाला का संग्रह 'भिखारी ठाकुर रचनावली' प्रकाशित हुई। इस बीच भिखारी पर कई किताबें-शोधपत्र आएं। अब विशेषांक के प्रकाशन का एक श्रेष्ठ कार्य के रूप में रूप में सामने आया है। विशेषांक में भिखारी के बारे में बारिकी से अहम जानकारी मिल सकती है। इसमें भिखारी को जानने-समझने वाले मर्मज्ञ लेखकों ने लेख के माध्यम से रचनाधर्मिता के अनुरूप योगदान दिया है। इसमें एक ओर भोजपुरी के वरीय और स्थापित लेखकों की रचना हैं तो युवा लेखकों के महत्वपूर्ण आलेख शामिल हैं। 36 आलेख, तीन साक्षात्कार व नौ कवियों की कविताओं से यह अंक समृद्ध हुआ है।

भिखारी ठाकुर विशेषांक का प्रकाशन भोजपुरी अध्ययन केंद्र की स्थापना और उसके मूल उद्देश्यों के अनुरूप है। केंद्र का सार्थक प्रयास है जो न केवल भिखारी ठाकुर के समृद्ध साहित्य निधि, उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालेगा, बल्कि इससे भोजपुरी समृद्ध होगी। भिखारी ठाकुर विशेषांक का प्रकाशन समृद्ध परंपरा की शुरूआत है। इससे केवल भिखारी नहीं बल्कि अन्य भोजपुरी के प्रबुद्ध साहित्यकार प्रकाश में आएंगे। गौर करने वाली बात है कि भिखारी ठाकुर के समय, समाज, उनके जीवन, साहित्यिक सम्पन्नता का विस्तार से मूल्यांकन की जरूरत है।

संपादकीय में श्रीप्रकाश शुक्ल ने उचित ही लिखा है कि 'विशेषांक इस मामले में ऐतिहासिक है कि पूरा अंक भोजपुरी में है'।'पाती' पत्रिका के संपादक अशोक द्विवेदी ने अपने लेख में लिखा है कि भिखारी को पढ़ते समय उनके समय-समाज और देशकाल का बोध होना चाहिए। भिखारी ठाकुर मूलतः रंगकर्मी थे, उनका कैनवास बड़ा है, उन्होंने परंपरा से बहुत कुछ ग्रहण किया। भोजपुरी साहित्य परंपरा, लोक की ताकत, संस्कृति को समझे बिना भिखारी को आप नहीं समझ सकते।विशेषांक में भोजपुरी साहित्यकार सूर्यदेव पाठक ने लिखा है कि भिखारी की जीवंतता, उनकी ख्याति भारत नहीं बल्कि भारत से बाहर की दुनिया में है। उनके नाटकों में चित्रित सहज त्रास, पीड़ा, पलायन-निर्वासन का दर्द किसी सीमा से परे है। भिखारी ठाकुर के बिदेसिया सहित अन्य नाटकों में जो दर्द-पीड़ा को दशार्या गया। उस दौर के सामाजिक विषमता-भेदभाव की स्थिति को प्रमाणित करती है। बिदेसिया में जो इंतजार की भावना है वह कमोबेश आज भी है। भिखारी अवधी के तुलसी, ब्रज के सूर के समकक्ष भोजपुरी के अनन्य साहित्यकार हैं। भिखारी और भोजपुरी में अन्योन्याश्रित संबंध है। भिखारी ठाकुर अपने प्रभूत साहित्य के माध्यम से भोजपुरी भाषा-साहित्य दोनों को समृद्ध किए। भोजपुरी ने उन्हें वैश्विक यश दिया तो भोजपुरी को लोक से निकाल विश्व पटल पर खड़ा किए। लोकार्पण के समय ठीक ही कहा है प्रो. श्रीप्रकाश शुक्ल ने कि 'भोजपुरी भिखारी से आलोकित है तो भिखारी भोजपुरी से आह्लादित होते हैं। भिखारी ठाकुर भोजपुरी की भास्वर उपस्थिति हैं। जिसे पूरा विश्व महसूस कर रहा है'।

दरअसल 1915 से शुरू हुई भोजपुरी पत्रकारिता की गति अभी धीमी है। 1915 से शुरू हुई भोजपुरी पत्रकारिता और उसकी पत्र-पत्रिकाओं की कड़ी में भोजपुरी जनपद पत्रिका का भिखारी ठाकुर विशेषांक महत्वपूर्ण है। भिखारी ठाकुर पर केंद्रित यह पत्रिका भोजपुरी भाषा में निकालना बहुत श्रम का कार्य है। वर्तमान समय में भोजपुरी भाषा के विकास के दौर में विशेषांक की महता बढ़ जाती है। भिखारी ठाकुर भोजपुरी की सशक्त नींव हैं, इनसे भोजपुरी भाषा की सही दिशा-दशा तय होती है। दिल्ली विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्याक मुन्ना पांडेय के अनुसार अपने दौर के सबसे बड़े मंचीय कलाकार भिखारी ठाकुर अपनी सभी रचनाओं में खालीस मनोरंजन नहीं बल्कि सामाजिक संदेशों को देने की कूबत रखते हैं। सहज-सरल शब्दों में समाज की समस्या को केंद्रित कर रचना एवं मंच पर सफल मंचन सबके बूते की बात नहीं।

भिखारी ठाकुर ने अपने नाटकों के माध्यम से, अपने गीतों के माध्यम से भोजपुरी समाज का यथार्थ गढ़ा है। भिखारी ठाकुर के गीतों की प्रासंगिकता अभी भी बरकरार है, इसे मैंने भोजपुरी की लोकगायिकाओं में चर्चित नाम चंदन तिवारी और मनीषा श्रीवास्तव से बातचीत और साक्षात्कार के दौरान महसूस किया। भिखारी के नाटकों की महत्ता कमोबेस उसी तरह बरकरार है, जैसे 50 वर्ष पहले थी। जिसमें उनका समाज, उसके अंतर्विरोध, उसके गतिरोध और उसकी जीवंतता सशक्त ढंग से व्यक्त हुए हैं। 'भोजपुरी नाटकन के विकास में भिखारी के जोगदान' में जयकांत सिंह लिखते हैं कि 1940 के बाद बिहार-बंगाल के अकाल और भिखारी ठाकुर के लिखे गीतों के भाव बोध काफी साम्य हैं। उस समय के तथाकथित सामंती और प्रभावशाली समाज-वर्ग के सामने नाटकों के मंचन के के दौरान समस्याओं एवं व्यवस्था पर चुटीले अंदाज में प्रहार करना भिखारी के बस की बात थी। भिखारी के बिदेसिया-बटोहिया गीत केवल बिरह-निर्वासन की ओर संकेत नहीं करते बल्कि यह स्थिति उत्पन्न कैसे हुई? इस पर प्रकाश डालते हैं। जगदीशचंद्र माथुर उन्हें 'भरतमुनि के परंपरा के कलाकार' कहें, मनोरंजन सिन्हा 'भोजपुरी के शेक्सपियर' कहें तो राहुल जी 'भोजपुरी के अनगढ़ हीरा' कहें, यह ऐसे नहीं होता।

भिखारी ने नाटकों के माध्यम से जिन सामाजिक समस्याओं को उठाया, उनका विश्लेषण विशेषांक के विभिन्न लेखों के माध्यम से विद्वानों ने किया है भिखारी ठाकुर का व्यक्तित्व बहुआयामी हैं, उनके इसी व्यक्तित्व को प्रकाशित करने का प्रयास विशेषांक के माध्यम से हुआ है। भोजपुरी केंद्र के भोजपुरी जनपद का चौथा अंक भिखारी ठाकुर विशेषांक महत्वपूर्ण इसलिए हैं कि इसमें भोजपुरी समझने-जानने वाले विद्वान रचनाकारों के उत्कृष्ट लेख हैं। एक दौर था जब भिखारी के देहांत के बाद उनके साहित्य की पांडुलिपि बिखरी थी, कुछ प्रकाशित-कुछ अप्रकाशित। अब इसे ले कई संस्थानों द्वारा काम किया जा रहा है। इसका सुफल है 'भोजपुरी जनपद' का 'भिखारी ठाकुर विषेशांक'।



भिखारी ठाकुर भोजपुरी के युगपुरुष एवं लोक-पुरुष थे, और आगे भी यहीं कहलायेंगे। भिखारी के बिना भोजपुरी की चर्चा अधूरी रहेगी। भोजपुरी में भिखारी एवं भिखारी में भोजपुरी रचे-बसे हैं। जैसे बंगला में रवींद्रनाथ, मैथिली में विद्यापति, वैसे भोजपुरी में भिखारी।

इसे और आगे बढ़ाएंगे तो आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी कबीर को हिन्दी भाषा का डिक्टेटर कहे, वैसे भिखारी ठाकुर को भोजपुरी भाशा का डिक्टेटर कहें तो अतिशयोक्ति नहीं। वे अपने हिसाब से भोजपुरी साहित्य-समाज को आगे ले आते हैं। वाचिक परंपरा के महानायक कबीर की राह पर चल भिखारी ठाकुर अपनी बात व गूढ़ संदेशों को लोगों तक पहुंचाने में सफल थे। उनकी रचनाओं में सामाजिक क्रांति का शंखनाद मुखर दिखता है। भिखारी ठाकुर अपनी भविष्यवाणी को सहीं साबित कर लोकमानस में भोजपुरी साहित्य में अनगढ़ हीरा, भोजपुरी के शेक्सपियर, भोजपुरी के भारतेंदु, भोजपुरी के सांस्कृतिक नायक के रूप में जीवित हैं। उनके नाटक प्रेमचंद के दौर में लिखी कहानियों जैसी आदर्शोंमुखी एवं यथार्थवादी हैं

यह विशेषांक भिखारी ठाकुर पर काम करने वाले विद्यार्थियों-शोधार्थियों के लिए अमूल्य धरोहर साबित होगी। विषेशांक में शामिल कुछ लेखकों-रचनाकारों की टिप्पणियों से असहमत हो सकते हैं। जैसे कि 'लवंडा नाच आ लोकरंगकर्मी भिखारी ठाकुर' में ब्रजभूषण मिश्र लिखते हैं कि महेंद्र मिसिर भिखारी ठाकुर के गुरू थे। कई लोगों ने इसे स्वीकार नहीं किया। उनका कहना है कि ऐसा कहीं प्रमाणित नहीं हुआ। भिखारी ठाकुर ने स्वयं लिखा है कि भगवान नामक बनिया से हिंदी वर्णमाला-लिपि सिखा था। बाकी विद्या रामलीला, रामचरितमानस एवं सामाजिक जीवन में अनुभव से सीखे। रामानंद सिंह का उन्हें साथ मिला था, गीत-कवित्त, चौपाई उन्हीं से सीखा। उनके लेखन, कला, नाट्य अभिनय और नृत्यशैली कों कुछ लेखक 'लौंडा नाच' बताते हैं। इतने बड़े कलाकार के नृत्य शैली को 'लौंडा नाच' तक सीमित रखना उनके साथ नैसर्गिक न्याय नहीं होगा। 'लौंडा नाच' उनकी विशेष शैली थी। अभिनय व नृत्यशैली को उसी रूप में देखा जाना चाहिए।

**(समीक्षक,भोजपुरी अध्ययन केंद्र, बीएचयू में शोधार्थी हैं)**

# सन्नाटे के शिलालेख को तोड़ती कविताएँ



**मूल्यांकन**

**अजित कुमार राय**

अच्छी कविता की तलाश में निकला । क्षितिज के उस पार कविता का 'स्वर्ण-युग' मिला । वर्तमान के धुंध को पार कर अतीत की पगडंडियों पर चल रहा था कि एक आकर्षक पत्थर मिला । उसे उठाया और हाथ में लेकर धूल झाड़ी तो पाया कि यह तो अपनी ही पूजा-प्रतिमा है । यह तो अपना ही अतीत है । यह आत्म-बोध और कुछ नहीं गुरुदेव डॉ. जितेन्द्रनाथ पाठक की कविताओं से आत्मीय साक्षात्कार था ।

अपने समय के यथार्थ से एक रचनात्मक दूरी बनाकर 'समय के समानान्तर' चलती डॉ. पाठक की कविताएँ कालबिद्ध होते हुए भी कालातीत सत्य को पकड़ने की आकांक्षी हैं । इन रचनाओं में एक सजग इतिहास - दृष्टि और परिष्कृत काव्य-विवेक का विनियोग तो है ही, रोमैंटिक भाव-बोध और वैचारिक स्वायत्तता के साक्ष्य भी मिलते हैं । किन्तु लगता है, गति - गौरवमय महाकाल के रथ-घर्घर के चलित चक्र-तले पिस गई हैं ये रचनाएँ । फिर भी कालचक्र से जूझती उनकी दुर्दम्य जिजीविषा आज भी अपने पाथेय की खोज में संलग्न है । एक समूची अर्द्धशती के आर-पार जगमगाता उनका कृतित्व यदि अलक्षित रह गया है, तो इसमें आधुनिक आलोचना की संवेदनहीनता ही प्रमाणित होती है । आज साहित्यिक राजधानी दिल्ली द्वारा केन्द्रशासित हिन्दी का प्रकृत सौन्दर्य 'सुनामी' शास्ताओं के आवर्त में डूब गया है । आज जरूरत है - उन काव्य-मूल्यों के पुनर्वास की । विश्व-करुणा से परिस्फूर्त आत्मनिष्ठ स्वयं-सेवकों की ।

डॉ. जितेन्द्रनाथ पाठक का कृतित्व उनके व्यक्तित्व से बहुत बड़ा है । एक जमाने में उनकी रचनाएँ धर्मयुग, साप्ताहिक हिन्दुस्तान, कल्पना, ज्ञानोदय, नयी कविता और नया प्रतीक में बराबर छपती रही हैं । सन् 2002 में प्रकाशित 'सृजन-समर्पण की उत्तरशती' उनके समग्र लेखन (काव्य) को सम्बोधित समीक्षा-आयोजन है, जिसमें शीर्षस्थ लेखकों ने उनकी रचनाशीलता का अभिनन्दन किया है । 'समय के समानान्तर' पाठक जी की प्रतिनिधि रचनाओं का संकलन है । इसमें पर्याप्त वैविध्य और समय-सजग एक स्पष्ट विकासक्रम परिलक्षित किया जा सकता है । यद्यपि संकलन की अधिकांश कविताएँ साधारण स्तर की और वाच्यार्थ प्रधान हैं, परन्तु कुछ कविताएँ बहुत अच्छी हैं और कविता के उच्चतम प्रतिमानों का स्पर्श करती हैं । यथार्थ की तद्वत अभिव्यक्ति काव्य नहीं हो सकती । बल्कि यथार्थ की अन्तः प्रकृति की जटिलताओं, द्वन्द्वों एवं उलझनों को कलात्मक अनुशासनों में बाँधना कविता की मुख्य प्रतिज्ञा है । आज कवि तटस्थ द्रष्टा नहीं, व्यवस्था का हिस्सा बनकर उससे टकराते हुए प्रतिरोध की शिल्प-प्रविधि प्राप्त करता है । कहना न होगा कि पाठक जी ने अपने रचना - समय के गतिशील यथार्थ को पकड़ा है और उसे सफल अभिव्यक्ति दी है । सामाजिक विसंगतियों एवं विडम्बना - वक्रता को स्थापत्य का संगत रचाव देकर उन्होंने कविता का मौलिक मुहावरा विकसित किया है । नई कविता के संस्कारों से संस्फूर्त्त होने के बावजूद उसकी क्षयशील प्रवृत्तियों - कुंठा, संत्रास, ऊब, अजनबीपन, अकेलापन, अवसाद, निराशा और व्यर्थता-बोध का अतिक्रमण करते हुए सकारात्मक काव्य-मूल्यों को अर्जित करना उनके कवि-कर्म की मुख्य चुनौती रही है । काश ! शब्दों में आदमी होने की यह तमीज हमारे आचरण में चरितार्थता पा जाती । काल-चिन्तन को सम्बोधित 'अतीतजीवी और काल' उनकी कविता का केन्द्रक है । इसका वर्तुल सांस्कृतिक है । अतीत और वर्तमान के द्वन्द्व पर आधारित इस काव्य-रूपक का भाषिक औदात्य इसे अज्ञेय की 'असाध्य वीणा' पंत की 'परिवर्तन' और नरेश मेहता की 'समय देवता' शीर्षक कविताओं की पंक्ति में खड़ा कर देता है । इस प्राणायामी कविता में न्यस्त नाटकीयता, ध्वन्यात्मक सौन्दर्य, विम्बमाला, लयवहता, शब्द संव्यूहन, कल्पना-गौरव, वैचारिक संतुलन, दार्शनिक अर्थान्विति - उसके रूप-गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं । कविता की गतिज ऊर्जा शब्दों के साथ पाठकों को भी बहा ले जाती है । डॉ. पीएन सिंह इसमें अभिव्यक्ति के औदात्य की यूनीफार्मिटी देखते हैं । उनके अनुसार 'कविता का संतुलन इसके आन्तरिक तनाव पर टिका है, अन्यथा किसी कथा-सूत्र के अभाव में इसके भाव-विस्फोट को अनुशासित किए रहना सम्भव न होता ।' शब्दों की सामासिक संस्कृति अपना वर्तमान गढ़ती है, जिसमें अतीत का रस रोमांचित है । कोरा अतीतजीवी अतीत के खण्डहरों में मधु-चषक की जुगाली करता स्वयं अतीत हो जाता है । अतीत के क्षीरसिन्धु के विष्णुलोक तक अपना श्रद्धा-पुष्प समर्पित कर आने की वांछा से विकल अतीतजीवी प्रार्थना करता है -'उस अतीत के एवरेस्ट / कंचनजंघा के / अनगिन सफल शिखर आरोहण की गाथा को / शीश उठाकर / मालाओं से भरे वक्ष को / साँस रोक कर / जन-जन के उस चरण-ज्वार को / पाँव रोक कर / कह लेने दो / उसमें मुझको / कुछ ही क्षण को / बह लेने दो ।'

किन्तु काल का कशाघात अतीत का सम्मोहन तोड़ता है और वर्तमान के विविध रूपों से जोड़ता है -'किसी शारदीया के नीरदहीन गगन से / निबिड़ क्षणों में / उतर रही है पारदर्शिनी स्पर्श बालिका / इसी वृक्ष के पुष्प-संवलित लता-स्कंध पर ।'

इस प्रकार कवि का अतीतजीवी समय के परिवर्तमान निमार्णात्मक तत्वों का संधान करता हुआ नए सूर्य का पूजन-अर्चन करने के लिए मानसिक रूप से तैयार हो जाता है । इस कविता में एक बजती हुई लय है । किन्तु डॉ0 चन्द्रकला त्रिपाठी और डॉ. अवधेश प्रधान को लगता है कि अतीत के रंगीन चित्रों के बरक्स वर्तमान के चित्रण में खुरदुरापन आवश्यक था।

पाठक जी ने अपनी वाग्मिता के द्वारा जीवन का सही तापमान रचने की कोशिश की है । दुहराव के सारे खतरे उठाकर भी उन्होंने जिन्दगी को अनेक रागों में गाया है । उन्होंने कच्ची सामाजिक सामग्री को अनुभवों की धीमी आँच पर पका कर आस्वाद्य बनाया है । व्यवस्था के विचलनों, जीवन और जगत की वृहत्तर ट्रैजिक स्थितियों के कलात्मक अंकन के साथ ही कुछ कविताओं में भाव-बोध के नए संकेतक भी प्राप्त होते हैं । किन्तु व्यापक विषय-वैविध्य के बावजूद अन्तर्वस्तु की समानता कॉमन अनुभवों के साधारणीकरण की लालसा से प्रेरित है । किन्तु यह सारभूत सच या जीवनानुभवों का सरलीकरण नहीं, भारतीय आधुनिकता के मूल में घट रहे अन्तर्द्वन्द्वों एवं तनावों का साक्षात्कार है । व्यक्ति एवं समाज की संश्लिष्ट जैविक संरचना को उभारने के साथ ही व्यवस्था में बद्धमूल नृशंसता को भी उन्होंने अपना निशाना बनाया है । वे यथार्थदर्शी हैं, किन्तु यथार्थ के आगे घुटने नहीं टेकते । अपनी रणनीतियों को पुनः परिभाषित एवं पुनः संयोजित करते हुए समझौता के स्तर पर वे झुकते हैं, पर उतना ही कि प्रत्यंचा चढ़ाई जा सके । कहीं-कहीं मध्यमवर्गीय बुद्धिजीवी के क्रान्ति-चिन्तन की विफलता का सुन्दर काव्यांकन हुआ है - 'दहकता रहा हूँ / दिन-रात मैं / आँधियाँ भी उठी हैं / भीतर-भीतर / किन्तु मैं क्या करूँ ? / अगर न जगे / पानी का कोई गीत / पूरा ग्रीष्म जी लेने के बाद ।'

पानी का गीत जागता है उनकी रचनाओं में जब वे समाज-समीक्षा के बजाय आत्म-बोध की प्रकृत मुद्रा में होते हैं - 'गहरी जल-आँखों से अपलक / जाने कब से / जंगल देख रहा है अब तक / धीरे-धीरे / वन का पोखर / उतरा मुझमें / मैं डूबा रहा / न जाने उसमें कब तक।'

डा. केदारनाथ सिंह ने उन्हें सामाजिक चिन्ता का कवि कहा है, पर मुझे लगता है कि उनकी काव्यात्मा आनन्दवादी है । शब्दों के सही प्रयोग को जीने की शर्त मानने वाले पाठक जी सर्जना को उसके सही नाम से पुकारने के कायल हैं । जीवन-संघर्षों की पीड़ा से उपजी उनकी कविताओं का पर्यावरण सामाजिक संत्रास और घुटन में साँस नहीं ले पाता । डॉ. बच्चन सिंह ठीक कहते हैं कि 'जिन रचनाओं में उदासी और नैराश्य वर्णित है, वे यथार्थ से जुड़कर भी कहीं-कहीं कमजोर प्रतीत होती हैं । इससे प्रतीत होता है कि जितेन्द्र जी का मन जिजीविषा में रमता और गतिशील होता है ।' प्राकृतिक उपादानों को देखकर कवि-मन चन्द्रकान्त मणि की तरह पिघलता है । शाम को अनेक नामों से और चाँद को इतनी कलाओं में देखा और नए सिरे से पहचानने की कोशिश की है कि समकालीन छवि की कीमत चुका कर भी कवि के चन्द्रलोक में पर्यटन प्रीतिकर लगता है -'भागती बस की खिड़की से / दीखता हुआ पूर्णिमा का चाँद / हजारों पेड़ों से दबता-छिपता / कटता-छँटता / तरह-तरह से दिखता हुआ / साथ-साथ भागता रहा / मुझे लगा / गति / यूक्लिप्टस के पेड़ों की कूचियों से / आसमान के कैनवास पर / चाँद के तरह-तरह के चित्र / बना रही है ।'

अपने समय के विद्रूप और समाज की रुग्ण चेतना के साथ उनकी कविताओं में उनके माथे का ताप भी है -'आसमान में / थोड़ी देर के लिए दीखना / और फिर चेहरे तक / बादलों की चादर खींचकर / सिर्फ महसूस होना / ओ चाँद ! / तबीयत तो ठीक है न ?'

शब्दों में ढलते शाम का एक चित्र देखें -'नीलकंठी शाम / सूर्य का विष आचमन कर / फैलती निष्काम ।'

निश्चित रूप से जीवन के विषाक्त वातावरण में मूर्च्छित चेतना को कल्पना का रसायन विश्रान्ति के बाद की वह ऊर्जा प्रदान करता है, जिससे हम पुनः जीवन-संघर्षों में जा सकें । कवि की जमीनी समझ अमरत्व में तो विश्वास नहीं करती, किन्तु उसके अक्षरों की अन्तर्ध्वनि अकुंठ जीवनप्रार्थी अवश्य है -'चलने लगा है एक विराट मंथन / सम्पूर्ण पृथ्वी के इस जनमहासागर में / हाथ-पाँव और वाणी की आजादी माँगते / लाखों लोगों को / कहीं रौंद रहे हैं बुलडोजर और टैंक / कहीं सुला रहे हैं करोड़ो लोगों को कुछ लोग / एक हाथ से लोकतंत्र / और दूसरे हाथ से नींद की मादक गोलियाँ खिलाकर । हम प्रतीक्षा करेंगे / जन-महासागर से निकले अमृत की / जिसे पीकर यह नहीं कि मनुष्य अमर होगा / बल्कि यह कि वह मरेगा अपनी स्वाभाविक मौत और जिएगा अपनी पूरी जिन्दगी।'

पाठक जी की कविताओं में सम्बन्धों की ऊष्मा शेष है । वह सन्नाटे के शिलालेख को तोड़ता है । वह शोषण और उत्पीड़न के अनेक सन्दर्भों में मुट्ठियाँ भींचता है तो लोकतंत्र की चिरायँध भी हमारी घ्राणेन्द्रिय का विषय बनता है । अर्थ-सघन ऐन्द्रिय बिम्बों के माध्यम से जितेन्द्र जी भीड़तंत्र में व्यक्ति के पहचान खोने, मनुष्य और प्रकृति के अप्रासंगिक होने, बढ़ती हुई बौद्धिकता और यांत्रिकता के फलस्वरूप छीजती हुई मानवीय संवेदना और राग-चेतना और भ्रष्टाचार को भी अपना वर्ण्य-विषय बनाते हैं। उनका आग्रह मुक्त चिन्तन सिर्फ सर्जना के प्रति प्रतिबद्ध है । वे न कला-संकाय के प्रतिनिधि हैं न दर्शन विभाग के । डॉ. रामचन्द्र तिवारी उन्हें सकारात्मक समग्र काव्य-दृष्टि का कवि मानते हैं । पश्चिम की भाव-छायाओं के अनुवाद-ग्रहण से भी उनका ग्लोब मुक्त है ।

काव्यपाठ की उनकी अपनी अनन्वय मुद्रा भी कविताओं को अर्थ देती है । काव्यार्थ की सान्द्रता, कथ्य और शिल्प की संश्लिष्टता के कारण ये कविताएँ संवेदना के इतिहास में अमर रहेंगी । इन चन्द्रमुखी कविताओं को सूर्यमुखी ऋचाओं के रूप में पाकर पर्यावरण वादियों को भी निराश नहीं होना पड़ेगा । कई बार लगता है कि समय के साथ चलते-चलते पाठक जी कहीं पीछे छूट गए हैं । पर पाठक यह अनुभव करेंगे कि वे हमारे आगामी अतीत को सँवारने के लिए अदृश्य हो गए हैं - ठीक चाँद की तरह बादलों की चादर खींचकर भविष्य के सपनों में खो गए हैं - 'क्योंकि है सपना अभी भी ।'

**( लेखक कवि एवं आलोचक हैं)**

## राजेश जोशी की दो कविताएं



### जिद-1

निराशा मुझे माफ करो आज मैं नहीं निकाल पाऊँगा तुम्हारे लिए समय
आज मुझे एक जरूरी मीटिंग में जाना है
मुझे मालूम है तुम भी वही सब कहोगी
जो दूसरे भी अक्सर ही कहते रहते हैं उन लोगों के बारे में
कि गिनती के उन थोड़े से लोगों की बिसात ही क्या है
कि समाज में कौन सुनता है उनकी बात ?
कि उनके कुछ करने से क्या बदल जाएगा इस दुनिया में ?
हालाँकि कई बार उन्हें भी निरर्थक लगतीं हैं अपनी सारी कोशिशें
फिर भी एक ज़िद है कि लगे ही रहते हैं वे अपने काम में
कहीं घटी हो कोई घटना
दुनिया के किसी भी कोने में हुआ हो कोई अन्याय
कोई अत्याचार कोई दंगा या कोई दुर्घटना
वे हरकत में आ जाते हैं तत्काल
सूचित करने निकल पड़ते हैं सभी जान-पहचान के लोगों को
और अक्सर मुफ़्त या सस्ते में उपलब्ध किसी साधारण-सी जगह पर
किसी दोस्त के घर में या किसी सार्वजनिक-उद्यान में
आहूत करते हैं वे एक मीटिंग
घंटों पूरी घटना पर गंभीरता से बहस करते हैं
उसके विरूद्ध या पक्ष में पारित करते हैं एक प्रस्ताव
अपनी मीटिंग की वे खुद ही तत्काल खबर बनाते हैं
खुद ही उसे अखबारों में लगाने जाते हैं
प्रतिरोध की इस बहुत छोटी-सी कार्यवाही की खबर
कभी-कभी कुछ अखबार सिंगल कॉलम में छाप देते हैं
अक्सर तो बिना छपी ही रह जाती हैं उनकी खबरें
कई बार उदासी उन्हें भी घेर लेती हैं
उन्हें भी लगता है कि उनकी कोई आवाज नहीं इस समाज में
निराशा !
मैंने कई-कई बार तुम्हें उनके इर्द-गिर्द मंडराते
और फिर हाथ मलते हुए लौटते देखा है
मैंने देखा है तुम्हारे झाँसे में ज्यादा देर तक नहीं रहते
वे लोग
कभी-कभी किसी बड़े मुद्दे पर वे रैलियाँ निकालते हैं

### जिद-2

खुद की ही जेबों को निचोड़ कर
खुद ही रात-रात जाग कर तैयार करते हैं
मशालें, पोस्टर और प्ले-कार्ड
अगर रैली में जुट जाते हैं सौ-सवा सौ लोग भी
तो दुगने उत्साह से भर जाते हैं वे
दुनियादार लोग अक्सर उनका मजाक उड़ाते हैं
असफलताओं का मखौल बनाना ही
व्यवहारिकता की सबसे बड़ी अक़्लमन्दी है
कभी-कभी छेड़ने को और कभी-कभी गुस्से में
पूछते हैं दुनियादार लोग
क्या होगा आपके इस छोटे से विरोध से ?
पर वे किसी से पलट कर नहीं पूछते कभी
कि तुम्हारे चुप रहने ने ही
कौनसा बड़ा कमाल कर दिया है
इस दुनिया में ?
पलट कर उन्होंने नहीं कहा कभी किसी से
कि दुनियादार लोगो ! तुम्हारी चुप्पियों ने ही बढ़ाई है
अपराधों और अपराधियों की संख्या हर बार
कि शरीफजादों ! तुम्हारी निस्संगता ने ही बढ़ाए है
अन्यायियों के हौसले
कि मक्कार चुप्पियों ने नहीं छोटी छोटी आवाजों ने ही
बदली है अत्याचारी सल्तनतें
वे दुनियादार लोगों की सीमाएँ जानते हैं
उनके सिर पर भी हैं घर गृहस्थी और बाल-बच्चों की
ज़िम्मेदारियाँ
भरसक कोशिश करते हैं कि दोनों कामों में संतुलन बना रहे
पर ऐसा अक्सर हो नहीं पाता
घर में भी अक्सर झिड़कियाँ सुननी पड़ती हैं उन्हें
सब उनसे एक ही सवाल पूछते हैं
कि दुनिया भर की फि क्र
वे ही क्यों अपने सिर पर लिए घूमते रहते हैं
कि उनके करने से क्या बदल जाएगा इस समाज में ?
वे जो दुनिया की हर घटना के बारे में बोलते हैं
इस सवाल पर अक्सर चुप रह जाते हैं !!

# स्वप्न और यथार्थ के बीच कविताएं



**मूल्यांकन**

**विनयदास**

मोहम्मद मूसा खाँ 'अशान्त' का नया कविता संग्रह है 'मैं सपने बुनता हूँ।' उनकी कविता का यथार्थवादी तेवर है। उनकी कविता गहराइयों में डूबकर निकलते हुए शब्दों से बुनी जाती है। वे कहते हैं कि कविता / लफ़्जों की खूबसूरत / लफ्फाजी नहीं / अपितु जीवन की / सच बयानी है। उनकी कविता की परिधि में यदि एक ओर उत्पीड़ित समाज का दर्द बयां है तो दूसरी ओर उसके जीवन में निहित श्रृंगार रूप, रस, सौन्दर्य के भी गीत हैं। उनकी कविता में ऐसे तमाम सपने भी समाहित है जो लोकहित व लोकतन्त्र की रक्षा के लिए संकल्प बद्ध हैं। अधिकतर कविताओं का निहितार्थ यही है, जो आज भी एक सामाजिक, राजनैतिक जरूरत भी है। वे कविता को मनोरंजन और गुल-गपाड़े की चीज न मानकर जीवन की सच्चाई को प्रकट करने के माध्यम के रूप में स्वीकार करते हैं। उनकी कोशिश जीवन को संपूर्णता में ग्रहण करने की है। अतः उनकी कविता स्वप्न और यथार्थ की खुरदुरी जमीन की टकराहट से अपना आकार प्रकार और विस्तृत धरातल ग्रहण करती है।

कवि मोहम्मद मूसा खाँ 'अशान्त बाराबंकवी' बहुमुखी प्रतिभा के रचनाकार हैं। उन्होंने कहानी, कविता, गजल, उपन्यास, रेडियो एकांकी और नाटक भी लिखे हैं। 'पहली बरसात' उनका पहला संग्रह है जो सन 2000 ई. में प्रकाशित हुआ। यह गजल पर केन्द्रित है। सन् 2006 में उनके रेडियो एकांकी 'आधे-अधूरे ख्वाब' के नाम से आया। इसके ठीक आठ बरस बाद सन् 2014 में उनका कहानी संग्रह 'वह साँवली लड़की' प्रकाशित हुआ। सन् 2016 में उनका काव्य संग्रह 'मर गई संवेदना' नाम से छपा। इस बीच उनके उपन्यास क्रमशः 'त्रासदी', 'गोदनावाला' तथा 'ढाई आखर' भी प्रकाशित हुए। इस तरह उनकी अब तक कुल सात पुस्तकें प्रकाशित हैं। उन्हें 2017-2018 में उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान ने 'भगवतीचरण वर्मा सम्मान' से सम्मानित किया। इसके ठीक बाद सन् 2020 में उन्हें उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान ने 'साहित्य भूषण' सम्मान से अलंकृत किया और सन् 2022 में वे 'कल्पनाथ सिंह साहित्य स्मृति सम्मान द्वितीय से तथा 2021 में अखिल अहिसास जीवन गौरव के राष्ट्रीय सम्मान से भी सम्मानित हुए।


जहाँ तक नाटक का विषय है तो वह एक दृश्य-श्रव्य माध्यम है, उसकी कसौटी उसका मंचन तय करता है न कि पाठन। अतः उनके नाटक के विषय में कुछ भी कहना ठीक नहीं होगा। रेडियो एकांकी, एक श्रव्य माध्यम है। जिन्होंने उनके रेडियो नाटक सुने होंगे वे उनके इन एकांकी की खूबियों से परिचित होंगे। जहाँ तक मैंने उनके साहित्य का अध्ययन किया है उस छोटे से अनुभव के आधार पर मैं पूरे विश्वास के साथ यह कह सकता हूँ कि उनकी प्रतिभा का पूरा-पूरा लाभ उनकी कविता और गजल को मिला है। उनकी गजलों को कई लोगों ने अपने सुरीले कंठ से प्रस्तुत भी किया है।

वे स्वभावतः बेहद विनम्र और शालीन हैं। उनके व्यक्तित्व की खूबी है कि अगर वे शब्बेरात का जश्न मनाते हैं तो उतने ही जोश से पूरा घर दीवाली भी मनाता है?। अगर वे ईद मनाते हैं तो होली पर रंग-गुलाल खेलकर पिचक्का भी खिलाते हैं। वे हिन्दू-मुस्लिम एकता या समरस समाज की बात केवल बात भर नहीं करते अपितु उसे अपने आचरण और व्यवहार में अपनाते भी हैं। कई अवसरों पर भले ही उन्हें इसकी कीमत क्यों न चुकानी पड़ी हो इस दृष्टि से भी वे समाज के लिए मूल्यवान हैं। जब कविता में उनकी यह सोच अभिव्यक्ति पाती है तो वह महत्वपूर्ण होती है।

उनके प्रथम काव्य संग्रह 'मर गई संवेदना' के लगभग छः वर्ष बाद 'मैं सपने बुनता हूँ' प्रकाशित हो रहा है। यह इनका दूसरा संग्रह है।जाहिर है इतनी लम्बी कालावधि में समय और समाज के बदलने के साथ कवि के विचार, भाव, संवेदना तथा सोच में भी बहुत कुछ बदल चुका होता है। दूसरे शब्दों में उसकी समझ विकसित और वयस्क हो चुकी होती है। वे शनैः-शनैः स्थूल से सूक्ष्म विषयों की ओर उन्मुख होते हैं किन्तु कहीं वे भी अपनी जमीन छोड़कर वायवीय या अमूर्त नहीं होते हैं। यह उनकी कविता के विकसित होते हुए ग्राफ का सूचक है। इस संग्रह में 'औरत' को लेकर पाँच कविताए हैं। इन कविताओं से आधी आबादी का दुःख-दर्द और संघर्ष वे बयां करते हैं किंतु औरत के तीन रस माँ, बेटी और पत्नी को ही स्वीकारते हैं। उनकी ये पंक्तियाँ देखिये, औरतें / जहाँ हैं वहीं है स्वर्ग / वरना वो घर है नर्क / इसलिए हे औरत जहाँ तू है / तुझको मेरा नमन है / तू ही सुकून और अमन है। ये पंक्तियाँ हमें संस्कृत की वह उक्ति याद दिलाती हैं जिसमें कहा गया है यत्रनार्यस्तु पूज्यन्ते, रम्यन्ते तत्र देवताः। मोहम्मद मूसा खाँ ने अनेक अविस्मरणीय गीत भी लिखे हैं।

मोहनदास को लेकर तीन कविताएं क्रमशः सुनो, मोहनदास सुनो, सपने में मोहनदास और श्रद्धेय मोहनदास हैं। इनमें सपने में मोहनदास एक गीत है। इसके केन्द्र में गाँधी हैं। हमारा संसद भवन हमारे नेता और पूरे भारत वर्ष के जन समुदाय की आशाओं, आकांक्षाओं और सपनों का केन्द्र है। उसी संसद भवन के पास कवि के सपने में थके-हारे, उदास मोहनदास से भेंट होती है और वे भी संसद भवन से हताश हैं और युवाओं में विश्वास व्यक्त करते हैं -सपने में संसद भवन के पास / सुबह मिल गये मुझे मोहनदास/ युवाओं तुमको सम्हालना होगा / खिलाने होंगे डालियों पर पलाश।

यह एक चरित्र प्रधान कविता है। इसी तरह 'किंतु न जाने क्यूँ' कविता में एक देश का एक आमजन 'कलवा' का चरित्र केन्द्र में है जो देश से तमाम सवाल करता है जवाब न होने पर उसे फसादी करार दिया जाता है। कुछ शीर्षक यथा मैं झूठ कहलाता हूँ, सिर्फ सच कहूँगा, धर्म खतरे में, आप डरिए, राजा जी हम इन्सानियत के नाम पर देश की नब्ज पहचानें, मेरी प्रार्थना, हाथ हैं आदि बताते हैं कि मूसा खाँ 'अशान्त' को कविता की समझ अधिक गहरी, वयस्क और सूक्ष्म हुई है। सच, झूठ, इन्सानियत, प्रार्थना ऐसे सूक्ष्म और अमूर्त भावों स्थितियों को उन्होंने अपनी कविता से मूर्त किया है। आज के देश और समाज की नब्ज को पहचानकर वहाँ निशानदेही भी की है जहाँ आपरेशन की जरूरत है, राजा जी / हम सम्मोहित हैं / तुम बजाये बाजा।... सच कहूँ / सच के मुद्दों से ही उनकी लड़ाई है। हम हो रहे हैं धीरे-धीरे बौने / इंसानियत के नाम पर / आधे पौने।



ये पंक्तियाँ क्या आज के नेताओं की करनी और चरित्र का खुलासा करती नहीं लगती। इंसानियत खत्म हो रही है। राजनेताओं की मंशा को कितनी बेबाकी से कवि ने खुलासा किया है, वे चाहते हैं / कि तुम नशे के गुलाम हो जाओ /उसके पच्चीस साल की उम्र / के बाद बेरोजगारी की लाइन में खड़े हो जाओ / युवा पीढ़ी से वे यही चाहते हैं / कि अपनी उन्नति छोड़कर / उनकी प्रगति का सोपान बन जाओ।

कहा जा सकता है कि मोहम्मद मूसा खाँ 'अशान्त बाराबंकवी' देश और समाज की हकीकत से अच्छी तरह वाकिफ हैं। वे उसकी गहराई में जाते हैं फिर अपनी कविता का मोती पाठकों के हाथ में सौंपते हैं जिनमें उनके सपने हैं, सपनों को हकीकत में बदलने का संघर्ष है।

**( लेखक समाजसेवी और साहित्यकार हैं)**

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 159 जोड़ों की शादी हुई संपन्न

**नेक कार्य**

## कूट रचित तरीके से शादी कर रहे व्यक्ति को बीडीओ ने किया पुलिस के हवाले


नवदम्पति को आशीर्वाद देते ज्वाइंट मजिस्ट्रेट

**हलिया।** स्थानीय विकास खंड के मवयी स्थित पंचशील डिग्री कॉलेज में शनिवार को समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 159 शादी सम्पन्न हुई जिसमें दो जोड़े अल्पसंख्यक रहे। एक शादी के लिये बैठे व्यक्ति को अपात्र पकड़े जाने पर खंड विकास अधिकारी ने पुलिस के हवाले कर दिया है।

सामूहिक विवाह में सरकार द्वारा आवश्यक वस्तुएं बडा बाक्स, आभूषण, लहगा चुनरी आदि समान दिया गया है। मौलाना ने अल्पसंख्यक को निकाह तो हिन्दू रीति रिवाज से पंडितों ने मंत्रोच्चारण के द्वारा शादी संपन्न कराया है। इस दौरान उपस्थित मंचासीन ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उपजिलाधिकारी लालगंज नवनीत सेहरा ने शादी में वर बधू को आशीर्वाद दिया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने अपने संबोधन में कहा कि यह बहुत पावन पर्व है, इस शादी में गरीबों का हित है। आज से सामाजिक बंधन के जीवन की शुरूआत हो गई। गरीब बच्चियों की शादी करा कर आवश्यक वस्तुओं को देकर सरकार बड़े पुण्य का कार्य कर रही है। इस मौके पर बीडीओ कुलदीप कुमार, जिला पंचायत सदस्य दिलीप पटेल, एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव, समाज कल्याण अधिकारी रणजीत सिंह, एडवोकेट चंद्र दत्त त्रिपाठी, ग्राम प्रधान काशी मिश्र, सूरज मौर्य, सोनू आदि लोग मौजूद रहे। सुरक्षा के तौर पर मड़िहान, लालगंज व हलिया की पुलिस के अलावा एक प्लाटून पीएसी मौजूद रही।

### दूसरे युवक की जगह बैठने वाले को बीडीओ ने पकड़ा

खंड विकास अधिकारी कुलदीप पटेल ने बताया की एक युवक कूट रचित तरिके से शादी करने के लिये बैठा था। जब उससे पूछ ताछ किया गया तो उसने अपने हाइस्कूल के लगे प्रमाण पत्र के विद्यालय का नाम सही नहीं बताया। कहा की मुझे दलाल द्वारा बैठाया गया था। जब कि शादी के लिस्ट वाला व्यक्ति बाहर गया हुआ है। जिस पर बीडीओ ने कूट रचित विवाह करने वाले को पुलिस हिरासत में देते हुए एडीओ समाज कल्याण रणजीत कुमार थाने में उसके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराने को कहा है।

# अपराधियों के विरुद्ध करें कड़ी कार्रवाई : एसपी

## एसपी ने कानून व्यवस्था की समीक्षा की

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में जनपद के अपर पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक, थानाध्यक्ष व प्रभारीगण के साथ मीटिंग कर कानून व्यवस्था की समीक्षा की गयी। शनिवार को कार्यवाहक पुलिस अधीक्षक डॉ राजीव नारायण मिश्र द्वारा पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में जनपद के समस्त अपर पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक, थाना प्रभारी व शाखा प्रभारीगण के साथ मीटिंग कर अपना परिचय देते हुए उपस्थित अधिकारीगण से परिचय प्राप्त किया गया।

इस दौरान जनपद की कानून व्यवस्था के संबंध में जानकारी लेते हुए अपराध की रोकथाम, अपराधियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही एवं कानून व्यवस्था को चाकचौबन्द एवं सुदृढ़ बनाये रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये तथा आगामी पर्व होलिकादहन, होली एवं शब-ए-बारात के दृष्टिगत धार्मिक स्थलों का भ्रमण कर किसी प्रकार के विवाद व समस्या का निवारण करते हुए पर्याप्त पुलिस बल का डिप्लायमेंट कर त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जनपद के समस्त थाना प्रभारी को आगामी पर्व के दृष्टिगत सम्बन्धित धर्मगुरुओं के साथ बैठक कर जनपद की कानून एवं शांति व्यवस्था को अक्षुण्ण बनायें रखने एवं आपसी भाई-चारे व सौहार्द को कायम रखते हुए पर्व को मनायें जाने हेतु निर्देशित करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

**संक्षेप**

### संदिग्ध परिस्थितियों में रिहायशी मड़ई में लगी आग



**चील्ह।** स्थानीय थाना क्षेत्र के प्रजापति पुर गांव के लक्ष्मण बिंद और उनकी पत्नी रानी देवी मड़ई में सो रहे थे कि शुक्रवार की रात्रि लगभग 12:00 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में मड़ई में आग लग गई। मड़ई में आग लगने के पश्चात पति पत्नी दोनों लोग आग के घेरे में आ गए और किसी तरह जान बचाकर मड़ई से बाहर निकलकर शोरगुल मचाना शुरू कर दिए। शोरगुल सुन कर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे कि तब तक सरपत की मड़ई तथा उसमें रखी गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। सूचना पर पीआरबी पुलिस मौके पर पहुंची। शनिवार को समाधान दिवस के दिन लक्ष्मण बिंद ने थाने में आग लगने की तहरीर दिया है। बताया जाता है कि उन दोनों की गरीबी देखकर गांव के लोगों ने चंदा लगाकर उनकी मड़ई लगवाया था। तथा खाने-पीने की सामान भी उसे मदद की जाती है। घटना के संबंध में टेढ़वा पुलिस चौकी प्रभारी चंद्रकांत त्रिपाठी जांच में लगे हैं।

### बैरंग वापस लौटी एनडीआरएफ की टीम

**कछवां।** क्षेत्र के बरैनी गंगा घाट पर बीते बुधवार को स्नान करते समय डूबे आकाश पाल का चौथे दिन भी कोई पता नहीं चल पाया। वहीं परिजनों की मांग पर शनिवार को पहुंची एनडीआरएफ की टीम भी डूबे युवक की तलाश में नाकाम साबित रही और दिनभर खोजबीन के बाद देर शाम बैरंग वापस लौट गई। डूबे युवक का देर शाम तक कुछ भी पता नहीं चल पाया। फिर भी पुलिस द्वारा स्थानीय गोताखोरों का मदद लिया जा रहा है। लेकिन प्रशासन की कार्यवाही से परिजनों को संतुष्टि नहीं मिल पा रहा है। जिससे परिजनों में आक्रोश व्याप्त है। टीम प्रभारी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर टीम पहुंची और जितना भी हो सका टीम द्वारा प्रयास किया गया। खबर लिखे जाने तक डूबे युवक का कोई भी सुराग नहीं मिल पाया।

### दुष्कर्म करने के अभियोग में अभियुक्ता गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना मड़िहान मीरजापुर पर 04 सितम्बर 2022 को थाना मड़िहान क्षेत्रांतर्गत निवासिनी एक महिला द्वारा नाबालिग पुत्री के घर से स्कूल जाने तथा देर शाम घर वापस न आने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर थाना मडिहान पर धारा 363 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। प्रभारी पुलिस अधीक्षक डॉ राजीव नारायण मिश्र द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए अपहृता की सकुशल बरामदगी करते हुए घटना से सम्बन्धित आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक मड़िहान को निर्देश दिए गए। थाना मड़िहान पुलिस द्वारा अपहृता को बरामद कर थाना मड़िहान पर धारा 363,366,120 बी भादवि व 3/4 पॉक्सो एक्ट में विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए पूर्व में 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। शनिवार को उ0नि0 अरूण कुमार सिंह मय पुलिस बल द्वारा मुकदमा उपरोक्त की विवेचना में प्रकाश में आयी अभियुक्ता मुन्नी देवी पत्नी रामनरायन कोल निवासिनी दरवान पचपेड़िया थाना राजगढ़ मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया। थाना मड़िहान पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्ता के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### अनियंत्रित कार पलटी, चालक घायल

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित लहुरियादह गांव में शनिवार दोपहर अनियंत्रित होकर अर्टिगा कार पलट गई और चालक घायल हो गया। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह ने घायल चालक का उपचार करवाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ?मध्य प्रदेश के सतना जिले के जैतवार थाना क्षेत्र के लैकवार गांव निवासी भुरे लाल उर्फ छोटे लाल अर्टिगा कार से वाराणसी जा रहा था कि जैसे ही राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित लहुरियादह गांव में पहुंचा की अचानक गाय सामने आ गई और गाय को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित हो गई। राजमार्ग के किनारे जा कर पलट गई और चालक घायल हो गया। सुचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह ने घायल चालक को नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमंडगंज में ले जाकर उपचार करवाया है और चालक की हालत सामान्य बताई जा रही है।

### क्रेन की टक्कर से साइकिल सवार छात्रा घायल

**चील्ह।** चील्ह थाना क्षेत्र के शास्त्री ब्रिज पर क्रेन की टक्कर से साइकिल सवार छात्रा घायल हो गई। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार मलाधरपुर गांव निवासी हाईस्कूल की छात्रा खुशी जायसवाल 15 पुत्री मुकेश जायसवाल सुबह 7:30 बजे अपने साइकिल से मिजार्पुर एक विद्यालय में हाईस्कूल की परीक्षा देने जा रही थी कि जैसे ही चील्ह थाना क्षेत्र के शास्त्री ब्रिज पर पहुंची थी कि पीछे से जा रही मिजार्पुर की तरफ क्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस परिजनों को सूचना देते हुए स्थानीय लोगों की सहायता से गंभीर रूप से घायल छात्रा को जिला अस्पताल पहुंचाया। क्रेन को हिरासत में लेकर विधिक कार्यवाही में लगी है।

### ग्राम पंचायत का ताला तोड़कर दो लाख की हुई चोरी

**मीरजापुर।** पड़री थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव के पंचायत भवन का ताला तोड़कर बीती रात चोरों ने डेढ़ लाख का सामान चोरी कर उठा ले गए। सुबह घटना की जानकारी होने पर गांव के ग्राम विकास अधिकारी वृज बिहारी द्वारा थाने में लगभग डेढ़ लाख के समान का चोरी होने का तहरीर दिया है। घटना के संबंध में ग्राम विकास अधिकारी वृज बिहारी ने बताया कि सुबह जब डाटा आपरेटर दिव्या भारती पंचायत भवन पहुंची तो पंचायत भवन का ताला टूटा देखा और सामान गायब मिला जिसकी सूचना ग्राम प्रधान त्रिवेणी देवी तथा सचिव वृज बिहारी को दिया। सूचना पर मौके पर जाकर देखा गया तो कम्प्यूटर सेट, सीसी टीवी, कैमरा, इन्वर्टर दो बैटरी, स्टार्टर, सोलर पैनल, आदि लगभग डेढ़ लाख का सामान चोर उठा ले गए इस संबंध ग्राम पंचायत विकास अधिकारी वृज बिहारी व पंचायत सहायक द्वारा लिखित तहरीर थाने में दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### घर से लापता किशोर का गंगा में उतराया मिला शव

**मीरजापुर।** शनिवार की सुबह पड़री थाना क्षेत्र के पैडापुर पुलिस चौकी अंतर्गत एक 16 वर्षीय किशोर का शव मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर शिनाख्त किया तो शव कि पहचान देहात कोतवाली क्षेत्र के भटेवर निवासी के रूप में हुई। बताया जाता है कि 22 फरवरी को चंद्रकांत तिवारी द्वारा अपने 16 वर्ष पुत्र विराट के गुम हो जाने की सूचना स्थानीय कोतवाली देहात में दर्ज कराई गई थी। पुलिस द्वारा किशोर की खोजबीन की जा रही थी कि युवक का शव रामनगर के पास गंगा नदी में उतर आया हुआ मिल गया। शव की जानकारी पुलिस को मिली तो शव कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए भेजकर मामले की जांच में जुट गई है।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**मीरजापुर।** मध्य प्रदेश के रीवां के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के ढुढुकी गांव निवासी 22 वर्षीय वरुण कुमार मांझी पुत्र काशी प्रसाद मजदूर था। मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। वह अपने जीजा के साथ मड़गुड़ा गांव तिलक समारोह में शामिल होने गया था। तिलक समारोह से देर रात वापस घर लौट रहा था। मजदूर जैसे ही विंध्याचल कोतवाली क्षेत्र के अष्टभुजा के समीप पहुंचा। रेलवे ट्रैक पार करने लगा। इसी बीच डाउन लाइन पर ट्रेन आ गई। मजदूर जब तक कुछ समझ पाता, तब तक ट्रेन की चपेट में आने से गंभीर रुप से जख्मी हो गया। घटना की जानकारी होते ही आस-पास के लोग पहुंच गए। ग्रामीणों ने तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जख्मी मजदूर को विंध्याचल अस्पताल में भर्ती कराया। यहां उपचार के दौरान मजदूर की मौत हो गई।

### आयुष्मान कार्ड बनाने में न करें लापरवाही व हीलाहवाली

**चील्ह।** विकास खण्ड कोन के सभागार में शनिवार को आयुष्मान कार्ड गॉवों में शत प्रतिशत बनवाने के लिए ग्राम प्रधानों व सचिव की बैठक खण्ड विकास अधिकारी राकेश शुक्ला ने लिया। बैठक में बीडीओ ने सभी ग्राम प्रधानों व सचिव को आयुष्मान कार्ड बनाने से स्वास्थ्य सम्बंधित लाभ के बारे में बताया और निर्देशित भी किया कि किसी भी गाँवों में आयुष्मान कार्ड बनाने में लापरवाही व हीलाहवाली न हो अन्यथा सचिव व अन्य कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही किया जायेगा। इस अवसर पर बीडीओ राकेश शुक्ला, प्रधान संघ जिलाध्यक्ष चन्द्रशेखर यादव चन्दू, भारतेन्दु यादव, अनिल यादव, अरुण यादव, नरेन्द्र यादव, जंगबहादुर यादव, दरोगा यादव, आलोक सिंह, महावीर सरोज, अक्षैबर यादव, अलकेश मौर्य, उदय, कृष्णा विंद आदि लोग उपस्थित रहे।

### किसान मोर्चा द्वारा किया गया बैठक का आयोजन

**जमालपुर।** विकास खंड के सकरौडी गांव स्थित उत्सव भवन में किसान मोर्चा द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा कर किसानों की आय दोगुनी करनें के साथ मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को बताया गया। बैठक में मोर्चा के लोगों ने आगामी कार्यक्रम को लेकर चर्चा करते हुए रुपरेखा बनाई। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि हरिशंकर सिंह रहे। वहीं कार्यक्रम का संचालन मोती सिंह ने किया। इस दौरान नरसिंह चौहान, छोटेलाल त्रिपाठी, कंचन चौहान, हरिदास, अवधेश पाण्डेय सहित तमाम लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि जय नाथ मिश्रा द्वारा 10 किसानों को सम्मानित किया।

# विंध्याचल में अवैध बालू खनन में जुटे माफिया

**राजस्व की धड़ल्ले से चोरी**

## पुलिस और श्रमिकों की लालच से दिन रात चल रहा अवैध कारोबार

**जनसंदेश न्यूज**


अवैध खनन करतीं जेसीबी

मीरजापुर। विंध्याचल थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर अवैध बालू खनन के चलते वैध लीज धारक परेशान हैं। जबकि अवैध रूप से बालू खनन करने वाले माफिया मस्त हैं। मजदूरों की भी चांदी है। चोरी में हिस्सेदार बनने पर अधिक मजदूरी जो मिल रहा है। कानून को ठेंगा दिखाकर राजस्व की चोरी में सरकारी महकमे के लोग भी शामिल हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना सरकारी संरक्षण के अवैध खनन हो ही नहीं सकता।

विंध्याचल थाना क्षेत्र के जोपा समेत तमाम स्थानों से अवैध बालू खनन किया जा रहा है। विभागीय सूत्रों के अनुसार क्षेत्र के नदिनी गाँव में ही वैध बालू खनन का पट्टा सुजीत कुमार सिंह के नाम से आवंटित है। जहां बालू खनन के लिए श्रमिकों की तलाश में भटकना पड़ रहा है। जबकि अधिक मजदूरी की लालच में अवैध खनन स्थल पर काम करने के लिए श्रमिक बेताब रहते है। जबकि जोपा समेत तमाम गांव में गंगा किनारे से अवैध बालू खनन करने के लिए श्रमिकों को मुंह मांगा रकम दिया जाता है। चोरी के इस खेल में तमाम लोग शामिल हैं। जिन्हें न तो राजस्व देना है और ना ही कानून का पालन करना है।

उन्हें तो बस अपनी जेब करना और पार्टनर को हिस्सा देना है। लिहाजा अवैध रूप से खनन करने के लिए श्रमिक भी अधिक पैसे की लालच में आपराधिक काम में जुट कर राजस्व की चोरी में सहायक बन रहे हैं। श्रमिकों के अलावा पुलिस विभाग के भी कुछ लोगों के सह पर अवैध बालू खनन का धंधा दिन-रात धड़ल्ले से चालू है। वैध बालू लादकर जा रहे वाहन को भले ही चेकिंग के नाम पर रोक लिया जाए। लेकिन अवैध रूप से बालू ढुलाई में लगे वाहनों को बिना रोक-टोक के मंजिल की ओर जाने दिया जा रहा है।

ाह तब है जब चप्पे-चप्पे पर पुलिस निगरानी कर रही है। आखिर राजस्व की चोरी कर भोले भाले श्रमिकों को अपराध के जगत में कब तक ढकेला जाएगा। यह तो जिले के अधिकारी ही जाने। लेकिन योगी राज में मनबढ़ खनन माफियाओं की करनी और पुलिस की सहभागिता चर्चा का विषय बना हैं।

# अवैध पत्थर खनन करा रहा वन दरोगा

**मजदूर ने खोली पोल**

## डीएफओ ने बैठाई जांच, कहा की जायेगी कठोर कार्रवाई

## वायरल हो रहे वीडियो के बाद हरकत में आया महकमां


अवैध खनन की शिकायत की जांच करती टीम

**मीरजापुर।** विंध्याचल थाना क्षेत्र के हड़ही गाँव समेत तमाम इलाकों में अवैध खनन किया जा रहा है। वायरल हो रहे वीडियो में खनन कर रहे श्रमिक ने बताया कि वन विभाग के दरोगा के आदेश पर पहाड़ को तोड़ कर पत्थर निकाला जा रहा है। डीएफओ ने कहा कि इस आरोप की जांच कराया जायेगा। इसमें जो भी दोषी पाए जाएंगे उनके विरुद्ध कठोर नियमनुसार कार्यवाही की जाएगी। विंध्याचल थाना क्षेत्र में पहाड़ पर अवैध खनन कई स्थानों पर किया जा रहा है। खनन स्थल पर पहुंचे व्यक्ति ने विंध्य क्षेत्र में एक भी पट्टा न होने के बावजूद खनन कर रहे श्रमिक से कार्य के बारे में जानकारी ली। श्रमिक ने वन दरोगा के कहने पर खनन किए जाने की जानकारी दी। बताया कि उसे प्रतिदिन 300 रुपया मिलता है। उसे पेट भरने के लिए काम करना है। जहा काम मिला। वही लग जाता हैं।

विंध्य क्षेत्र को प्रदेश सरकार एक तरफ पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने में जुटी है। रोप वे से वादी में प्राकृतिक दृश्यों का अवलोकन करा रही हैं। इसके बीच पहाड़ को तोड़कर उसे नष्ट करने में जिम्मेदारी संभालने वाले महकमें के ही लोग लगे हैं। बताया जाता है कि पुलिस की मिलीभगत से दिन में पत्थर की तोड़ाई तो रात में उसकी ढुलाई होती है। जिसके लिए सबका हिस्सा तय है। पहाड़ की सुंदरता को नष्ट करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। प्रभागीय वनाधिकारी अरविंद राज मिश्र ने कहा कि अवैध खनन विंध्य क्षेत्र या जिले में कही भी अवैध खनन को बर्दास्त नही किया जायेगा। वन दरोगा के द्वारा कराये जा रहे खनन के शिकायत की जांच कराने को कहा। श्री मिश्र ने कहा कि दोषी व्यक्तियों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत कठोर कार्रवाई किया जायेगा।

# सीडीओ ने हलिया का किया औचक निरीक्षण

## सीडीओ ने प्रधानाध्यापक व प्रभारी का वेतन अवरुद्ध का दिया निर्देश

**जनसंदेश न्यूज**


बच्चों से जानकारी लेतीं सीडीओ

**मीरजापुर।** मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस द्वारा विकास खण्ड-हलिया में भ्रमण कर विभिन्न स्थलों का औचक निरीक्षण किया गया। प्राथमिक विद्यालय तिलॉव-प्रथम का निरीक्षण करने पर पाया गया कि प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश यादव अवकाश पर हैं। मौके पर सहायक अध्यापक देवराज, अमरावती तथा शिक्षा मित्र संजय सिंह उपस्थित थे।

दैनिक उपस्थिति होने एवं निपुर्ण भारत के तहत बच्चों द्वारा चिन्ताजनक प्रगति दशार्ने पर प्रधानाध्यापक का एक दिन का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। रसोइया के मानदेय भुगतान में आ रही समस्या को दूर करने हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दूरभाष पर निर्देश दिया गया। मौके पर केवल 10 बच्चे पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कठोर चेतावनी दी गयी कि भविष्य में बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करें। टीकाकरण केन्द्र दिघुली पंचायत पर हो रहे टीकाकरण कें निरीक्षण के समय ए0एन0एम0-सिप्पल व बीना, आशा-सीता देवी, ऑगनबाड़ी कार्यकत्री-शीला देवी उपस्थित रही। पृच्छा करने पर ए0एन0एम0 द्वारा बताया गया कि जल्दी-जल्दी में स्टेथोस्कोप लाना भूल गये है। मौके पर आर0सी0एच0 पंजिका भी नहीं थी, जिसपर प्रभारी चिकित्साधिकारी-हलिया को निर्देशित किया गया कि ए0एन0एम0 को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगे कि किन कारणों से निश्चिय किट स्टोर से प्राप्त नहीं किया और आर0सी0एच0 पंजिका लेकर नहीं आये। पृच्छा करने पर बच्चों द्वारा बताया गया कि हम लांग प्राथमिक विद्यालय में पढ़ते हैं, आज यहाॅ बुलाया गया है।

यह स्थिति अत्यन्त खेदजनक एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री की लापरवाही है, जिस पर कठोर चेतावनी देते हुए निर्देशित किया गया कि पंजीकृत बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करायें और उन्हें लाभान्वित करे।

# सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान हुई मौत

**जनसंदेश न्यूज**

**मड़िहान।** संतनगर थाना क्षेत्र के कोटवा दीपनगर संपर्क मार्ग पर मंगलवार की शाम एस एन फ्लैग फाउंडेशन के सामने हुई सड़क दुर्घटना में घायल बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान ट्रामा सेंटर में मौत हो गयी। बताया जाता है कि बड़ा सखौड़ा निवासी 35 वर्षीय दीपक गोंड पुत्र सूरज गोंड मंगलवार की शाम को संतनगर थाना क्षेत्र के रैकल गांव में शेषमनी गोंड के घर ससुराल जाते समय रास्ते में एस एन फ्लैग फाउंडेशन के सामने बाइक से अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिरकर घायल हो गये थे। गंभीरावस्था देख ट्रामासेंटर रेफर कर दिया गया था जहां तीन दिन बाद इलाज के दौरान रात ढाई बजे मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक अपने पत्नी पूजा को लेने बाइक से ससुराल जा रहा था। चार दिन पहले अपने मायके आई पत्नी पूजा को लेने जा रहा था।

# अवैध कब्जे की शिकायत पर मौके पर जांच करने पहुंचे एसडीएम मड़िहान

**कलवारी।** स्थानीय तहसील मड़िहान के ग्राम सभा कलवारी माफी के पुरवा गुरुदेवनगर स्थित सड़क के किनारे ग्राम सभा की आराजी नंबर 737 की जमीन पर अवैध कब्जा प्रधान पति व क्षेत्रीय लेखपाल भरतराम मौर्य के द्वारा अपने चेहरे को मोटी रकम लेकर पट्टा देने के फिराक में थे। बिना जांच-पड़ताल के ही गांव के ही अपने चहेतों को पट्टा देने के फिराक में थे। जबकि पट्टा भूमिहीनों को देने का प्रावधान है। लेकिन 9 ग्राम सभा निवासी गौरी वह सदानंद जबरदस्ती प्रधान के सहयोग से ग्राम सभा की जमीन पर कब्जा करने लगे।


अवैध कब्जे की जानकारी पर पहुंचे एसडीएम

जिसकी लिखित शिकायत ग्रामीणों ने तहसील दिवस पर दिया था। शिकायती पत्र को संज्ञान में लेते हुए एसडीएम मड़िहान अश्वनी कुमार सिंह मौके पर जांच करने पहुंचे। जहां पर क्षेत्रीय लेखपाल व प्रधान पति की खामियां उजागर हुयी। जहां पर ग्रामीणों को दोहरा लाभ दिया जा रहा है। गांव निवासी गौरी व सदानंद के द्वारा एक जगह मकान बनाकर निवास किया जा रहा है फिर भी दूसरी जगह नियम को ताखपर रखकर प्रधान पति के द्वारा आवास बनवाया जा रहा है। एसडीएम मड़िहान ने लेखपाल को निर्देशित किया कि 3 दिन के अंदर आबादी व चारागाह की जमीन पर जितने भी मकान बने हैं रिपोर्ट देने को कहा व लेखपाल को फटकार लगाई और कहा कि इस तरह की लापरवाही पर सम्बन्धित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ग्राम सभा की जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। इस दौरान भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# आयुक्त ने कटरा व डीएम ने शहर कोतवाली में सुनी समस्यायें

**आयोजन**

## समय पर जनता को मिले न्याय : आयुक्त

## समस्याओं के निस्तारण में कोताही नहीं होगी बर्दाश्त : डीएम

**जनसंदेश न्यूज**


शहर में समाधान करते आयुक्त


कटरा कोतवाली में समस्या सुनतीं डीएम व एसपी

**मीरजापुर।** मण्डलायुक्त, पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र, जिलाधिकारी व प्रभारी पुलिस अधीक्षक सहित अन्य पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारीगण द्वारा जनपद के विभिन्न थानों पर आने वाले आमजन की समस्याएं सुनी गयी। शनिवार को शासन के निदेर्शानुसार (प्रत्येक माह के द्वितीय व चतुर्थ शनिवार) जनता की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निस्तारण हेतु जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर मण्डलायुक्त विंध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर डा0मुथुकुमार स्वामी बी द्वारा अपर जिलाधिकारी के साथ थाना को0शहर पर, पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर द्वारा थाना पड़री पर, जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व प्रभारी पुलिस अधीक्षक मीरजापुर डॉ राजीव नारायण मिश्र द्वारा क्षेत्राधिकारी नगर के साथ थाना को0कटरा पर उपस्थित रह कर आने वाले आमजन की शिकायतें सुनकर निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

इसी क्रम में थाना समाधान दिवस के अवसर पर अपर जिलाधिकारी द्वारा थाना विन्ध्याचल पर, उपजिलाधिकारी सदर द्वारा थाना को0देहात पर, क्षेत्राधिकारी सदर व नायब तहसीलदार द्वारा थाना चील्ह पर, अपर जिलाधिकारी द्वारा थाना लालगंज पर, क्षेत्राधिकारी लालगंज द्वारा थाना हलिया पर, उपजिलाधिकारी चुनार व क्षेत्राधिकारी चुनार द्वारा थाना चुनार पर, उपजिलाधिकारी मड़िहान व क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन द्वारा थाना मड़िहान पर, तहसीलदार मड़िहान द्वारा थाना राजगढ़ पर सम्बन्धित थाना प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्ष व राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण के साथ थाने पर आने वाले आमजन की समस्याएं सुनकर मौके पर निस्तारण कराया गया तथा शेष मामलों के निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर रवाना किया गया।

### ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने सुनी फरियादियों की फरियाद

**लालगंज।** स्थानीय थाना परिसर में शासन की मंशा के अनुरूप शनिवार को समाधान दिवस ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएएस उप जिलाधिकारी नवनीत सेहरा के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। फरियादियों द्वारा कुल 6 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 3 का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष बचे तीन प्रार्थना पत्रों को राजस्व एवं पुलिस टीम बनाकर निस्तारण करने का आदेश दिया गया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएएस उप जिलाधिकारी नवनीत सेहरा ने थाना परिसर में आए हुए फरियादियों को बारी बारी से समस्या को सुनकर संबंधित लेखपाल को बुलाकर मामले के गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करने के लिए आदेश दिए। उन्होंने फरियादियों से संबंधित लेखपाल को निर्देशित करते हुए कहा कि फरियादी समाधान दिवस में काफी उम्मीद के साथ आता है कि मेरी समस्या का समाधान होगा जिससे आप मौके पर जाकर फरियादी से मिलकर स्थल मुआयना करते हुए गुणवत्ता पूर्वक समस्या का समाधान करके समय के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। फरियादी के समाधान में किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगा। उन्होंने लेखपालों को निर्देशित करते हुए कहा कि फरियादी की समस्या का समाधान कराने में लेखपाल की महत्वपूर्ण भूमिका होती है जिससे आप लोग अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन बखूबी ढंग से करें। थाना प्रभारी ज्ञानू प्रिया ने कहा कि फरियादियों की समस्या निस्तारण करने के लिए हमारी पुलिस हमेशा तैयार मिलेगी। इस अवसर पर उप निरीक्षक राम अवतार यादव, राजस्व निरीक्षक सूर्य वलि विंद, नंदलाल, लेखपाल अनूप कुमार पांडे, मनोज सिंह, सच्चिदानंद, आदि लोग उपस्थित रहे।

### लापरवाही करने वालों पर होगी कठोर कार्रवाई : एडीएम वित्त

**मीरजापुर।** अपर जिलाधिकारी वित्त ने शनिवार को शहर कोतवाली में जनता की समस्याओं का निस्तारण किया। जनता दरबार में राजस्व के दो मामले आए थे जिनमें एक का भी मौके पर निस्तारण नहीं हो पाया। निस्तारण के लिए टीम का गठन कर दिया गया है। जल्द ही मामलों के निस्तारण की रिपोर्ट भी प्रेषित करने का निर्देश अपर जिलाधिकारी वित्त ने दिया। अपर जिलाधिकारी वित्त ने मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता को न्याय देने के लिए थाना दिवस एवं तहसील दिवस का आयोजन शनिवार को किया जाता है। शासन की मंशा के अनुरूप जनता को न्याय देना हम सब का नैतिक दायित्व है और सभी को न्याय दिलाने के प्रति तत्पर रहना चाहिए। अपर जिलाधिकारी वित्त शिव प्रताप शुक्ला ने कहा कि अगर किसी भी फरियादी की समस्या का समाधान इमानदारी से कर दिया जाए तो उसे बार-बार थाने और तहसील का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। राजस्व कर्मियों एवं अधिकारियों को नसीहत देते हुए कहा कि आप लोग जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुने और उन्हीं के बीच समस्याओं का निस्तारण करें जिससे गुणवत्ता के साथ पारदर्शिता भी बरकरार रहे। वहीं अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि जनता की समस्याओं में लापरवाही करने वाले कर्मचारियों अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# स्पोर्ट्स

## भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने दक्षिण अफ्रीका ए को 4-4 से ड्रॉ पर रोका

**नई दिल्ली।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने दक्षिण अफ्रीका ए को शुक्रवार को यहां 4-4 की बराबरी पर रोक कर इस दौरे पर अपना अजेय अभियान जारी रखा। इस दौरे पर दक्षिण अफ्रीका ए टीम के खिलाफ यह पहला मैच था। इससे पहले भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका की अंडर-21 टीम को तीनों मैचों में मात दी थी। दक्षिण अफ्रीका का मौजूदा दौरा एशिया कप अंडर-21 के लिए टीम की तैयारी का हिस्सा है, जो आगामी एफआईएच महिला जूनियर विश्व कप के लिए क्वालीफायर भी है। क्वानिता बोब्स (पहले और 31वें मिनट) और बियामका वुड (छठे मिनट) ने भारतीयों के खिलाफ मैच की शुरूआत में ही बढ़त बना ली थी लेकिन नीलम (सातवां मिनट) और दीपिका सीनियर (आठवां और 30वां मिनट) के मुकाबले में भारत की वापसी करायी। इससे पहले तरनप्रीत कौर (25 वां मिनट) और दीपिका ने गोल कर भारतीय टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। क्वानिटा बोब्स और टैरिन लोम्बार्ड के गोल की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे हाफ में भारत की बढ़त को खत्म किया और मैच बराबरी पर छूटा।



# कप्तानी पर छलका विराट का दर्द, गिनाई अपनी उपलब्धि, बोले- फिर भी मुझे कहा जाता है असफल कप्तान

## चैंपियंस ट्रॉफी 2017, विश्व कप 2019, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2021 और टी20 विश्व कप 2021 में उन्होंने टीम की कमान संभाली, चारों मौकों पर वह भारत को चैंपियन बनाने में नाकाम रहे

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने चार आईसीसी टूर्नामेंट में टीम इंडिया की कप्तानी की। चैंपियंस ट्रॉफी 2017, विश्व कप 2019, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2021 और टी20 विश्व कप 2021 में उन्होंने टीम की कमान संभाली। चारों मौकों पर वह भारत को चैंपियन बनाने में नाकाम रहे। इस कारण बहुत सारे लोग उन्हें असफल कप्तान मानते हैं। इस बात को लेकर विराट का दर्द अब बाहर आया है। उनकी कप्तानी में टीम इंडिया चैंपियंस ट्रॉफी 2017 के फाइनल में पाकिस्तान से हारी। उसके बाद 2019 विश्व कप के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ हार का



सामना करना पड़ा। फिर आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप 2021 के फाइनल में न्यूजीलैंड के शिकस्त मिली और टीम इंडिया उसी साल टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में नहीं पहुंच सकी।

***कोहली ने क्या कहा?***

विराट ने शनिवार रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (फ्छइ) के पॉडकास्ट में कहा कि आईसीसी टूर्नमेंट के सेमीफाइनल और फाइनल में पहुंचने के बाद भी उन्हें 'असफल कप्तान' बताया गया। भारतीय रन मशीन कोहली ने पिछले साल सभी प्रारूपों से कप्तानी छोड़ दी थी। उन्होंने कहा, "आप टूनामेंट जीतने के लिए खेलते हो। मैंने 2017 में चैंपियंस ट्रॉफी में कप्तानी की (फाइनल में पहुंचा), 2019 विश्व कप में (सेमीफाइनल में पहुंचा), मैंने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में कप्तानी की (फाइनल में पहुंचा) और 2021 में टी20 वर्ल्ड कप में (नॉकआउट के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहा)। चार आईसीसी टूनामेंट के बाद मुझे एक असफल कप्तान माना गया।" टीम के रवैये में बदलाव लाना मेरी

***सफलताः विराट***

कोहली की कप्तानी में भारतीय अंडर-19 टीम 2008 में विश्व कप जीती थी। विराट ने कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम के रवैये में बदलाव लाना हमेशा उनके लिए गर्व की बात होगी। उन्होंने कहा, "मैंने खुद को उस नजरिए से कभी नहीं आंका। हमने एक टीम के रूप में और अपने रवैये में परिवर्तन के रूप में क्या हासिल किया, यह हमेशा मेरे लिए गर्व की बात होगी। एक टूनामेंट एक निश्चित समय के लिए होता है, लेकिन आपका रवैया लंबे समय तक साथ रहता है और इसके लिए आपको निरंतरता की आवश्यकता होती है।" विराट कोहली

***'मैंने एक खिलाड़ी के रूप में विश्व कप जीता'***

विराट ने कहा, "मैंने एक खिलाड़ी के रूप में विश्व कप जीता है। मैंने एक खिलाड़ी के रूप में चैंपियंस ट्रॉफी जीती। मैं उस टीम का हिस्सा रहा हूं जिसने पांच टेस्ट गदा जीते हैं। अगर आप उस नजरिए से देखें तो ऐसे लोग रहे हैं, जिन्होंने कभी विश्व कप नहीं जीता।" विराट ने 2011 के वनडे विश्व कप के गौरव को भी याद किया जब महेंद्र सिंह धोनी ने वानखेड़े की खचाखच भरी भीड़ के सामने भारत को खिताबी जीत दिलाई थी।

***'ट्रॉफी कैबिनेट को भरने के लिए पागल नहीं हूं'***

कोहली ने कहा, "ईमानदारी से कहूं तो मैं 2011 की उस टीम का हिस्सा बनने के लिए काफी भाग्यशाली था। सचिन तेंदुलकर अपना छठा विश्व कप खेल रहे थे और वही उन्होंने जीता था। मैं पहली बार टीम का हिस्सा बनने में सक्षम था और मैं जीतने वाली टीम का हिस्सा बन गया। मैं उन चीजों को देख रहा हूं जिनके लिए मैं आभारी हूं, न कि इसके लिए कि मेरे करियर में क्या गलत हुआ है। मैं अपनी ट्रॉफी कैबिनेट को भरने के लिए पागल नहीं हूं।" विराट ने 15 साल के करियर में भारत के लिए 106 टेस्ट, 271 वनडे और 115 टी20 खेले हैं, जिसमें 25000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय रन बनाए हैं।"

## 25 फरवरी : ऑस्ट्रेलिया के सर्वकालिक महान बल्लेबाज डॉन ब्रैडमैन का निधन



**नई दिल्ली।** क्रिकेट में जब भी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज की बात होती है तो डॉन ब्रैडमैन का नाम लिया जाता है। ऑस्ट्रेलिया के इस बल्लेबाज के रिकॉर्ड का पहाड़ इतना ऊंचा था कि उसे लांघने में दुनिया के बेहतरीन बल्लेबाजों को कई बरस लगे। हालांकि उनके कुछ रिकॉर्ड आज भी अटूट बने हुए हैं। 25 फरवरी 2001 को 92 वर्ष की आयु में अंतिम सांस लेने वाले सर डोनाल्ड जार्ज ब्रैडमैन ने टेस्ट क्रिकेट में 99.94 के औसत से 6,996 रन बनाए। उनकी रनसंख्या के आंकड़े को भले ही बहुत से बल्लेबाजों ने पार कर लिया हो, लेकिन उनके औसत को आज तक कोई बल्लेबाज छू भी नहीं पाया है। ब्रैडमैन के कुछ रिकॉर्ड की बात करें तो उन्होंने 1928 से 1948 के बीच इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए मैचों में प्रत्येक पारी में 100 रन बनाते हुए कुल 19 शतक बनाए। 1930 में इंग्लैंड के अपने पहले दौरे में उन्होंने 334 रन के व्यक्तिगत स्कोर का रिकॉर्ड बनाया। यह रिकॉर्ड बाद में तोड़ दिया गया, लेकिन उस समय एक पारी में तिहरा शतक लगाना सपने जैसा था। उन्होंने 1934 में भी इंग्लैंड के खिलाफ 304 रन बनाकर इस कारनामे को एक बार फिर अंजाम दिया था।

# परिवार से बाहर सिर्फ किसने किया था कोहली से संपर्क, विराट ने खुद बताया

## कोहली ने 2008 से 2019 के बीच 11 साल तक धोनी के साथ ड्रेसिंग रूम साझा किया

**नई दिल्ली।** दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने कहा कि क्रिकेट के मैदान पर जब वह खराब दौर से गुजर रहे थे तब महेन्द्र सिंह धोनी इकलौते व्यक्ति थे, जिन्होंने उनसे बातचीत की थी। कोहली ने पिछले महीने चार-एकदिवसीय मैचों में तीन शतकीय पारी खेल अपनी पुरानी लय हासिल की। उन्होंने इससे पहले सितंबर 2022 में एशिया कप टी-20 टूर्नामेंट में शतक लगाकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शतकों के तीन साल के सूखे को खत्म किया था। कोहली और धोनी के बीच मजबूत रिश्ता है। कोहली की ये बातें इसका तस्दीक करती हैं।



कोहली ने आरसीबी पोडकास्ट से कहा, उस समय अनुष्का मेरी सबसे बड़ी ताकत थी क्योंकि वह मेरे साथ रह रही थी और उसने बहुत करीब से देखा कि मैंने कैसा महसूस किया है... इस दौरान मेरे बचपन के कोच और परिवार के अलावा एमएस धोनी इकलौते व्यक्ति थे, जिन्होंने मुझसे संपर्क किया था। कोहली ने 2008 से 2019 के बीच 11 साल तक धोनी के साथ ड्रेसिंग रूम साझा किया है। उन्होंने रांची के करिश्माई क्रिकेटर को अपना हमेशा का कप्तान बताया। कोहली ने कहा, उन्होंने मुझसे खुद संपर्क किया, क्योंकि धोनी से संपर्क करना काफी मुश्किल है।

अगर मैं उन्हें किसी भी दिन फोन करता हूं, तो 99 प्रतिशत वह (फोन) नहीं उठा पाते हैं, क्योंकि वह फोन से दूर रहते है। उन्होंने कहा, ऐसे में उनकी तरफ से संपर्क किया जाना और वह भी दो बार (किया जाना), अच्छा रहा। उन्होंने मुझे समझाया था, जब आपसे मजबूत होने की उम्मीद की जाती है और आपको मजबूत व्यक्ति के रूप में देखा जाता है तो लोग यह पूछना भूल जाते हैं कि आप कैसे हैं? कोहली ने बताया, उनकी (धोनी की) बातों का मुझपर गहरा असर हुआ, क्योंकि मुझे हमेशा एक ऐसे व्यक्ति के रूप में देखा गया है जो बहुत आत्मविश्वासी है, मानसिक रूप से बहुत मजबूत है, जो किसी भी परिस्थिति को सहन कर सकता है और रास्ता निकाल सकता है, साथ ही हमें रास्ता दिखा सकता है। इस दिग्गज बल्लेबाज ने कहा, कभी-कभी, आप जो महसूस करते हैं वह यह है कि जीवन में किसी भी समय एक इंसान के तौर पर आपको कुछ कदम पीछे खींचने और यह समझने की जरूरत होती है कि आपकी खुद की भलाई किन चीजों से है। कोहली ने जब जनवरी 2022 में दक्षिण अफ्रीका के दौरे के बाद अचानक टेस्ट कप्तानी छोड़ दी, तब भी उन्होंने कहा था कि सिर्फ धोनी ने ही उन्हें संदेश (मैसेज) भेजा था।

## ऋचा घोष बन सकती हैं प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट



महिला टी20 विश्व कप अपने आखिरी पड़ाव पर पहुंच चुका है। इस टूनार्मेंट का खिताबी मुकाबला 26 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच होगा। अफ्रीकी टीम पहली बार किसी टूनार्मेंट के फाइनल में पहुंची है। भारतीय टीम का सफर इस टूनार्मेंट में खत्म हो चुका है। भारत को सेमीफाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच रन से हार का सामना करना पड़ा। इस टूनार्मेंट में भारत के लिए कई खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

भारत के लिए भले ही यह टूनार्मेंट खत्म हो चुका हो, लेकिन भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष प्लेटर ऑफ द टूनार्मेंट चुनी जा सकती है। ऋचा ने इस टूनार्मेंट में भारत के लिए फिनिशर का रोल बखूबी निभाया। उन्हों दो पारियों में 40 रन से ज्यादा का स्कोर बनाया और सिर्फ दो मैच में ही आउट हुईं। उनका स्ट्राइक रेट भी 130 से ज्यादा का था और उन्होंने 68 के औसत से कुल 136 रन बनाए।


आईसीसी ने कुल नौ खिलाड़ियों को इस पुरस्कार के लिए नामित किया है। इनमें ऑस्ट्रेलिया की सबसे ज्यादा तीन खिलाड़ी हैं। इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका की दो खिलाड़ी यह अवॉर्ड जीतने की दावेदार हैं। वहीं, भारत और वेस्ट इंडीज के एक-एक खिलाड़ी भी इस सूची में हैं। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों के पास फाइनल में बेहतर प्रदर्शन कर अपनी दावेदारी और मजबूत करने का मौका है। इससे साफ है कि ऑस्ट्रेलिया की टीम और दक्षिण अफ्रीका की दो खिलाड़ी फाइनल में कमाल कर यह अवॉर्ड जीतने की प्रबल दावेदार हैं।

***इन खिलाड़ियों से है ऋचा घोष का मुकाबला***

नेट शिवर ब्रंट (इंग्लैंड): 72 के औसत से 216 रन, तीन कैच
सोफी एकलेस्टन(इंग्लैंड): 7.54 के औसत से 11 विकेट
मेग लेनिंग (ऑस्ट्रेलिया): 69.50 के औसत से 139 रन
एलिसा हीली (ऑस्ट्रेलिया): 57 के औसत से 171 रन
हीली मैथ्यूज (वेस्टइंडीज): 43.33 के औसत से 130 रन, चार कैच और चार विकेट
एश्ले गार्डनर (ऑस्ट्रेलिया): 40.50 के औसत से 81 रन और नौ विकेट
लॉरा वोल्डवार्ट (दक्षिण अफ्रीका): 42.25 के औसत से 169 रन
तजमीन ब्रिस्ट (दक्षिण अफ्रीका): 44 के औसत से 176 रन और छह कैच।

# भारत से हार के बाद भी ऑस्ट्रेलिया के प्रदर्शन से खुश हैं ग्लेन मैक्सवेल बोले- हमने बराबरी की टक्कर दी

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल का मानना है कि भारत के खिलाफ दिल्ली टेस्ट की दूसरी पारी को छोड़कर उनकी टीम का प्रदर्शन पहले दो टेस्ट मैचों में शानदार रहा है। दिल्ली टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की टीम मजबूत स्थिति में थी लेकिन मैच के तीसरे दिन दूसरी पारी में महज 52 रन के अंदर नौ विकेट गंवाकर टीम बैकफुट पर आ गयी। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड के मुताबिक मैक्सवेल ने कहा, मुझे लगता है कि उन्होंने बहुत जज्बा दिखाया है। उस एक सत्र के अलावा मुझे लगा कि वे शानदार रहे है। वह बहुत मुश्किल जगह (टेस्ट मैच के लिए) है। वहां खेलना आसान नहीं है। हमारे लिए वहां की परिस्थिति काफी अलग है। इस दौरे की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए टीम में वापसी करने



वाले मैक्सवेल ने कहा, मुझे ऐसा लगता है, हमने बराबरी की टक्कर दी और हमरा प्रदर्शन भारत के बराबर ही रहा है। टीम ने काफी हौसला दिखाया। ऑस्ट्रेलिया के मौजूदा खिलाड़ियों में स्टीव स्मिथ के अलावा मैक्सवेल एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने भारत में टेस्ट शतक बनाया है। पैर में फ्रैक्चर के कारण पांच महीने तक खेल से दूर रहे मैक्सवेल ने कहा, यह बस थोड़ा और जज्बा दिखाने के बारे में है। भारत के खिलाफ जब हम मैच में हावी होंगे तो हमें उन पलों पर और अधिक देर तक पकड़ बनानी होगी। इस हरफनमौला ने कहा, तीसरे दिन (दिल्ली में) की शुरूआत में मुझे लगा कि हम मैच में बहुत आगे हैं, और टेस्ट में किसी भी समय भारत से आगे रहना एक संकेत है कि हम सही चीजों को सही तरीके से कर रहे हैं। इन चीजों को थोड़ी और देर तब बनाये रखने की कोशिश करनी होगी। मैक्सवेल को 17 मार्च से भारत में शुरू होने वाले तीन मैचों के लिए एकदिवसीय टीम में शामिल किया गया है।

पिछले नवंबर में एक जन्मदिन की पार्टी में चोटिल होने के बाद उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला है। उन्होंने कहा, मैं पिछले कुछ समय से लगातार चयनकताओं के संपर्क में हूं और यह शायद उतनी तेजी से नहीं हुआ जितना मैं चाहता हूं। उन्होने कहा, पिछले साल विश्व कप के बाद मैं काफी थकान महसूस कर रहा था। इस तरह (चोटिल होकर) हालांकि खेल से दूर होना अच्छा नहीं होता लेकिन मुझे जरूरी विश्राम मिला।

## अजिंक्य रहाणे से बातचीत से मिली थी स्पिनरों को खेलने की मददः पीटर हैंड्सकॉम्ब

**इंदौर।** ऑस्ट्रेलिया के मध्यक्रम के बल्लेबाज पीटर हैंड्सकॉम्ब ने भारत के पूर्व उप-कप्तान अजिंक्य रहाणे के साथ उस बातचीत को याद किया जिससे उन्हें उपमहाद्वीप में स्पिन गेंदबाजी का सामना करने में मदद की। हैंड्सकॉम्ब ने 2016 में आईपीएल के दौरान रहाणे के साथ ड्रेसिंग रूम साझा किया था। रहाणे ने इस दौरान हैंड्सकॉम्ब को स्पिनरों को बल्लेबाजी के दौरान पैर और कलाई के उपयोग करने के बारे में बताया था। हैंड्सकॉम्ब ने सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड से कहा, वह अपने पिछले पैर का इस्तेमाल करते हुए स्पिनरों को आसानी से मिडविकेट की ओर खेल रहे थे। इससे मैं आश्चर्यचकित हो रहा था। उन्होंने कहा, स्पिनरों के खिलाफ रहाणे की बल्लेबाजी देख कर मैं सोच रहा था कि मुझे यह सिखाने के लिए किसी की जरूरत है। मैंने उनसे स्पिनरों के खिलाफ बल्लेबाजी में कदमों के इस्तेमाल के तरीके पर बातचीत की। हैंड्सकॉम्ब ने कहा, जब आप अपने पिछले पैर का इस्तेमाल करते है तो इससे रन बनाने में मदद मिलती है। अगर गेंद विकेट के करीब टप्पा खा रही है तो आप अगले पैर का इस्तेमाल कर सकते हैं। अच्छी गेंदों पर रक्षात्मक खेल के साथ आपको उसका सम्मान करना होगा। दिल्ली में खेले गए दूसरे टेस्ट की पहली पारी में 142 गेंद में नाबाद 72 रन बनाने वाले हैंड्सकॉम्ब दूसरी पारी में स्वीप शॉट लगाने की कोशिश में बिना खाता खोले पगबाधा हो गये। हैंड्सकॉम्ब ने कहा, भारत ने इन परिस्थितियों में मुझे गच्चा खाने पर मजबूर कर दिया।

# इंदौर टेस्ट से पहले ट्रेविस हेड का बड़ा बयान, भारतीय स्पिनरों के खिलाफ करेंगे आक्रामक बल्लेबाजी

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के वामहस्त बल्लेबाज ट्रेविस हेड एक मार्च से इंदौर में शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट में भारतीय स्पिनरों के खिलाफ आक्रामक रवैया बनाये रखने का फैसला किया है। ऑस्ट्रेलिया को दूसरे टेस्ट तीन के दिन के अंदर हार का सामना करना पड़ा था और टीम रविवार को मैच खत्म होने के बाद यही रुकी रही। कोहनी में फ्रैक्चर के कारण सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर स्वदेश लौट गये हैं ऐसे में एक मार्च से इंदौर में शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट में उस्मान ख्वाजा के साथ हेड पारी का आगाज करेंगे। वह नागपुर में खेले गए श्रृंखला के पहले टेस्ट में टीम का हिस्सा नहीं थे। नागपुर मे अंतिम एकादश में जगह नहीं मिलने के बारे में पूछे जाने पर हेड ने कहा, यह कुछ ऐसा था जिसकी यहां आने के बाद मुझे उम्मीद नहीं थी। उन्होंने कहा, इसको लेकर काफी चर्चा हुई। इस पर सबके अलग-अलग मत हैं। मैं कोचिंग स्टाफ और चयनकताओं का सम्मान करता हूं। मेरा उनके साथ काफी मजबूत रिश्ता है। उन्होंने कहा, मैच शुरू होने के अगले दिन मैंने खुद से कहा कि मैं अब भी दौरे पर हूं और ऑस्ट्रेलिया के लिए खेल रहा हूं। मैं अब भी वहीं कर रहा हूं जो मुझे पसंद है। मैं प्रतिस्पर्धा करना और खेलना पसंद करता हूं। लेकिन एक और तरीका है जिससे मैं खिलाड़ियों का समर्थन कर सकता हूं और अपने मौके की बेहतर तैयारी कर सकता हूं। मुझे अब भी लगता है कि मैं एक बेहतरीन जगह पर हूं। यह सिर्फ एक सप्ताह था जो मेरे मुताबिक नहीं रहा। टेस्ट मैच में पहली बार पारी का आगाज करते हुए हेड ने आक्रामक बल्लेबाजी की और मैच के दूसरे दिन भारतीय स्पिनरों को दबाव में ला दिया। तीसरे दिन का खेल शुरू होने के बाद पहली ही गेंद पर उनके आउट होने के बाद भारत ने मैच पर शिकंजा कस दिया। ऑस्ट्रेलिया ने 52 रन के अंदर नौ विकेट गंवा दिये। हेड ने कहा कि कोटला में दूसरी पारी में 43 रन बनाकर उनका काफी आत्मविश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा, वे बेहद कुशल गेंदबाज हैं, लेकिन जिस तरह से मैं कदमों का इस्तेमाल कर आगे और पीछे जा रहा था उससे मैं वास्तव में खुश था। यह एक छोटी सी झलक थी लेकिन कई बार छोटे नमूने काफी हौसला बढ़ाने वाले होते है। ऑस्ट्रेलिया की टीम चार मैचों की श्रृंखला में 0-2 से पीछे है और हेड ने भी माना कि श्रृंखला में वापसी के लिए उनकी टीम को कड़ी मेहनत करनी होगी। उन्होंने कहा, हमारी टीम काफी मजबूत और एकजुट है। मैच के दौरान ऐसा समय होगा जब हमारी स्थिति मजबूत नहीं होगी लेकिन इससे निपटना होगा। आप जैसा चाहते है वैसी परिस्थियां नहीं होंगी उन्होंने कहा, हमरे लिए अगले दो सप्ताह में हालांकि यह चुनौती की होगा। हमें यह देखना होगा कि कैसे लय हासिल करे और फिर उस पर पकड़ बनाये। दर्शकों के भरे स्टेडियम में शोर के बीच खुद का समर्थन करना होगा। कप्तान पैट कमिंस अपनी बीमार मां के साथ रहने के लिए घर वापस चले गए हैं और तीसरे टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे। हेड ने कहा कि परिस्थितियों को देखते हुए कमिंस का ऑस्ट्रेलिया में रहना अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, हम एक करीबी समूह हैं, इसलिए बहुत सारे लोगों ने उससे बातचीत की है। यहाँ (टीम में) उनके बहुत करीबी दोस्त हैं और उसके लिए यह मुश्किल समय है। हेड ने कहा, जीवन क्रिकेट से बड़ी चीज है और इस समय उसका घर पर रहना यहां रहने से ज्यादा जरूरी है। हम एक टीम के रूप में उसका समर्थन करते है और किसी की गैरमौजूदगी में आगे बढ़ने के तरीके ढूंढते हैं।



## विमेंस प्रीमियर लीग के लिए मुंबई इंडियंस की जर्सी जारी, गुलाबी-नीले रंग में दिखेगी हरमनप्रीत की टीम

मुंबई इंडियंस ने महिला प्रीमियर लीग के पहले सीजन के लिए अपनी जर्सी का एलान कर दिया है। मुंबई इंडियंस ने जर्सी का अनावरण करने के लिए अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो जारी किया। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम चार मार्च को डीवाई पाटिल स्टेडियम में गुजरात जायंट्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगी। महिला टीम के कोचिंग स्टाफ में शार्लेट एडवर्ड्स (हेड कोच), झूलन गोस्वामी (टीम मेंटर और बॉलिंग कोच) और देविका पलशिकार (बल्लेबाजी कोच) हैं। विमेंस प्रीमियर लीग के पहले सीजन में कुल पांच टीमें हैं। दिल्ली कैपिटल्स, गुजरात जायंट्स, मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और यूपी वारियर्स ने विमेंस प्रीमियर लीग के पहले सीजन के लिए खिलाड़ियों की नीलामी में जमकर पैसा लुटाया और कई बेहतरीन खिलाड़ियों को खरीदा है। भारत की स्मृति मंधाना इस नीलामी में सबसे ज्यादा कीमत पर बिकने वाली खिलाड़ी रहीं। उन्हें रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने 3.40 करोड़ रुपये में खरीदा। टीम इंडिया की कप्तान हरमनप्रीत कौर को मुंबई इंडियंस ने 1.80 करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ा, जबकि भारत और दुनिया भर के बाकी सितारों पर भी लाखों की बोली लगी। विदेशी खिलाड़ियों में, ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर एश्ले गार्डनर और इंग्लैंड की ऑलराउंडर नताली शिवर पर सबसे ज्यादा बोली लगी। गार्डनर को गुजरात जायंट्स और शिवर को मुंबई इंडियंस ने 3.20 करोड़ रुपये में खरीदा। महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम की कप्तान शेफाली वर्मा को सबसे ज्यादा पैसे मिले। उन्हें दिल्ली कैपिटल्स ने दो करोड़ रुपये में खरीदा। महिला प्रीमियर लीग के पहले सीजन में कुल 20 लीग मैच और दो प्लेऑफ मैच होंगे। 23 दिन तक चलने वाले इस टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला 26 मार्च को ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला जाएगा। इस टूनार्मेंट के बाद आईपीएल की शुरूआत होगी। विमेंस प्रीमियर लीग के सभी मैच मुंबई में ही खेले जाएंगे, लेकिन लोकप्रियता बढ़ने पर आगामी सीजन में मुकाबले अलग-अलग मैदानों में भी हो सकते हैं।



# 'अमृत काल के पहले बजट में युवाओं के भविष्य को दी गई अहमियत': पीएम मोदी

## युवा शक्ति का दोहन–कौशल और शिक्षा पर बजट के बाद के वेबिनार को संबोधित कर बोले–विकसित भारत के विजन को लेकर देश के अमृत यात्रा का नेतृत्व हमारे युवा ही कर रहे हैं

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को युवा शक्ति का दोहन-कौशल और शिक्षा पर बजट के बाद के वेबिनार को संबोधित किया।




अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत के विजन को लेकर देश के अमृत यात्रा का नेतृत्व हमारे युवा ही कर रहे हैं। इसलिए अमृतकाल के इस प्रथम बजट में युवाओं को और उनके भविष्य को सबसे ज्यादा अहमियत दी गई है। पीएम ने आगे कहा कि हमारी शिक्षा प्रणाली व्यावहारिक और उद्योग उन्मुख हो। ये बजट इसकी नींव मजबूत कर रहा है।

पीएम मोदी ने कहा कि नई टेक्नोलॉजी नई तरह की क्लासरूम के निर्माण में भी मदद कर रहे हैं। कोविड के दौरान हमने अनुभव भी किया है, इसलिए आज सरकार ऐसे टूल्स पर फोकस कर रही है जिससे कहीं भी ज्ञान की पहुंच सुनिश्चित हो सके। आज भारत को दुनिया विनिर्माण हब के रूप में देख रही है। इसलिए आज भारत में निवेश को लेकर दुनिया में उत्साह है। ऐसे में कुशल कार्यबल आज बहुत काम आती है। पीएम मोदी ने कहा सरकार ऐसे उपकरणों पर ध्यान केंद्रित कर रही है जिससे कहीं भी शिक्षा प्राप्त करना सुनिश्चित हो सके। आज हमारे ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म में 3 करोड़ सदस्य हैं। वर्चुअल लैब और राष्ट्रीय डिजिटल लाइब्रेरी में भी ज्ञान का बहुत बड़ा माध्यम बनने की संभावना है।

नई शिक्षा नीति को लेकर पीएम मोदी ने कहा कि वर्षों से हमारा शिक्षा क्षेत्र कठोरता का शिकार रहा है। हमने इसे बदलने का प्रयास किया है। हमने युवाओं की शिक्षा और कौशलता को युवाओं की योग्यता और आने वाली मांग के मुताबिक नई दिशा दी। नई शिक्षा नीति में भी शिक्षा और कौशल दोनों पर समान जोर दिया गया है।

***भारत को विनिर्माण हब के रूप में देख रही दुनिया***

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज भारत को दुनिया विनिर्माण हब के रूप में देख रही है इसलिए आज भारत में निवेश को लेकर दुनिया में उत्साह है। ऐसे में कुशल कार्यबल बहुत काम आती है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.ड आने वाले वर्षों में लाखों युवाओं को स्किल, रिस्किल, अपस्किल करेगी।

***सभी को मिलेंगे बराबरी के अवसर***

पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे शैक्षिक संस्थान के लिए भी अब देश भर से शिक्षण सामग्री की अनेक प्रकार की विविधताएं, विशेषताएं जैसी अनेक चीजें उपलब्ध होने वाली है। इससे गांव और शहरों के विद्यालयों के बीच जो खाई होती थी, वो भी दूर होगी। सभी को बराबरी के अवसर मिलेंगे।

### जम्मू-कश्मीरः संपत्ति कर लगाने का पीडीपी ने किया विरोध

**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी)के कार्यकताओं ने जम्मू-कश्मीर में अप्रैल से संपत्ति कर लगाने के खिलाफ शनिवार को यहां धरना दिया। पीडीपी कार्यकताओं ने सरकार के आदेश को तुरंत वापस लेने की मांग की। उन्होंने नगर निगम पार्क श्रीनगर के पास पार्टी मुख्यालय से विरोध प्रदर्शन शुरू किया। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने सिटी सेंटर की ओर मार्च करने से रोक दिया।

बाद में प्रदर्शनकारी शांतिपूर्वक तितर-बितर हो गए। पीडीपी के मुख्य प्रवक्ता सुहैल बुखारी ने विरोध प्रदर्शन के बाद कहा, संपत्ति कर अस्वीकार्य है और भारतीय जनता पार्टी इस सरकारी आदेश से खुद को दूर करके लोगों को मूर्ख बना रही है। लोगों को संपत्ति कर लगाने के खिलाफ एकजुट होने की जरूरत है। बुखारी ने कहा कि पहले जम्मू-कश्मीर के लोगों के राजनीतिक अधिकार छीने गए और अब गरीब लोगों को किसी न किसी तरह से परेशान किया जा रहा है। पीडीपी के एक अन्य प्रदर्शनकारी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोग कठिन परिस्थितियों से गुजर रहे हैं।

### शिल्पा शेट्टी का आउटफिट देख यूजर्स ने किया ट्रोल, बोले- अपनी उम्र का लिहाज तो रखिए




**मुंबई।** शिल्पा शेट्टी अक्सर अपनी खूबसूरती, फिटनेस और स्टाइलिश को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। हाल ही उन्होंने मुंबई के एक इवेंट में शिरकत की। इसी से जुड़ा एक वीडियो सामने आया है, जहां उन्होंने बेहद डीप नेक आउटफिट पहना था और उसके साथ एक व्हाइट कोट ले रखा था। लेकिन इस वीडियो के सामने आते ही सोशल मीडिया पर यूजर्स ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया। इस वीडियो में 47 साल की शिल्पा व्हाइट आउटफिट में पैपराजी को पोज देती नजर आईं। एक्ट्रेस का ये लुक बेहद स्टाइलिश और ग्लैमरस था, लेकिन वह खुद इस ड्रेस में कुछ खास कंफर्टेबल नहीं दिखीं। जिसके बाद यूजर्स ने इस पर अपना जमकर रिएक्शन दिया है। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, 'अपनी उम्र का तो लिहाज रखिए'। तो वहीं दूसरे यूजर ने लिखा, 'ये आप पर बिल्कुल अच्छा नहीं लगता'। शिल्पा शेट्टी के वर्कफ्रंट की बात करें तो, तो वह जल्द ही रोहित शेट्टी के अपकमिंग वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स में नजर आएंगी। इस सीरीज में वह पहली बार पुलिस अफसर का रोल निभा रही हैं।

## खास खबर

### चेन्नई एयरपोर्ट पर बरामद हुआ 2 करोड़ से ज्यादा का सोना

चेन्नई। चेन्नई हवाई अड्डे पर कई घटनाओं के दौरान 2 करोड़ रुपये का तीन किलोग्राम से अधिक सोना बरामद किया गया है। इस बात की जानकारी सीमा शुल्क विभाग की ओर से शनिवार को दी गई थी। पहली घटना 22 फरवरी की है, जिसमें अधिकारियों ने बैंकॉक से आए एक यात्री को रोका और उसके सामान की जांच-पड़ताल की। इस दौरान अधिकारियों ने उसके पास छिपाई गई कीमती धातु बरामद की। सीमा शुल्क विभाग की एक प्रेस रिलीज में कहा गया है कि 23 फरवरी को इसी तरह की एक और घटना सामने आई थी। इसमें अधिकारियों ने कोलंबो से आने पर एक श्रीलंकाई यात्री की जांच करने के दौरान पाया कि उसने अपने मलाशय में सोने के पेस्ट छिपाए थे। ऐसे ही, एक निजी एयरलाइन से संबंधित एक कर्मचारी को प्रस्थान क्षेत्र के पास उसकी संदिग्ध गतिविधियों के कारण सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने रोका। प्रारंभिक जांच में उसके पास भी वही कीमती धातु बरामद किए गए जो श्रीलंकाई यात्री के मलाशय से पाया गया था।

### महिला मुखिया को प्रति माह 1,000 रुपये की सहायता देगी सरकार', सीएम स्टालिन का एलान

चेन्नई। इरोड (पूर्वी) सीट पर कांग्रेस-डीएमके मोर्चे के उम्मीदवार ई वी के एस एलंगोवन के लिए चुनाव प्रचार करते हुए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने बड़ी घोषणा की। सीएम स्टालिन ने शनिवार को एलान करते हुए कहा कि अगले राज्य के बजट में परिवारों की महिला मुखियाओं को 1000 रुपये मासिक सहायता आवंटित किया जाएगा। प्रचार अभियान के दौरान स्टालिन ने आगे कहा कि वर्ष 2021 में द्रमुक सरकार ने जब सत्ता संभाली, तब राज्य की वित्तीय स्थिति बहुत खराब थी। लेकिन उसके बावजूद उनकी पार्टी अपने वादों और घोषणाओं को पूरा करने में विफल नहीं हुई। स्टालिन ने एलान किया कि परिवार की प्रत्येक महिला मुखिया को प्रति माह 1,000 रुपये दिया जाएगा।

## कर्नाटक को मिलेगी सौगात, पीएम मोदी सोमवार को शिवमोग्गा हवाईअड्डे का करेंगे उद्घाटन

### पीएम किसान निधी की 13वीं किस्त भी होगी जारी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को कर्नाटक का दौरा करेंगे और शिवमोग्गा में एक हवाईअड्डे तथा कई अन्य विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री नवनिर्मित हवाईअड्डे का जायजा लेंगे और निरीक्षण करेंगे, जिसके बाद वह शिवमोग्गा में कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। चुनावी राज्य कर्नाटक के मोदी के एक दिवसीय दौरे में शिवमोग्गा और बेलगावी जिलों में स्मार्ट सिटी परियोजनाओं, रेलवे और सड़क परियोजनाओं, और जल जीवन मिशन के तहत शिवमोग्गा और बेलागवी जिलों में ग्रामीण जल संपर्क परियोजनाओं सहित नई परियोजनाओं की एक श्रृंखला शुरू की जाएगी। पीएम किसान निधी की 13वीं किस्त भी जारी की जाएगी। शिवमोग्गा में नया हवाई अड्डा लगभग 450 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया गया है। हवाई अड्डे का यात्री टर्मिनल भवन प्रति घंटे 300 यात्रियों को संभाल सकता है। एक सरकारी बयान में कहा गया है कि हवाई अड्डा मलनाड क्षेत्र में शिवमोग्गा और अन्य पड़ोसी क्षेत्रों की



कनेक्टिविटी और पहुंच में सुधार करेगा।

***दो रेलवे परियोजनाओं की भी आधारशिला रखेंगे पीएम***

प्रधानमंत्री शिवमोग्गा में दो रेलवे परियोजनाओं- शिवमोग्गा-शिकारीपुरा-रानेबेन्नूर नई लाइन और कोटेगंगुरु रेलवे कोचिंग डिपो की आधारशिला भी रखेंगे। यह नई लाइन, जिसे 990 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया जाएगा, मलनाड क्षेत्र और बेंगलुरु-मुंबई मेनलाइन के बीच बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। शिवमोग्गा शहर में कोचिंग डिपो को 100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किया जाएगा ताकि शिवमोग्गा से नई ट्रेनें शुरू करने में मदद मिल सके और बेंगलुरू और मैसूरु में कम रखरखाव सुविधाएं मिल सकें।

### दिल्ली हाई कोर्ट ने नये सिरे से चुनाव पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की स्थायी समिति के छह सदस्यों के लिए नये सिरे से चुनाव कराये जाने पर शनिवार को रोक लगा दी। यह चुनाव 27 फरवरी को होने का कार्यक्रम था। न्यायमूर्ति गौरंग कंठ ने अदालत की छुट्टी के दिन एक विशेष सुनवाई में कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि 24 फरवरी को हुए चुनाव के परिणाम घोषित किये बगैर महापौर सोमवार को नये सिरे से चुनाव करा रही हैं, जो नियमों का उल्लंघन है।

उल्लेखनीय है कि महापौर निर्वाचन अधिकारी भी हैं। उच्च न्यायालय ने कहा कि यहां नियमों से यह प्रदर्शित होता है कि दिल्ली के महापौर के पास स्थायी समिति के चुनाव को अवैध एवं अमान्य घोषित करने की शक्ति है। उच्च न्यायालय ने पिछले चुनाव के परिणाम घोषित किये बगैर नये सिरे से चुनाव कराने के निर्णय को चुनौती देने वाली दो याचिकाओं पर निर्वाचन अधिकारी और अन्य को नोटिस जारी किया। न्यायाधीश ने कहा, इस बारे में नोटिस जारी किया जाए कि सुनवाई की अगली तारीख तक नये सिरे से चुनाव कराने पर रोक लगी रहेगी।

## नीतीश विकासवादी से अवसरवादी बने, पीएम बनने की इच्छा ने उन्हें बदल दिया, शाह का आरजेडी-जेडीयू पर निशाना

### शाह ने कहा, आया राम, गया राम अब बहुत हुआ

**लौरिया (बिहार)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को आरोप लगाया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी प्रधानमंत्री पद की महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का साथ छोड़कर कांग्रेस और राजद से हाथ मिलाया है। शाह ने कहा कि नीतीश कुमार की यह महत्वाकांक्षा प्रत्येक तीन वर्ष में जोर पकड़ लेती है। भाजपा के वरिष्ठ नेता शाह ने पश्चिम चंपारण जिले के लौरिया में एक जनसभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि कुमार राजद नेता तेजस्वी यादव को अगला मुख्यमंत्री बनाने के लिए सहमत हो गए हैं और कहा कि उन्हें घोषणा करनी चाहिए कि वह वह ऐसा कब करना चाहते हैं। बाल्मीकि नगर लोकसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा में शाह ने कुमार पर बिहार को 'जंगल राज' में धकेलने का आरोप लगाया जिसके लिए वह पूर्ववर्ती



कांग्रेस और राजद शासन को दोषी ठहराया करते थे।

शाह ने कहा, आया राम, गया राम अब बहुत हुआ, नीतीश कुमार के लिए पार्टी के दरवाजे अब हमेशा के लिए बंद हैं। उन्होंने कहा, जय प्रकाश नारायण के दिनों से कांग्रेस और 'जंगलराज' के खिलाफ जीवन भर संघर्ष करने के बाद अब नीतीश कुमार बिहार में 'जंगलराज' लाने वाले लालू प्रसाद की गोद में और सोनिया गांधी के चरणों में बैठ गए हैं। वह प्रधानमंत्री पद की अपनी महत्वाकांक्षा के लिए 'विकासवादी' से 'अवसरवादी' बन गए हैं। उन्होंने कहा, बहुत हुआ 'आया राम, गया राम', नीतीश कुमार के लिए भाजपा के दरवाजे हमेशा के लिए बंद हो गए हैं। शाह ने कुमार की पार्टी पर नये गठबंधन सहयोगी के हावी होने की आशंकाओं की ओर परोक्ष तौर पर इशारा करते हुए कहा कि पानी और तेल मिल नहीं सकते। इसलिए, यहां जो राजद है वह तेल की तरह सतह पर तैरता है जबकि जद (यू) पानी की तरह नीचे रहता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पिछले साल गठबंधन बनाने के समय, जद (यू) नेता ने राजद प्रमुख प्रसाद के साथ उनके बेटे तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए एक गुप्त समझौता किया था। शाह ने परोक्ष तौर पर उपेंद्र कुशवाहा के हाल ही में जदयू छोड़ने की ओर इशारा करते हुए कहा, इससे जद (यू) में ही बहुत भ्रम उत्पन्न हो गया है। शाह ने कहा, लोगों के मन में भी संदेह उत्पन्न हो गया है। यदि उन्होंने (कुमार) इस तरह का समझौता किया है, तो उन्हें उस तारीख को सार्वजनिक करना चाहिए जिस दिन वह अपने कनिष्ठ को प्रभार सौंपना चाहते हैं और राज्य को 'जंगल राज' में धकेलना चाहते हैं जिसे उन्होंने जड़ से उखाड़ने की कसम खाई थी। केंद्रीय गृहमंत्री ने याद दिलाया कि भाजपा ने पिछले विधानसभा चुनावों में जद (यू) की तुलना में कहीं अधिक सीटें जीती थीं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुमार को एक और कार्यकाल के लिए समर्थन देने का अपना वादा निभाया। भाजपा के प्रमुख रणनीतिकार माने जाने वाले शाह ने कहा, ह्यह्यनीतीश और लालू बिहार को पिछड़ेपन के भंवर से बाहर नहीं निकाल सकते। यह सही समय है कि भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ राज्य में अपनी सरकार बनाए।

## सुकमा में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, डीआरजी के तीन जवान शहीद, दो घायल

### नक्सलियों ने घात लगाकर किया हमला

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच बड़ी मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में डिस्ट्रिक्ट रिजर्व ग्रुप (डीआरजी) के तीन जवान शहीद हो गए हैं। बताया जा रहा है कि मुठभेड़ शनिवार सुबह



जगरगुंडा के पास आश्रम पारा में हुई है। इस दौरान दोनों ओर से ताबड़तोड़ फायरिंग हुई। इस दौरान बम धमाके की आवाज भी सुनी गई। बताया जा रहा है कि सुरक्षाबलों के जवान सर्चिंग अभियान पर निकले थे, तभी नक्सलियों ने फायरिंग कर दी। मृतकों में एएसआई रामूराम नाग, सहायक कांस्टेबल कुंजम जोगा और सैनिक वंजम भीमा शामिल हैं। हमले में दो जवान घायल भी हुए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार जगरगुंडा क्षेत्र के नए स्थापित कुंदेड़ कैम्प से एरिया डोमिनेशन पर पार्टी निकली थी। तभी कैम्प से दो किमी दूर आश्रमपारा के पास सुबह आठ बजे नक्सलियों ने घात लगाकर जवानों पर हमला कर दिया। सुकमा एसपी सुनील शर्मा ने बताया कि सुबह करीब साढ़े नौ बजे मुठभेड़ थमी। बैकअप पार्टी को घटनास्थल की ओर भेजा गया है। क्षेत्र की सर्चिंग की जा रही है।

## घरेलू हिंसा के लंबित मामलों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, केंद्र से राज्यों के प्रधान सचिवों की बैठक बुलाने को कहा

### अधिकारियों की नियुक्ति में कमी निराशाजनक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने घरेलू हिंसा के लंबित मामलों पर नाराजगी जाहिर की है। शीर्ष न्यायालय ने महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने वाले कानून को लागू करने से जुड़ी समस्याओं पर गौर करने के लिए केंद्र से सभी राज्यों के प्रधान सचिवों की बैठक बुलाने को कहा है। कोर्ट ने कहा कि जुलाई 2022 तक देश में घरेलू हिंसा के चार लाख 71 हजार मामले लंबित थे, जो काफी दुखद है। शीर्ष अदालत ने घरेलू हिंसा कानून के तहत संरक्षण अधिकारियों की नियुक्ति का उल्लेख करते हुए कहा कि इनकी संख्या निराशाजनक है। जस्टिस एसआर भट और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि एक जिले के लिए ऐसे एक अधिकारी का होना काफी अपर्याप्त होगा क्योंकि उनमें से प्रत्येक लगभग 500-600 मामलों को संभालेगा। वैवाहिक घरों में प्रताड़ित महिलाओं को प्रभावी कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए देश भर में पर्याप्त



बुनियादी ढांचे और उनके लिए शेल्टर होम की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए पीठ ने यह बाते कहीं। पीठ ने कहा कि इन परिस्थितियों में यह आवश्यक होगा कि देशभर में इस पहलू पर गहनता से विचार हो। शीर्ष अदालत ने महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सचिव को इस मुद्दे से निपटने के लिए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रधान सचिवों की बैठक बुलाने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बैठक में वित्त, गृह और सामाजिक न्याय मंत्रालयों के सचिव और राष्ट्रीय महिला आयोग और राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण के अध्यक्षों के नामितों को भी भाग लेना चाहिए। कोर्ट ने पहली बैठक को तीन सप्ताह के भीतर बुलाने को भी कहा। पीठ ने यह भी निर्देश दिया कि एक एकीकृत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम ₹मिशन शक्ति₹ के कार्यान्वयन के संबंध में एक स्थिति रिपोर्ट भी रिकॉर्ड पर रखी जाए।

## नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने अब कर्मचारियों का वेतन रोका

### सेल्स टैक्स में भी इजाफा

**कराची।** नकदी संकट से जूझ रही पाकिस्तान सरकार ने महालेखाकार को मौजूदा आर्थिक संकट के कारण वेतन समेत अन्य खर्चों को मंजूरी नहीं देने का निर्देश दिया है। 'द न्यूज इंटरनेशनल' ने आधिकारिक सूत्रों के हवाले से बताया है कि वित्त व राजस्व मंत्रालय ने पाकिस्तान के महालेखाकार (एजीपीआर) को अगली सूचना तक संघीय मंत्रालयों/डिवीजनों और संबद्ध विभागों के सभी बिलों को मंजूरी देने पर रोक लगाने का भी निर्देश दिया है।

समाचार पत्र ने बताया कि परिचालन लागत से संबंधित रिलीज को मुख्य रूप से देश के सामने आर्थिक कठिनाई के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार कुछ सप्ताह पहले 2.9 बिलियन अमरीकी डालर के चिंताजनक स्तर पर पहुच गया था यह अब 4 बिलियन अमरीकी डॉलर के करीब पहुंच गया है। पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष



(आईएमएफ) से वित्त पोषण की 1.1 बिलियन अमरीकी डालर की किस्त का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। वित्त मंत्री इशाक डार से जब अखबार ने इस मसले पर टिप्पणी के लिए संपर्क किया तो उन्होंने कहा कि यह असत्य हो सकता है लेकिन उन्होंने साथ ही पुष्टि के बाद सही स्थिति की जानकारी देने का वादा किया।

सूत्रों ने कहा कि वे अपने बकाया बिलों को मंजूरी देने के लिए एजीपीआर कार्यालय गए थे लेकिन उन्हें सूचित किया गया कि वित्त मंत्रालय ने उन्हें मौजूदा कठिन वित्तीय स्थितियों के कारण वेतन सहित सभी बिलों को मंजूरी देने से रोकने का निर्देश दिया है।

## महागठबंधन की महारैली में लालू का एलान- मोदी-आरएसएस का रथ बिहार ही रोकेगा, नीतीश बोले- भ्रमित कर रहा केंद्र

### नीतीश ने कहा- शिक्षकों की भारी तादाद में बहाली भी होगी, वेतन भी बढ़ेगा

**पटना।** पूर्णिया में महागठबंधन की महारैली के मंच पर राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद भले नहीं थे, लेकिन अरसे बाद उन्हें वर्चुअल माध्यम से सुनने वाले भी उत्साहित थे। इसी उत्साह को देखते हुए राजद अध्यक्ष ने कहा- खुश हैं कि पूर्णिया में लाखों लाख की भीड़ जुटी। आज देश टुकड़े-टुकड़े की होने कगार पर पहुंच चुका है। भाजपाई को कोई शर्म नहीं। अपने अंदाज में लालू ने कहा कि फ₹र-भाजपा का रथ तब भी बिहार में रोका गया था, इस बार भी इस काम को बिहार से ही किया जाएगा। लालू ने सबसे पहले भीड़ को लेकर कहा कि यह एकजुटता यह प्रमाणित करेगा कि भविष्य में जो लोकसभा चुनाव होने वाला है, वह हम इसी एकता के साथ लड़ेंगे ताकि भाजपा-आरएसएस का



सफाया हो। उन्होंने कहा कि भाजपा कोई पार्टी नहीं, आरएसएस का मुखौटा है। दोनों आरक्षण विरोधी है। देश में तानाशाह नरेंद्र मोदी सरकार है। ऐसे में हम सब देश को बचाने के लिए, लोकतंत्र को बचाने, संविधान को बचाने के लिए एकजुट रहेंगे। लालू ने कहा कि बिहार परिवर्तन करता है तो देश पर असर पड़ता है। देश बिहार का अनुसरण करता है। उन्होंने गुरु गोलवलकर के बंच ऑफ थॉट का जिक्र करते हुए कहा कि उसमें काशी विश्वनाथ मंदिर में घुसने पर दलितों के साथ दुर्व्यवहार की बात लिखी थी। किताब में लिखते हैं कि आरक्षण को खत्म करना चाहिए, इसकी जरूरत नहीं है। लालू ने कहा कि हम और नीतीश एक हो गए हैं। कोई भ्रम में नहीं रहे। गठबंधन विचारधारा और धारा का है। हम 2024-25 के चुनाव में इसी एकता से रिकॉर्ड तोड़ेंगे। उन्होंने अपने संबोधन में किडनी दान से जान बचाने के लिए बेटी रोहिणी आचार्य को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के संबोधन के समय शिक्षकों और शिक्षक अभ्यर्थियों ने हंगामा शुरू कर दिया। तब नीतीश ने कहा- ₹हल्ला मत करो सुनो। शिक्षकों की बड़े पैमाने पर बहाली होगी। सब बहुत अच्छा ढंग से होगा। वेतनमान भी बढ़ेगा।₹ इससे पहले, मुख्यमंत्री ने एक-एक कर कई भ्रांतियों को हटाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि शरद जी खुद अलग हो गए और लोग कह रहा है कि हम शरद जी को छोड़ दिए। उन्होंने कहा कि लोग कहते हैं कि हमने जीतन राम मांझी को धोखा दिया। लेकिन, वह लोग तो अटल बिहारी बाजपेयी तक को भूल गए। यह सब भरमाने के लिए है। हम लोग अब एकजुट हैं और एकजुट एकजुट रहेंगे। एकजुट होकर एक साथ लड़ना है। इधर-उधर मत होने दीजिएगा। अब हम लोग जाति आधारित गणना कर रहे हैं और उसमें सभी की आर्थिक स्थिति की जानकारी भी ले रहे हैं। दो-तीन महीने के अंदर एक एक चीज की जानकारी मिल जाएगी। इससे गरीबों का उत्थान होगा।

***तेजस्वी बोले- लालूजी नहीं झूके तो बेटा भी नहीं झुकेगा***


उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि अभी अमित शाह कह रहे हैं कि ये जंगलराज है। सुन लीजिए ये जनता का राज है। तेजस्वी ने कहा कि केंद्र में ऐसी सरकार है जो 5 किलो राशन देकर वोट मांग रही है। वही अनाज जिसे सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि राशन जब सड़ रहा है तो फ्री में बांटो। आज यह राशन बांट रहे हैं। तेजस्वी ने कहा कि लालू जी ने सांप्रदायिक शक्तियों के सामने कभी घुटना नहीं टेका। भाजपा में कोई लीडर नहीं, सब डीलर हो चुका है। जैसे लालू जी ने इनलोगों की सरकार के सामने कभी घुटना नहीं टेका, वैसे ही उनका बेटा कभी झुकेगा नहीं।




**जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज दो दिवसीय भारत दौरे पर आज नई दिल्ली पहुंचे हैं। इनकी भारत यात्रा 25-26 फरवरी की रहेगी। स्कोल्ज के साथ वरिष्ठ अधिकारी और एक उच्चाधिकार प्राप्त व्यापार प्रतिनिधिमंडल है। विदेश मंत्रालय की ओर से एक प्रेस रिलीज जारी करते हुए बताया गया है कि इनकी भारत यात्रा 2011 में दोनों देशों के बीच अंतर-सरकारी परामर्श (आईजीसी) तंत्र की शुरूआत होने के बाद की किसी जर्मन चांसलर द्वारा की गई पहली स्टैंडअलोन यात्रा है।**



**सेंसेक्स**
92.7 अंक गिरकर 59,652.28 अंक पर



**सोना**
56,189 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुदरा बिक्री कर रहा


# 2047 तक 40 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था को छू सकता है भारत : पीयूष गोयल



**पुणे।** यह भविष्यवाणी करते हुए कि भारत चार-पांच वर्षों के भीतर तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था होगी, केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि जिस दर से देश की अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, यह 2047 तक 35-40 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकती है। यहां एशिया आर्थिक संवाद में बोलते हुए, गोयल ने कहा कि यह हर भारतीय की इच्छा है कि वह किसी से पीछे न रहे और भारत न केवल सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है, बल्कि आने वाले कई दशकों तक ऐसा ही रहेगा। एशिया में अजीबोगरीब गतिशीलता का उल्लेख करते हुए जहां ऐसी अर्थव्यवस्थाएं हैं जो लोकतंत्र और अधिनायकवादी दोनों हैं, मंत्री ने कहा कि अब भारत को स्पष्ट रूप से दशक का देश माना जाता है। गोयल ने कहा, हम पहले ही 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में आ चुके हैं और हमारे पास एक युवा जनसांख्यिकीय लाभांश है जिसे हमारी सबसे बड़ी संपत्ति के रूप में पहचाना जा रहा है।

यहां, उन्होंने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध का विकासशील देशों की तुलना में विकसित दुनिया पर गंभीर प्रभाव पड़ा है, लेकिन खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा और मुद्रास्फीति, ब्याज दरों और विकास पर परिणामी प्रभाव, इसने विकसित और विकासशील दोनों देशों को तबाह कर दिया है। गोयल ने याद किया कि कैसे 2019 में, भारत ने क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (आरसीईपी) समझौते में शामिल होने के खिलाफ फैसला किया क्योंकि यह इस देश में विनिर्माण क्षेत्र की मौत की घंटी बजा सकता था। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार का आरसीईपी में शामिल होने का कदम गलत तरीके से सोचा गया था और इसने हमारे लोगों को चीन से कम कीमत, घटिया सामान की आदत बनाकर भारत के हितों को चोट पहुंचाई। गोयल ने कहा, चीन के साथ व्यापार घाटा जो लगभग 15-16 साल पहले 2 अरब डॉलर से कम था, 2014 तक बढ़कर लगभग 48 अरब डॉलर हो गया। हमने चीन से उत्पादों को आने दिया, जबकि उन्होंने भारत से हमारे उत्पादों को वैध या अवैध कारणों से चीन जाने से रोक दिया। अपने संबोधन में, गोयल ने ऑटो उद्योग में 100 प्रतिशत स्वदेशीकरण, एमएसएमई को और अधिक लाभदायक बनाने, हरित व्यवसायों को बढ़ावा देने, जलवायु परिवर्तन, जैविक खेती आदि जैसे कई अन्य विषयों पर भी बात की, जो हमें 2047 तक ट्रिलियन अर्थव्यवस्था के साथ 47 डॉलर के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगा।

## भविष्य के अपडेट के लिए शेड्यूल ग्रुप कॉल ला सकता है व्हाट्सएप



**सैन फ्रांसिस्को।** मेटा-स्वामित्व वाला व्हाट्सएप कथित तौर पर शेड्यूल ग्रुप कॉल्स नामक एक नए फीचर पर काम कर रहा है, जिसे वह एंड्रॉइड और आईओएस उपयोगकर्ताओं के लिए भविष्य में अपडेट ला सकता है।वाबेटाइंफो के मुताबिक, यह फीचर अंडर डेवलपमेंट है, इसलिए यह बीटा टेस्टर के लिए रिलीज करने के लिए तैयार नहीं है। यह फीचर उपयोगकर्ताओं के लिए ग्रुप के अन्य सदस्यों के साथ कॉल करने की योजना बनाना आसान बना देगा।फीचर में एक नया संदर्भ मेनू शामिल होगा जो रिपोर्ट के अनुसार भविष्य में उपयोगकर्ताओं के खातों के लिए सक्षम होने पर शेड्यूलिंग विकल्प पेश करता है। इसके अलावा, उपयोगकर्ता चुन सकते हैं कि ग्रुप कॉल कब शुरू होगी और शेड्यूल किए गए कॉल को एक नाम दें।रिपोर्ट में आगे उल्लेख किया गया है कि ग्रुप कॉल शेड्यूलिंग फीचर ऑडियो और वीडियो कॉल दोनों के साथ संगत है। साथ ही, कॉल शुरू होने पर, ग्रुप के सभी सदस्यों को सूचित किया जाएगा ताकि वे जल्दी से इसमें शामिल हो सकें।इस बीच, व्हाट्सएप कथित तौर पर एक फीचर पर काम कर रहा है जो उपयोगकर्ताओं को आईओएस बीटा पर प्लेटफॉर्म पर मैसेजिस को एडिट करने की अनुमति देगा।नया फीचर यूजर्स को किसी भी गलती को ठीक करने या ऑरिजिनल मैसेजिस में कोई अतिरिक्त जानकारी शामिल करने के लिए अपने मैसेजिस को एडिट करने के लिए 15 मिनट तक का समय देगी।

# अप्रैल में 229 गीगावाट पहुंच सकती है पॉवर डिमांड



नई दिल्ली। इस साल गर्मी में लोगों को भारी बिजली कटौती का सामना करना पड़ सकता है। क्योंकि, देश के कुछ हिस्सों में तापमान फरवरी महीने में ही 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। हाई टेम्प्रेचर के कारण हाल के हफ्तों में बिजली की मांग लगभग रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची है। गर्मी के दबाव ने देश में बिजली आपूर्ति को लेकर चिंता अभी से बढ़ा दी है।

पावर स्टेशनों को पहले ही गर्मी के मौसम में ब्लैकआउट से बचने और घरेलू कोयले की आपूर्ति पर दबाव घटाने के लिए इम्पोर्टेड कोयले का उपयोग करके अगले तीन महीनों तक पूरी क्षमता से बिजली उत्पादन करने का आदेश दिया गया है।

**रिकॉर्ड 229 गीगावाट तक पहुंच सकती है बिजली की मांग:** जनवरी में बिजली की पीक डिमांड 211 गीगावाट पर पहुंच गई थी, जो पिछली गर्मियों में ऑल टाइम हाई के करीब थी। बीते साल कोरोना महामारी के प्रतिबंधों को हटाने के बाद हेवी इंडस्ट्री फिर से शुरू हुई थी और देश की जनता ने भीषण परिस्थितियों का सामना किया था। तब गर्मी ने 122 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया था। भारत के ऊर्जा मंत्रालय के अनुसार इस साल अप्रैल में बिजली की मांग रिकॉर्ड 229 गीगावाट तक पहुंच सकती है।

**किसानों को फसलों की जांच करने की सलाह दी:** पिछले सप्ताह कुछ क्षेत्रों में टेम्परेचर नॉर्मल से 11 डिग्री ऊपर रहा है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने किसानों को गर्मी के चलते गेहूं और अन्य फसलों की जांच करने की सलाह दी है। गर्म मौसम की असामान्य शुरूआत से पूवार्नुमान है कि सिंचाई पंप और एयर कंडीशनर की जोरदार बिक्री के कारण बिजली की खपत बढ़ेगी। ये इस चिंता को बढ़ावा दे रहा है कि लगातार दो वर्षों के व्यवधान के बाद देश का ऊर्जा नेटवर्क नए दबाव में आ जाएगा।

**बिजली कटौती के अलावा कोई विकल्प नहीं:** राजस्थान के उत्तरी राज्य में बिजली मंत्री भंवर सिंह भाटी ने कहा, 'जिस तरह से तापमान बढ़ रहा है - फरवरी में यह असामान्य है। स्थिति हमारे लिए चिंता का विषय बन रही है।₹ यहां पहले से ही घरों और किसानों को बिजली की आपूर्ति की जा रही है। 'बिजली की मांग पिछली गर्मियों की तुलना में 20% से 30% तक बढ़ सकती है। बिजली आपूर्ति में कटौती के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है।'

**बिजली स्टेशनों पर कोयले का भंडार टारगेट से काफी नीचे**

भारत में 70% से अधिक बिजली कोयले से बनती है। बिजली स्टेशनों पर कोयले का भंडार वर्तमान में 45 मिलियन टन के टारगेट से काफी नीचे है, जिसे सरकार ने मार्च के अंत तक पूरा करने को कहा था। ओडिशा के ऊर्जा मंत्री प्रताप केशरी देब ने कहा कि गर्मियों में भारत की बिजली की जरूरतों को पूरा करने की क्षमता भी काफी हद तक पर्याप्त कोयले का खनन और परिवहन सुनिश्चित करने के प्रयासों से तय होगी।

**बिजली आप तक कैसे पहुंचती है ?:** बिजली तीन स्टेज से होकर हम तक पहुंचती है। पहली स्टेज प्रोडक्शन, दूसरी ट्रांसमिशन और तीसरी डिस्ट्रीब्यूशन स्टेज होती है। बिजली का प्रोडक्शन करने वाली कंपनियों को जेनकोज कहा जाता है। जेनकॉस बिजली को ट्रांसमिशन करने वाली कंपनियों यानी ट्रांसकोज को भेजती है। फिर ट्रांसमिशन कंपनियां बिजली को डिस्ट्रीब्यूशन करने वाली कंपनियों (डिस्कॉम्स) तक पहुंचाती हैं। यह कंपनियां ही आपके घरों तक बिजली पहुंचाती है।

### एचडीएफसी एमएनसी फंड लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (एचडीएफसी एएमसी), भारत के प्रमुख म्यूचुअल फंड हाउसों में से एक, एचडीएफसी म्यूचुअल फंड (एचडीएफसी एमएफ) के निवेश प्रबंधक ने एचडीएफसी एमएनसी फंड के लॉन्च की घोषणा की है, जो मुख्य रूप से एमएनसी (बहु-राष्ट्रीय कंपनियों) में निवेश करेगा। सेक्टर और मार्केट कैप सेगमेंट। एचडीएफसी एमएनसी फंड मल्टी-नेशनल कंपनियों (एमएनसी) के इक्विटी और इक्विटी संबंधित उपकरणों में नेट एसेट्स का कम से कम 80 प्रतिशत निवेश करेगा। एनएफओ 17 फरवरी 2023 को खुला और 03 मार्च 2023 को बंद होगा। श्री राहुल बैजल, जिनके पास फंड प्रबंधन और इक्विटी अनुसंधान में 20 से अधिक वर्षों का अनुभव है, योजना का प्रबंधन करेंगे। एचडीएफसी एमएनसी फंड पर टिप्पणी करते हुए, राहुल बैजल, जो इस योजना के फंड मैनेजर हैं, ने कहा, ₹एमएनसी का ऐतिहासिक रूप से अच्छा कॉर्पोरेट गवर्नेंस, मजबूत बिजनेस मॉडल और आकर्षक वित्तीय मेट्रिक्स रहा है। समय सीमा। इसके अलावा, उन्होंने बाजार में गिरावट के दौरान बेहतर लचीलापन प्रदर्शित किया है।

### यूपीएल विज्ञान आधारित प्रतिबद्धताओं में शामिल हुआ

**नई दिल्ली।** यूपीएल लिमिटेड (एनएसईः यूपीएल और बीएसईः 512070 एलएसईः यूपीएलएल) ('यूपीएल') टिकाऊ कृषि समाधानों का एक वैश्विक प्रदाता ने कहा है कि विज्ञान आधारित लक्ष्य पहल (एसबीटीआई) द्वारा अनुमोदित जलवायु विज्ञान के अनुरूप कंपनी-व्यापी उत्सर्जन में कमी के लिए उसकी निकट-अवधि की प्रतिबद्धताएँ हैं। यूपीएल लिमिटेड वित्त वर्ष 2019 के आधार वर्ष से वित्त वर्ष 2034 तक स्कोप 1 और स्कोप 2 जीएचजी उत्सर्जन को 63.12 प्रतिशत प्रति टन एग्रोकेमिकल कम करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो कि 37.5 प्रतिशत की पूर्ण कमी के बराबर है। यूपीएल लिमिटेड खरीदी गई वस्तुओं और सेवाओं, ईंधन और ऊर्जा से संबंधित गतिविधियों से स्कोप 3 जीएचजी उत्सर्जन को कम करने और समान समय सीमा के भीतर कृषि रसायन के प्रति टन अपस्ट्रीम परिवहन और वितरण को 42 प्रतिशत कम करने के लिए भी प्रतिबद्ध है।

## पर्यटन में इनोवेटिव मॉडल्स से स्टार्टअप्स को बढ़ावा, यूपी इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो में बोले मंत्री जयवीर सिंह




**लखनऊ।** यूपी इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो के तीसरे दिन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने मेकिंग यूपी द यूनिकॉर्न हब ऑफ इंडिया सत्र का उद्घाटन किया। ट्रेड एक्सपो की सराहना करते हुए कहा कि टूरिज्म में इनोवेटिव मॉडल्स से स्टार्टअप्स को बढ़ावा दिया जा रहा है और पर्यटन के साथ उद्योग तथा व्यवसाय जुड़ने से उत्तर प्रदेश को नई पहचान व ताकत मिलेगी। पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सेक्रेटरी जनरल सौरभ सान्याल ने कहा कि यद्यपि यूपी में पहली बार इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो हो रहा है लेकिन व्यापारियों तथा उद्यमियों ने इसको बहुत सराहा है। पीएचडी चैम्बर अगला ट्रेड एक्सपो उत्तराखंड में करने जा रहा है। बड़ी स्वदेशी कम्पनियों ने आगे होने वाले ट्रेड एक्सपो में साथ देने की बात कही है और रोजाना लगभग 25 लोग इस एक्सपो को देखने आ रहें हैं। पीएचडी चैम्बर के डिप्टी सेक्रेटरी जनरल डॉ रंजीत मेहता ने कहा कि देश भर में सबसे ज्यादा लगभग 90 लाख एमएसएमई उत्तर प्रदेश में हैं जिनको सही प्लेटफार्म देने का काम यह ट्रेड एक्सपो कर रहा है। जब बड़ी स्वदेशी कम्पनियां, एमएसएमई और स्टार्टअप्स एक छत के नीचे जमा होते हैं तो उसका फायदा सबको होता है। पीएचडी चैम्बर के एसिस्टेंट सेक्रेटरी जनरल डॉ जितेन्द्र सिंह ने कहा कि यूपी सरकार की वन ट्रिलियन एकानॉमी बनाने के सपने को पूरा करने के लिए स्टार्टअप्स को आगे बढ़ाना बहुत जरूरी है और यह आयोजन यूपी को स्टार्टअप्स का हब बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। एक्सपो ने दूसरे दिन 25,000 से अधिक आगंतुकों को आकर्षित किया, जो पहले दिन 10,000 से अधिक था।

### भारत ने आईएमएफ-एफएसबी से क्रिप्टो के नियमन पर टेक्नीकल पेपर तैयार करने को कहा

**नई दिल्ली।** वर्तमान में जी 20 की अध्यक्षता कर रहे भारत ने आईएमएफ और वित्तीय स्थिरता बोर्ड (एफएसबी) को संयुक्त रूप से क्रिप्टो परिसंपत्तियों पर एक तकनीकी पत्र तैयार करने के लिए कहा है। इसका उपयोग क्रिप्टो परिसंपत्तियों को विनियमित करने के लिए एक समन्वित और व्यापक नीति तैयार करने में किया जा सकता है। वित्त मंत्रालय की विज्ञप्ति में कहा गया है कि अंतरराष्ट्रीय संगठन अक्टूबर 2023 में वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की चौथी बैठक के दौरान अपना संयुक्त पत्र पेश कर सकते हैं। विज्ञप्ति के अनुसार एक नीतिगत ढांचे की आवश्यकता पर चल रही बातचीत के पूरक के लिए भारतीय प्रेसीडेंसी ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और एफएसबी की ओर से एक संयुक्त तकनीकी पत्र का प्रस्ताव दिया है। यह क्रिप्टो-परिसंपत्तियों के व्यापक आर्थिक और नियामकीय दृष्टिकोण पर आधारित होगा। इससे क्रिप्टो परिसंपत्तियों के नियमन में मदद मिलेगी।

## यूपी में ब्रॉड गेज रेलवे का 100 फीसदी विद्युतीकरण



**प्रयागराज।** ग्रीन एनर्जी मिशन को लेकर उत्तर प्रदेश ने एक और बड़ी कामयाबी हासिल की है। उत्तर प्रदेश के सभी ब्रॉड गेज रेल मार्गों का विद्युतीकरण कर लिया गया है।उत्तर प्रदेश यातायात और इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में निरंतर कामयाबी की सीढियां चढ़ रहा है। इस बार यह सफलता मिली है रेलवे के विद्युतीकरण को लेकर केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन के सीपीआरओ एसके मिश्र का कहना है कि उत्तर प्रदेश में ब्रॉड गेज रेलवे का सौ फीसदी विद्युतीकरण का लक्ष्य हासिल कर लिया गया है। यूपी में 178 किलोमीटर के रूट का विद्युतीकरण शेष रह गया था। इस कार्य को पूरा करने के साथ ही यूपी ने ब्रॉडगेज रेलमार्ग विद्युतीकरण में सौ फीसदी का लक्ष्य हासिल कर बड़ी उपलब्धि अपने नाम दर्ज की है। इस तरह अब यूपी में उत्तर मध्य रेलवे, उत्तर रेलवे के साथ ही पूर्वोत्तर रेलवे का संपूर्ण रेल नेटवर्क जो कि 8445 रूट किलोमीटर है उसका शत प्रतिशत विद्युतीकरण हो गया है। कहा कि यूपी के नाम दर्ज हुई इस उपलब्धि से रेल यात्रियों को कई फायदे होंगे। सबसे पहले ब्रॉड गेज रेलवे के सौ फीसदी विद्युतीकरण हो जाने से रेल यात्रा में लगने वाला समय कम होगा जिससे रेल यात्रियों के समय की बचत होगी। उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जन संपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय का कहना है कि इससे सरकार के ग्रीन एनर्जी कंजर्वेशन मिशन को और रफ्तार मिलेगी। ट्रेनों के विद्युत से परिचालन से वायु प्रदूषण में कमी आयेगी। इसके साथ ही अब यूपी देश के उन राज्यों की सूची में शामिल हो गया है जहां सौ फीसदी ब्रॉडगेज रेल विद्युतीकरण है।

# आरबीआईः बड़ा झटका ! अब इन 5 बैंकों के ग्राहक खाते से नहीं निकाल पाएंगे पैसा




**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने बैंकों के लेकर बड़ा फैसला लिया है। अगर आपका भी बैंक में अकाउंट है तो यह आपके काम की खबर है। आरबीआई ने 5 बैंकों के खिलाफ सख्त कदम उठाया है, अब इन 5 बैंकों के ग्राहक पैसे भी नहीं निकाल पाएंगे। इसके साथ ही कई अन्य तरह के प्रतिबंध इन बैंकों पर लगाए गए हैं. बता दें इन बैंकों की बिगड़ती आर्थिक स्तिथि को देखते हुए आरबीआई ने इन बैंकों पर पाबंदी लगाई है।

आरबीआई की ओर से जारी किए गए बयान के मुताबिक, इन बैंकों पर यह प्रतिबंध अगले 6 महीने तक रहेगा यानी आने वाले 6 महीने तक बैंक के ग्राहक पैसे नहीं निकाल सकेंगे। इसके साथ ही ये बैंक आरबीआई को पूर्व सूचना दिए बिना न तो लोन स्वीकृत कर सकते हैं और न ही किसी भी तरह का निवेश कर सकते हैं। बता दें इन बैंकों के पास अब किसी भी तरह का लोन देने का भी अधिकार नहीं है। इसके अलावा कोई नया दायित्व भी नहीं उठाया जा सकता है। इसके साथ ही किसी भी तरह की संपत्ति का ट्रांजेक्शन या अन्य कोई उपयोग नहीं कर सकते हैं।

**ये बैंक हैं लिस्ट में शामिलः** आरबीआई के मुताबिक, एचसीबीएल सहकारी बैंक, लखनऊ (उत्तर प्रदेश), आदर्श महिला नगरी सहकारी बैंक मर्यादित, औरंगाबाद (महाराष्ट्र) और शिमशा सहकार बैंक नियमित, मद्दुर, मांड्या (कर्नाटक) की मौजूदा नकदी स्थिति के कारण इन बैंकों के ग्राहक अपने खातों से रुपये की निकासी नहीं कर सकेंगे।

इन बैंकों के ग्राहक 5000 रुपये तक का ट्रांजेक्शन कर सकते हैंः बता दें उवाकोंडा सहकारी नगर बैंक, उवाकोंडा (अनंतपुर जिला, आंध्र प्रदेश) और शंकरराव मोहिते पाटिल सहकारी बैंक, अकलुज (महाराष्ट्र) के ग्राहक 5,000 रुपये तक की निकासी कर सकेंगे। आरबीआई ने कहा कि पांचों सहकारी बैंकों के पात्र जमाकर्ता जमा बीमा और क्रेडिट गारंटी निगम से पांच लाख रुपये तक जमा बीमा दावा राशि प्राप्त करने के हकदार होंगे।

# अब एरिक्सन में जाएगी 8500 लोगों की नौकरी, खर्चा घटाने के लिए कंपनी छंटनी की बना रही योजना



**लंदन।** दूरसंचार उपकरण निमार्ता एरिक्सन लागत में कटौती के लिए तहत वैश्विक स्तर पर 8,500 कर्मचारियों की छंटनी की योजना बना रही है। मीडिया रिपोर्ट्स में ये दावा किया गया है। कंपनी ने स्वीडन में लगभग 1,400 नौकरियों में कटौती की योजना की घोषणा की है। छंटनी की घोषणा के साथ एरिक्सन प्रतिकूल आर्थिक परिस्थितियों के कारण हजारों नौकरियों में कटौती की घोषणा करने वाली कंपनियों गूगल, मेटा और माइक्रोसॉफ्ट जैसे दिग्गजों की लिस्ट में शामिल हो गया है। एरिक्सन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बोरजे एखोल्म ने कर्मचारियों को भेजे एक ज्ञापन में लिखा है, कर्मचारियों की संख्या में कमी का प्रबंधन अलग-अलग देशों में अलग-अलग तरीके से किया जाएगा। कई देशों में कर्मचारियों की संख्या में कटौती की सूचना पहले ही दी जा चुकी है। एरिक्सन में दुनिया भर में 105,000 से अधिक लोग कार्यरत हैं। कंपनी ने यह घोषणा नहीं की है कि किस क्षेत्र में सबसे अधिक छंटनी होगी। हालांकि विश्लेषकों ने पहले आशंका जतायी थी कि छंटनी से उत्तरी अमेरिका सबसे अधिक प्रभावित होगा और भारत जैसे बढ़ते बाजार सबसे कम प्रभावित होंगे। दिसंबर में स्वीडिश टेलीकॉम दिग्गज ने कहा कि वह 2023 के अंत तक 9 बिलियन क्राउन (880 मिलियन डॉलर) की लागत में कटौती करेगी क्योंकि उत्तरी अमेरिका सहित कुछ बाजारों में मांग धीमी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार मेमो में एखोल्म ने कहा, ₹प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए इस लागत कम करना दायित्व है। अभी हमारा सबसे बड़ा दुश्मन शालीनता हो सकता है। एरिक्सन के मुख्य वित्तीय अधिकारी कार्ल मलैंडर ने पूर्व में मीडिया से बातचीत में कहा था कि लागत में कटौती के तहत सलाहकारों, रियल एस्टेट और कर्मचारियों की संख्या को कम की जाएगी। बता दें कि पिछले महीने गूगल ने 12,000 लोगों के छंटनी की घोषणा की थी। जबकि माइक्रोसाफ्ट ने कहा कि था कि वह भी अपने कर्मचारियों की संख्या में 10,000 की कमी करेगा।

## संक्षेप

### टीआई क्लीन मोबिलिटी मार्च, 2024 तक जुटाएगी 3,000 करोड़ रुपये

**मुंबई।** ट्यूब इन्वेस्टमेंट इंडिया (टीआईआई) की अनुषंगी टीआई क्लीन मोबिलिटी (टीआईसीएमपीएल) अपने इलेक्ट्रिक वाहन कारोबार को गति देने के लिए अगले साल मार्च तक 3,000 करोड़ रुपये जुटाएगी। कंपनी ने शनिवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी। कंपनी ने कहा कि टीआईआई ने इसमें से 639 करोड़ रुपये का निवेश पहले ही कर दिया है। टीआईसीएमपीएल इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों के विनिर्माण और विपणन पर ध्यान केंद्रित कर रही है। यह अपनी अनुषंगियों के माध्यम से भारी इलेक्ट्रिक व्यावसायिक वाहनों ई-ट्रैक्टरों के विनिर्माण और विपणन पर भी ध्यान दे रही है। बयान के अनुसार, टीआई क्लीन मोबिलिटी ने हिस्सेदारी और अनिवार्य रूप से अधिमान्य परिवर्तित शेयरों (सीसीपीएस) के रूप में 1,950 करोड़ रुपये तक की पूंजी जुटाने के लिए टीआईआई, मल्टीपल्स प्राइवेट इक्विटी फंड-3, भारतीय स्टेट बैंक और अन्य सह-निवेशकों के साथ निश्चित दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए हैं। टीआईसीएमपीएल का मार्च 2024 के अंत तक 1,050 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि जुटाने की भी योजना है। इस तरह कुल जुटाई जाने वाली राशि बढ़कर 3,000 करोड़ रुपये हो जाएगी।

### सीतारमण ने विश्व बैंक प्रमुख और आइएमएफ एमडी के साथ की गोलमेज चर्चा



**बेंगलुरु।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज यहां विश्व बैंक प्रमुख डेविड मलपास और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की प्रबंध निदेशक (एमडी) क्रिस्तालिना जॉर्जीवा के साथ आज यहां गोलमेज परिचर्चा के दौरान कर्ज में फंस रहे देशों का मुद्दा उठाया और इस मुद्दे पर मिलकर काम करने का आह्वान किया। जी 20 वित्त मंत्री एवं केन्द्रीय बैंक गवर्नरों की दो दिवसीय बैठक में भाग लेने आये इन दोनों के साथ आज यहां गोलमेज बैठक आयोजित की गयी। श्रीमती सीतारमण ने ऋणदाताओं के बारे में जानकारी रखने के साथ ही इस चुनौतियों को लेकर एकमत होने और इसके समाधान पर जोर दिया। उन्होंने कर्ज में बुरी तरह फंसे देशों का मुद्दा उठाया और इसके लिए सबको मिलकर इस मुद्दे को जोरशोर से उठाने का आह्वान भी किया। इन दोनों अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं से तेजी से ऋण पुर्नगठन किये जाने, कर्ज में फंसे देशों को मदद किये जाने की भी अपील की गयी।

### गर्मी के संकट से निपटने के लिए मार्च में तमिलनाडु पावर यूटिलिटी 9 मिलियन मीट्रिक टन कोयले का आयात करेगी

**चेन्नई।** तमिलनाडु जनरेशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन कॉरपोरेशन (टैंगेडको) गर्मियों के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति प्रदान करने के लिए मार्च में 9 मिलियन मीट्रिक टन कोयले का आयात करेगा।टैंगेडको के सूत्रों के मुताबिक, कोयला इंडोनेशिया से आयात किया जाएगा। यह फैसला केंद्रीय कोयला मंत्रालय द्वारा राज्य सरकारों को गर्मियों में अपनी कोयले की जरूरत का 6 फीसदी आयात करने का निर्देश देने के बाद लिया गया है। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि टैंगेडको को ओडिशा के तालचर और तेलंगाना की सिंगरेनी खदानों से कोयला प्राप्त हो रहा था और गर्मियों के दौरान सभी राज्यों में कोयले की आवश्यकता अधिक होगी। इससे इन खदानों से कोयले की आपूर्ति मुश्किल हो जाएगी क्योंकि कोयले के उत्पादन के हिसाब से मांग को पूरा नहीं किया जा सकता है। तमिलनाडु में, 4320 मेगावाट की कुल स्थापित क्षमता वाले पांच थर्मल पॉवर प्लांट्स हैं। इससे राज्य में प्रतिदिन 64 मीट्रिक टन कोयले की खपत होगी। इससे राज्य में आवश्यक 80 मिलियन यूनिट के मुकाबले 74 मिलियन यूनिट बिजली उत्पन्न होगी। टैंगेडको के पास फिलहाल केवल 9 दिनों तक चलने वाले कोयले का भंडार है और राज्य में थर्मल पॉवर प्लांट अपनी क्षमता का 60 से 70 फीसदी उत्पादन कर पा रहे हैं। टैंगेडको के सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि इन थर्मल प्लांटों से बिजली का 100 प्रतिशत उत्पादन विभिन्न कारकों के कारण असंभव है, जिसमें कुछ इकाइयां उम्र पार कर चुकी हैं, रखरखाव कारक और कुछ मामलों में तकनीकी एर्स हैं। तमिलनाडु पॉवर यूटिलिटी ने राज्य को प्राप्त होने वाले कोयले के रैक की संख्या 18 से बढ़ाकर 22 करने के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा है। टैंगेडको के एक वरिष्ठ अधिकारी ने आईएएनएस को बताया कि इंडोनेशिया से कोयले के आयात की सही तारीख तय नहीं है और ज्यादातर मार्च के पहले सप्ताह में होगी।

### भारत का विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 61 अरब डॉलर पर आया

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को जारी आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 17 फरवरी को समाप्त सप्ताह में 5.681 अरब डॉलर घटकर 561.267 अरब डॉलर रह गया।यह लगातार तीसरा सप्ताह है जब विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट दर्ज की गई है। पिछले हफ्ते ये 8.319 अरब डॉलर घटकर 566.948 अरब डॉलर रह गए थे। अक्टूबर 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व में गिरावट आ रही है क्योंकि वैश्विक विपरीत परिस्थितियों के बीच केंद्रीय बैंक रुपये को मजबूत करने के लिए इसका इस्तेमाल कर रहा है।

### राहतः शहरी बेरोजगारी घटकर हुई 7.2 फीसदी, पुरुषों-महिलाओं की बेरोजगारी दर में भी गिरावट

**नई दिल्ली।** देश के शहरी क्षेत्रों में 15 साल और उससे अधिक उम्र के लोगों की बेरोजगारी दर कैलेंडर वर्ष 2022 की अक्तूबर-दिसंबर तिमाही में घटकर 7.2 फीसदी रह गई। 2021 की समान अवधि में यह दर 8.7 फीसदी रही थी। इस दौरान कोविड संबंधी प्रतिबंधों के प्रभाव की वजह से देश में बेरोजगारी दर अधिक थी। राष्ट्रीय सैंपल सर्वे कार्यालय (एनएसएसओ) के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, जुलाई-सितंबर, 2022 में 15 साल और उससे अधिक उम्र के लोगों की बेरोजगारी दर 7.2 फीसदी, अप्रैल-जून, 2022 में 7.6 फीसदी और जनवरी-मार्च, 2022 में 8.2 फीसदी रही थी। आंकड़ों के मुताबिक, 2022 की अक्तूबर-दिसंबर तिमाही में शहरी क्षेत्रों में पुरुषों (15 साल और उससे अधिक उम्र) की बेरोजगारी दर एक साल पहले की समान तिमाही के 8.3 फीसदी से घटकर 6.5 फीसदी रह गई। वहीं, इसी उम्र की शहरी महिलाओं की बेरोजगारी दर 10.5 फीसदी से घटकर 9.6 फीसदी पर आ गई। एनएसएसओ के मुताबिक, 15 साल और उससे अधिक उम्र के लोगों के लिए शहरी क्षेत्रों में श्रम बल की भागीदारी दर 2022 की अक्तूबर-दिसंबर तिमाही में बढ़कर 48.2 फीसदी पहुंच गई। 2021 की समान अवधि में यह भागीदारी 47.3 फीसदी रही थी। जुलाई-सितंबर, 2022 में यह 47.9 फीसदी और अप्रैल-जून, 2022 में 47.5 फीसदी रही थी।

### गूगल ने की सफाई करने वाले 100 रोबोट की छंटनी

**सैन फ्रांसिस्को,।** गूगल की मूल कंपनी अल्फाबेट ने हाल ही में 12,000 कर्मचारियों और अपने हेडक्वार्टर में कैफेटेरिया की सफाई करने वाले 100 रोबोटों को निकाल दिया है।वायर्ड रिपोर्ट के अनुसार, गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने अल्फाबेट के एवरीडे रोबोट्स प्रोजेक्ट को गूगल की एक्सपेरिमेंटल एक्स लैबोरेट्रीज के तहत बंद कर दिया है। प्रोजेक्ट के तहत कंपनी के कैफेटेरिया को साफ करने में मदद करने के लिए 100 वन-आर्म्ड, व्हील्ड रोबोट्स को ट्रेनिंग दी गई थी। इनमें से कई रोबोट प्रोटोटाइप को प्रयोगशाला से बाहर ले जाया गया था और वे गूगल सुविधाओं में उपयोगी काम कर रहे थे। ये रोबोट टेबल साफ करने के साथ-साथ कचरा अलग करने और रिसाइक्लिंग का काम करते थे। महामारी के दौरान रोबोट ने कॉन्फ्रेंस रूम को साफ रखने में भी मदद की।

अब रोबोट डिवीजन के बंद होने से, इसकी कुछ तकनीक का इस्तेमाल अन्य डिवीजनों के लिए किया जा सकता है।

# 25 हजार का इनामियां शातिर लुटेरा गिरफ्तार

**कसा शिकंजा**

### कब्जे से चोरी की बाइक, एक अवैध देशी तमंचा, कारतूस व 1700 रु. नकद बरामद

**मुंगराबादशाहपुर।** पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों के सम्बन्ध में विशेष अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी मय हमराह गोविन्दासपुर पुलिया के पास चेकिंग कर रहे थे इस दौरान एक चेन छीनने वाले शातिर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। पुलिस के अनुसार मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि 22 फरवरी को नीभापुर रेलवे क्रासिंग के पास हुई पुलिस मुठभेड़ में अंधेरे का फायदा उठाकर भागने वाला शातिर अपराधी उसी सफेद बाइक से जिससे 19 फरवरी को ग्राम धरमपुर के पास महिला को घायल कर चेन छीना था वो सुजानगंज की तरफ से आ रहा है उसके पास अवैध हथियार भी है। पुलिस उस अपराधी का इन्तजार करने लगी। थोड़ी देर में एक बाइक आती हुई दिखाई दी, जिसे रोकने का प्रयास किया तो पुलिस वालो को देखकर वापस मुड़कर भागने लगा। थोड़ी दूर पर दौड़ाकर पकड़ लिया गया।



पुलिस की गिरफ्त में लुटेरा

पकड़े गये अभियुक्त का नाम सत्यम तिवारी पुत्र संतोष तिवारी (26) निवासी भाट का पुरा, थाना मछलीशहर है। पकड़े गये अभियुक्त के पास से एक अवैध देशी तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर व चोरी की एक सफेद बाइक व 1700 रू. नकद बरामद हुआ जिसे पुलिस ने हिरासत में लेकर संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्यवाही कर रही है। इस संबंध मे थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी ने बताया कि यह काफी शातिर किस्म का अपराधी है। इसके विरुद्ध पूर्व में भी अनेक थानों में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज है। इसकी गिरफ्तारी से ऐसे अपराधों पर भी अंकुश लगेगा। गिरफ्तार व बरामद करने वाली पुलिस टीम में उ.नि. पन्नेलाल यादव, संजय कुमार सिंह, का. गया प्रसाद पटेल, अभिमन्यु यादव, रवि प्रकाश यादव, पंकज यादव, अभिषेक पाठक आदि शामिल रहे।

## साईं बाबा का वार्षिकोत्सव आज

**सुइथाकला।** क्षेत्र में आस्था के केन्द्र के रूप में विख्यात बसौली धाम स्थित साईं बाबा का 23वाँ वार्षिकोत्सव रविवार को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। साँई धाम बसौली मन्दिर ट्रस्ट के पुजारी शिवप्रसाद गिरि ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारम्भ सुबह 6 बजे श्रृंगार आरती व समापन संध्या आरती के साथ होगा। इस दौरान बाबाजी के जप, यज्ञ व भजन कीर्तन का आयोजन होगा। गौरतलब हो कि इस दौरान क्षेत्रीय लोगों के अलावा दूरदराज के गैरजनपदों से श्रद्धालुओं का जमावड़ा होता है।

## बैठक कल

**जौनपुर।** जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया है कि जिला कन्वर्जेस/जिला पोषण समिति की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में 27 फरवरी को अपरान्ह 3 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गयी है।

# रामपुर घाट पर पक्के पुल की मांग को लेकर सर्व समाज जनहित पार्टी अनशन पर

जनसंदेश न्यूज

**गोपीगंज।** सर्व समाज जनहित पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विभूति नारायण सिंह के नेतृत्व के शनिवार को रामपुर घाट पर एक दिवसीय क्रमिक अनशन पर बैठकर सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई।

उन्होंने कहा की तत्कालीन लोक निर्माण विभाग के मंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा एक लान में 13 नवंबर 2021 को जनता को संबोधित करते हुए पक्के पुल के निर्माण की घोषणा की थी। और संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को अग्रिम कार्यवाही का आवश्यक निर्देश दिया था।



रामपुर घाट पर पक्के पुल की मांग को लेकर अनशन करते सर्व समाज जनहित पार्टी के लोग

समाचार पत्र के माध्यम से मालूम हुआ की राज्य सेतु निगम के जिला प्रोजेक्ट मैनेजर रविशंकर उपाध्याय ने बताया की रामपुर घाट पक्का पुल की सारी औपचारिकता पूरी कर

**नाराजगी**

### रामपुर घाट पक्का पुल की सारी औपचारिकता पूरी कर लगभग साढ़े तीन सौ करोड़ का स्टीमेट भेजा

लगभग साढ़े तीन सौ करोड़ का स्टीमेट भेज दिया गया है। शासन से मंजूरी मिलते ही कार्य शुरू हो जाएगा।

उत्तर प्रदेश सरकार की उपेक्षा एवं उदाशीनता की वजह से क्षेत्र की जनता में असंतोष एवं आक्रोश व्याप्त है।

आज एक ज्ञापन मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार लखनऊ माध्यम जिलाधिकारी भदोही को दिया गया। अनशन में मुख्य रुप से धनेश पंडाए कैशर खानए अरविंद श्रीवास्तवए सोनू शुक्लाए घनश्याम कौशलए राधेश्याम गुप्ताए महिमा चौधरी आदि लोग उपस्थित रहे।

## जश्ने दस्तार हिफजुल कुरान व आलमियत का हुआ आयोजन



**जौनपुर।** मछलीशहर नगर के कोतवाली वार्ड स्थित मदरसा अरबिया रियाजुल उलूम में 13 तलबा के हिफ्ज मुकम्मल होने और 2 तलबा की मौलवी पर बीती रात जश्ने ईद मिलादुन्नबी दस्तार हिफजुल कुरान व आलमीयत की दस्तार बंदी का आयोजन किया गया। जिसमें बड़े अकाबिर, उलमाकिराम और शोरा और अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य हैदर अब्बास चांद, उपजिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया , क्षेत्राधिकारी अतर सिंह, प्रभारी निरीक्षक किशोर कुमार चौबे ने शिरकत की। हाजी इमरान खान, मोहम्मद रिजवान, इरशाद अहमद द्वारा बुके भेंट की।

ईशा की नमाज के बाद उक्त कार्यक्रम का आगाज कारी मोहम्मद अहमद अजीजी मुबारकपुरी ने कुरान पाक की तिलावत से किया। कार्यक्रम के दौरान हिफ्ज पढ़ने वाले 13 तलबा और मौलवी पढ़ने वाले 2 तलबा की दस्तारबंदी हुई और हाफिज व मौलवी के खिताब से नवाजा गया। इसी क्रम में गुलाम नूरे मोजस्सम ने कलाम पेश कर श्रोताओं का दिल जीत लिया। इसी क्रम में मौलाना सैय्यद शबाहत हुसैन ने बयान करते हुए कहा कि कुरान केवल मुसलमान के लिए ही नहीं बल्कि दुनिया के तमाम इंसानों के लिए रहनुमाई है। कहा जिंदगी और आखिरत में कामयाब होना चाहते हैं तो कुरान की रस्सी को मजबूती से पकड़ लो, क्योंकि हर जगह कुरान तुम्हारी रहनुमाई करेगा और दिग्भ्रमित होने से बचाएगा। जलसे को खिताब करने वालों में मुफ्ती मसूद, अहमद बरकाती ने भाईचारा कायम रखने और इस्लाम में आइन पर इस्लाही बयान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हाजी मोहम्मद इमरान खान ने किया। इस मौके पर मास्टर रिजवान अहमद, फैजान अहमद, महमूद आलम, इशराक अहमद, इरशाद अहमद, हाफिज व कारी यूनुस, हाफिज शकील अहमद, मौलाना शमसुद्दीन, जमाल अख्तर, नफीस अहमद, वकील अहमद, मोहम्मद अली आदि लोग उपस्थित रहे।

# सभी लाभार्थियों का बनाया जाय एफपीओ : मनीष वर्मा

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभाग के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में पीडी जयकेश त्रिपाठी द्वारा अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना में 1331 एफपीओ बनना शेष है जिस पर डीएम द्वारा समस्त खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी लाभार्थियों का एफपीओ बन जाए। आवास का जियो टैगिंग हो जाए, मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत फरवरी तक सभी स्वीकृति का कार्य पूर्ण हो जाना चाहिए।

समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित शादी अनुदान की समीक्षा करते हुए डीएम ने समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि 28 फरवरी तक ज्यादा से ज्यादा फॉर्म कलेक्ट कर के आगामी होने वाले सामूहिक विवाह में शादी करवाना सुनिश्चित कराएं।

उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को अवगत कराया के जनपद में सामूहिक विवाह हेतु 1500 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, लक्ष्य को एक सप्ताह के



अंदर शत-प्रतिशत पूर्ण कराएं। युवा कल्याण अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 3 मार्च को 11 ब्लॉकों में सांसद खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है जिस पर डीएम ने समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि सांसद खेल प्रतियोगिता में प्रधानों का सहयोग लेते हुए प्रतियोगिता सुव्यवस्थित कराएं। उन्होंने कहा कि गांव-गांव में खेल को प्रोत्साहित करते हुए प्रतियोगिता कराकर खिलाड़ियों को प्रोत्साहन भी दिया जाए और प्रतियोगिता का उद्घाटन जनप्रतिनिधियों के माध्यम से कराया जाए।

**बैठक**

### विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में दिये आवश्यक निर्देश

### उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

जिलाधिकारी ने समस्त बीडीओ को निर्देशित किया कि मनरेगा के तहत प्रत्येक गांव में दो अमृत सरोवर बनाया जाना है यह कार्य प्राथमिकता पर कराया जाए। मनरेगा लेबर के भुगतान के संबंध में चर्चा करते हुए समस्त खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि मनरेगा लेबर का पेमेंट टाइम पर कराया जाए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होना चाहिए।उन्होंने डीपीआरओ को निर्देशित किया कि नए सचिवालय कितने बने हैं, कितने बनने बाकी हैं और कितने में कार्य शुरू हो गए है इसकी जानकारी उपलब्ध कराई जाए। इस अवसर पर डीएम द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित परिषदीय विद्यालयों में ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले ब्लाक मुंगराबादशाहपुर, शाहगंज, जलालपुर के बीडीओ, एडीओ पंचायत एवं खंड शिक्षा अधिकारी को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आरडी यादव, पीडी जयकेश त्रिपाठी, डीसी मनरेगा भूपेंद्र सिंह, जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी दिव्या शुक्ला, शिक्षा विभाग के डीसी निर्माण राजा हसन अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### एएसपी का विदाई समारोह आयोजित



**जौनपुर।** अपर पुलिस अधीक्षक नगर डा. संजय कुमार का जनपद फतेहगढ़ स्थानान्तरण होने पर शनिवार को पुलिस लाइन सभागार में आयोजित विदाई समारोह में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा एवं अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगणों द्वारा पुष्पमाला व स्मृति चिन्ह भेंटकर उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये भावभीनी विदाई दी गयी।

### होली के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आयोजित

**शाहगंज।** कोतवाली परिसर में शनिवार को होली त्योहार के मद्देनजर शांति समिति की बैठक पुलिस उपाधीक्षक चोब सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। श्री सिंह ने आये लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि होली हर्ष का पर्व है। प्रेम उल्लास व सद्भाव से पर्व मनायें। अराजक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर हैं। किन्तु आप भी सचेत रहे। कोई भी व्यक्ति सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करता है तो तत्काल पुलिस को सूचना दे। प्रभारी निरीक्षक सदानन्द राय ने कहा कि समाज में आप सभी पुलिस के प्रतिनिधि हैं। कहीं कोई भी गड़बड़ी हो तो आप सामने अवश्य आये। जो गलत कर रहा हो उसे समझाने का प्रयास करें। फिलहाल पूरे त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु बगैर वर्दी के जवान तैनात रहेगें। वहीं उसरा भादी निवासी एक महिला ने होलिका दहन स्थल बदलने का आग्रह किया। सभासदों द्वारा आवारा मृत पशुओं के अंतिम संस्कार हेतु स्थान चयनित करने की मांग की गई जिससे बदबू व रोग न फैले जिस पर एसडीएम से वार्ता करने के बाद समस्या निस्तारण की बात कही गई। वहीं होली पर्व पर पेयजल आपूर्ति, साफ-सफाई, विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया। जिस पर नगर पालिका व विद्युत विभाग के प्रतिनिधियों को व्यवस्था दुरुस्त रखने का निर्देश हुआ। कोतवाली निरीक्षक सदानंद राय, अपराध निरीक्षक जनार्दन यादव, एसआई विजय सिंह गौड़, एसआई प्रभुनाथ यादव, एसआई वरुणेन्द्र राय, पूर्व ब्लाक प्रमुख इन्द्र देव यादव, नगरपालिका लिपिक श्रीराम शुक्ला, मकसूद अहमद, भुवनेश्वर मोदनवाल, परवेज आलम, गणेश चौहान, अनुराग मिश्रा, सिम प्रकाश अग्रहरि सिम्पू, मुकेश राजभर, सभाजीत राजभर, मनोज मौर्या आदि मौजूद रहे।

# 25 हजार रुपये पुरस्कार घोषित इनामी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**दबोचा गया**

### मुठभेड़ के दौरान लूटेरे के दोनों पैरों में लगी गोली, कब्जे से लूट के 15 हजार नगद बरामद

**भदोही।** थाना सुरियावां क्षेत्र अंतर्गत ग्राम विजयीपुर स्थित ग्राहक सेवा केंद्र पर बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने केंद्र संचालिका को तमंचे से धमका कर काउंटर में रखा कैश लेकर भाग गए थे। सूचना पर तत्समय ही आरोपियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई। डॉ. अनिल कुमारए पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा जल्द घटना का खुलासा करने के निर्देश के साथ ही 25 हजार रुपये पुरस्कार घोषित किया गया था। उक्त निर्देश के क्रम में थाना सुरियावां दुगार्गंज व क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम द्वारा शनिवार को प्रातः दुगार्गंज.बसवापुर मार्ग ग्राम ख्योखर नहर पुलिया मोड़ के पास चेकिंग के दौरान पुलिस मुठभेड़ में ग्राहक सेवा



अस्पताल में भर्ती पुलिस मुठभेड़ में घायल इनामी बदमाश के पास खड़ी क्राइम ब्रांच की टीम

केंद्र पर लूट की घटना को अंजाम देने वाले 25 हजार रुपए पुरस्कार घोषित शातिर लुटेरे सुनील कुमार पुत्र राजमन भारतीया निवासी महरछा थाना सरायममरेज जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारशुदा लुटेरे के कब्जे से लूट की घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिलए लूट के 15 हजार रुपये नगद बरामद किया गया है। उक्त गिरफ्तारीध्बरामदगी के आधार पर पंजीकृत अभियोग में धारा 411 भादवि की बढ़ोतरी तथा पुलिस टीम पर फायरिंग की घटना के संबंध में आरोपी के विरुद्ध अंतर्गत धारा 307 भाण्दण्विण व 3ध्25 आयुध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार लुटेरों के दोनों पैर में गोली लगी हैए जिसे ईलाज हेतु अस्पताल भेजा गया है। मुठभेड़ के दौरान लुटेरे का एक अन्य साथी मौके से फरार हो गयाए जिसकी गिरफ्तारी का प्रयास जारी है।

## विद्यालय में सहानुभूति और समानुभूति शिक्षा से बच्चों का सर्वांगीण विकास

**ज्ञानपुर।** जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान भदोही में चल रहे पांच दिवसीय जीवन कौशल प्रशिक्षण के आज चौथे दिन सहानुभूति और समानुभूति के विषय मे बताया गया। शिक्षकों द्वारा प्रस्तुतीकरण करते हुए बताया कि सहानुभूति दो प्रकार की होती है। करुणात्मक और भावनात्मक। जिसमें परोपकार की भावनाए दूसरे को सम्मान देना दूसरे की भावनाओं को समझना किसी को मर्माहत न करना आदि सन्निहित है। जीवन कौशल प्रशिक्षण में शिक्षक अशोक कुमार गुप्ताए योगेश कुमारए रंधाए सुनील कुमारए राम दयाल गुप्ताए मंगला प्रसादए विकास मिश्रए जितेंद्र कुमारए पंकज कुमार ने अपनी.अपनी अपनी प्रस्तुति दी। जीवन कौशल प्रशिक्षण डायट प्रवक्ता डॉण राजेश कुमार पांडेय एवं डॉण स्मृति सिंह के कुशल मार्गदर्शन में मास्टर ट्रेनर गौरव सिंह एवं अनिल कुमार सिंह के द्वारा सेवारत शिक्षकों को दिया जा रहा है।

# देश व प्रदेश में डबल इंजन की सरकार से बह रही विकास की धारा : अजीत रावत



**जौनपुर।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा की जिला कार्यसमिति की बैठक भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा अजय सरोज के अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा अजीत रावत एवं विशिष्ट अतिथि के रुप में जिला मंत्री रविन्द्र सिंह राजू दादा और क्षेत्रीय कार्य समिति सदस्य नंदलाल सरोज उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि एव जिलाध्यक्ष ने संयुक्त रूप से डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पं. दीन दयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम आरंभ किया गया। मुख्य अतिथि अजीत रावत ने बताया कि मोदी सरकार के 9 साल बेमिसाल रहा वहीं केंद्र व राज्य में डबल इंजन की सरकार द्वारा आम जनमानस, किसान, नौजवान आदिवासी, बनवासी सहित सभी वर्ग, जाति के लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर विकास के दौर में आगे चल रही है।

वहीं सरकार की मंशा के अनुरूप हर एक पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए कार्यकर्ता बूथ स्तर तक सक्रिय है। उन्होंने कहा कि जन-धन योजना, स्वच्छ भारत अभियान, उजाला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और मुद्रा योजना जैसी अंत्योदय की योजनाओं से सबसे अधिक लाभ एससी और गरीब वर्ग को ही हुआ है। भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष अजय सरोज ने स्वागत भाषण देते हुये कहा कि मुझे यह कहते हुए गर्व होता है कि भारतीय जनता पार्टी अगर आज विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में स्थापित हुई है तो उसका प्रमुख कारण है कि जातिवाद से जर्जर हो चुके समाज में भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसने अपनी स्थापना से लेकर आज तक कभी भी जाति-भेद को स्वीकार नहीं किया और न ही कभी जातिवाद की राजनीति की। भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा ही सर्वांगीण विकास की, सामाजिक उत्थान की, देश की महान संस्कृति और राष्ट्रीय गौरव को स्थापित करने की और राष्ट्र को सशक्त एवं समृद्ध बनाने की राजनीति की। इस दौरान दर्जनों कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा जिसमें मुख्य रुप से भीम आर्मी के दीपक सिंह गौतम और मनोज पासवान के साथ दर्जनों कार्यकर्ताओं ने भाजपा में अपनी आस्था जताते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

इसके पहले जिला सह संयोजक आईटी अवनीश यादव ने डाटा प्रबंधन के तहत सरल एप के बारे में आये हुये कार्यकर्ताओ को विस्तार से बताया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री अनुसूचित जाति मोर्चा विजय गौतम ने किया। उक्त अवसर पर अनुसूचित मोर्चा के जिला महामंत्री निखिल सोनकर, उपाध्यक्ष राजेश सरोज, विनोद, अर्जुन, शशिधर गौतम, दिनेश, प्रेम सागर, जसवंत, नंदलाल, लक्ष्मीनारायण, दीपक, प्रेमचंद, सुभाष सहित आदि उपस्थित रहे।

# 115 शिकायती पत्रों में 46 का किया गया त्वरित निस्तारण

**भदोही।** शासन की मंशा के अनुरूप फरियादियों को त्वरित न्याय की व्यवस्था हेतु प्रत्येक शनिवार आयोजित थाना सम्पूर्ण समाधान दिवस के क्रम में शनिवार को जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

जिसमे सभी थानों पर 115 शिकायती पत्र आये जिसमे 46 प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्रों सम्बन्धित अधिकारियों को भेजा गया। थाना दुर्गागंज में एसपी डॉण अनिल कुमारए अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती ने थाना गोपीगंज पर प्रशासनिक अधिकारियों व राजस्व कर्मियों के साथ जनसुनवाई की। समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा सर्किल के थानों एवं समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने.अपने थानों पर समाधान दिवस का आयोजन कर जनता की समस्याओं को सुना गया व उनका निस्तारण राजस्व कर्मियों की उपस्थिति



थाना दुर्गागंज में लोगों की समस्याएं सुनते एसपी डॉ. अनिल कुमार

में किया गया। जन सुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से सुनते हुए कुछ का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा कुछ प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया। जमीन सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रुप से प्रकरण का निस्तारण किया जाएए जिससे फरियादियों को अलग.अलग भटकना न पड़े व प्रकरणों का त्वरित व न्याय पूर्ण निस्तारण हो सके। 37 प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम का गठन कर मौके पर भेजा गया एवं शेष 32 प्रकरणों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु व्यापक निर्देश दिए गए।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।

**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**

**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**

पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।

फोन नं. 8177008889

आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**

डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

## भारतीय जनता मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए डीएम सिंह गहरवार

**भदोही।** भारतीय जनता मजदूर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत प्रकाश जाटव ने भदोही निवासी युवा नेता डीएम सिंह गहरवार को प्रदेश के युवा कमेटी की जिम्मेदारी दी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भरोसा जताया कि मजदूरों के हक अधिकार के लिए लड़कर उन्हें न्याय दिलाएंगे। डीएम सिंह गहरवार की नियुक्ति से जिले में युवाओं में भारी हर्ष है। उनके समर्थकों ने उनका फूल मालाओं से भव्य स्वागत भी किया। मनोनयन के बाद डीएम सिंह गहरवार ने कहा की मजदूर अधिकार का हनन करने वालो की खैर नहीं उनके हक को दिलाया जाएगा और उनके सुरक्षा और संरक्षा की जिम्मेदारी हमारे संगठन की है। श्री गहरवार ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर शिव नरेश यादवए शुशील पाठकए चंद्र शेखर आदि रहे।

# बीएसए के निरीक्षण में दुरुस्त मिला विद्यालय



पूर्व माध्यमिक विद्यालय अजयपुर के प्राधानाध्यापक बीएल पाल को प्रमाण पत्र देते बीएसए भूपेंद्र नारायण सिंह

**ज्ञानपुर।** विकासखंड औराई के प्राथमिक विद्यालय कटेबना तथा विकासखंड भदोही स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय अजयपुर का जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह ने शनिवार को औचक निरीक्षण किया।

बीएसए के भ्रमण के दौरान प्राथमिक विद्यालय कटेबना में बच्चों की उपस्थिति 83 प्रतिशत पाई गई तथा पूर्व माध्यमिक विद्यालय अजयपुर विकास खंड भदोही में बच्चों की उपस्थिति 70 प्रतिशत पाई गई।जिसके लिए उक्त दोनों ही विद्यालयों के अध्यापकों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। दोनों ही विद्यालयों का भौतिक परिवेश बहुत अच्छा पाया गया तथा विद्यालय में साफ.सफाई की व्यवस्था दुरुस्त मिली। बच्चे अपने.अपने कक्षा में बैठकर शिक्षण कार्य करते हुए पाए गए। पूर्व माध्यमिक विद्यालय अजयपुर और कटेबना विद्यालय की चुस्त दुरुस्त व्यवस्था मिलने पर बीएसए ने सभी शिक्षकों की तारीफ की और प्रधानाध्यापक को प्रमाण पत्र दिया।

### एबीएसए रमाकान्त सिंह सिंहरौल को मिला भदोही नगर का अतरिक्त चार्ज

**भदोही।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह ने तत्काल प्रभाव से नगर क्षेत्र भदोही के खण्ड शिक्षा अधिकारी चन्द्रशेखर आजाद के स्थान पर खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय रमाकान्त सिंह सिंहरौल को नगर क्षेत्र भदोही के अतिरिक्त प्रभार की जिम्मेदारी दी है। गौरतलब है कि इससे पहले रमाकान्त सिंह सिंहरौल खण्ड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र भदोही रह चुके हैं।

# जनगणना सर्वे में जाति का बिंदु भी करें शामिल : डॉ. राजपाल

## सपा के प्रदेशव्यापी ब्लॉक स्तरीय जातीय जनगणना संगोष्ठी के दूसरे दिन भी गरजे संगठन के संगोष्ठी प्रभारी

**केंद्र से की मांग**

**लगाया आरोप : वर्तमान सरकार वोट की राजनीति के चलते नहीं कराना चाहती जातीय जनगणना, पूर्व में किये वादों को भी भूली सरकार**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी में जातीय जनगणना संगोष्ठी प्रभारी डॉ. राजपाल कश्यप ने आरोप लगाया है कि सूबे में जब सपा सरकार थी तो यह झूठ खूब प्रचारित किया गया कि सभी पिछड़ी जातियों का हक सिर्फ एक जाति के लोग खा जा रहे हैं। सो, जातीय जनगणना और भी आवश्यक है ताकि यह पता चल सके कि किस जाति की जनसंख्या कितनी है और उसी अनुपात में उसको आरक्षण देना संभव हो। केंद्र सरकार प्रत्येक दस साल में 31 बिंदुओं पर जनगणना कराती है। उसमें मांगी जाने वाली जानकारियों में एक बिंदु और जोड़कर जाति भी पूछ ली जाए। जातीय जनगणना लागू होने तक सपा सूबे के सभी जिलों में ब्लॉकस्तर पर संगोष्ठी बैठकें जारी रखेगी। साथ ही इस मुद्दे पर बड़ा जनसमर्थन लेकर आंदोलन करेगी।

सपा के प्रदेशव्यापी ब्लॉक स्तरीय जातीय जनगणना संगोष्ठी बैठक के दूसरे दिन शनिवार को व्यास बाग हनुमान मंदिर भेलखा तरना में आयोजित मीटिंग में डॉ. कश्यप संबोधित कर रहे थे। उसमें हरहुआ, पिंडरा, चोलापुर व चिरईगांव विकास खंडों के कार्यकर्ता जुटे। डॉ. कश्यप ने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार वोट की राजनीति के चलते जातीय जनगणना नहीं कराना चाहती। यह सरकार अपने नारे 'सबका साथ, सबका विकास' से उलट सिर्फ अपने कुछ खास दोस्त पूजीपतियों का भला करने में जुटी हुई है। रेलवे, एयरपोर्ट, बीएसएनएल, एलआईसी आदि तमाम सरकारी संस्थाओं को निजी क्षेत्र के मित्र पूंजीपतियों को बेच दिया गया। आम जनता को महंगाई और बेरोजगारी मिली।

उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता में आने से पहले भाजपा ने हर साल दो करोड़ युवाओं को नौकरी देने और किसानों की आय दोगुनी करने का एलान किया था। लेकिन सत्ता में आने के बाद ठीक उसका उल्टा हुआ। नौकरी देने की तो बात दूर रही करोड़ों युवाओं से नौकरियां छीन ली गई। किसानों की आय दोगुनी के बजाय आधी हो गई। छुट्टा पशुओं से फसलों को हो रहे नुकसान का समाधान नहीं निकला। किसान अपना लागत मूल्य भी नहीं निकाल पा रहा है। ग्राम प्रधान वंशराज पटेल की अध्यक्षता एवं जिला उपाध्यक्ष विवेक यादव के संचालन में इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुजीत यादव लक्कड़, पूर्व मंत्री मनोज राय धूपचंडी, पूर्व प्रत्याशी शिवपुर विधानसभा आनंद मोहन गुड्डू यादव, जिला महासचिव आनंद मौर्य, निवर्तमान जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ ओपी पटेल, लालमन यादव प्रधान, हीरालाल मौर्य, उमेश प्रधान, हर्ष राजभर, जितेंद्र पटेल सुनील सोनकर, महेश यादव, बालकिशुन पटेल, बाबूलाल यादव, संजय यादव और हरिशंकर विश्वकर्मा आदि ने भी संबोधित किया। ग्राम प्रधान मोदी यादव ने धन्यवाद दिया।

### डॉ. राजपाल को किया सम्मानित

बैठक के आरंभ में सपा के संदीप 'संजय यादव' ने मुख्य अतिथि डॉ. राजपाल कश्यप को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर श्याम बली पटेल, जितेंद्र पटेल, भीष्म नारायण, धर्मेंद्र सिंटू, शुभम जिद्दी, शंभू यादव, मनीष सिंह, कल्याण यादव, कमलाकांत प्रजापति, विजय कनौजिया, विश्वनाथ पटेल, गोविंद पटेल प्रधान, संतोष चमार, नंदकिशोर पटेल, संतोष भारती, जय प्रकाश पटेल, प्यारेलाल, ओंकार पटेल एवं संतोष यादव एडवोकेट 'बबलू' आदि की प्रमुख उपस्थिति रही।





सपा के प्रदेशव्यापी ब्लॉक स्तरीय जातीय जनगणना संगोष्ठी बैठक के दूसरे दिन शनिवार को तरना में आयोजित मीटिंग में डॉ. राजपाल कश्यप को सम्मानित किया गया

# बड़े बिजनेस हब के रूप में उभर रहा बनारस

**बोले मंडलायुक्त**

**इनकम टैक्स बार एसोसिएशन के स्थापना दिवस पर टैक्सेशन पर हुआ मंथन**

जनसंदेश न्यूज



इनकम टैक्स बार एसोसिएशन के 78वें स्थापना समारोह में शनिवार को डायरी का भी विमोचन हुआ

**वाराणसी।** मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने कहा कि बनारस एक बड़े बिजनेस हब के रूप में उभर रहा है। यहां आने वाले कारपोरेट लोगों को भी बार एसोसिएशन की जरुरत पड़ेगी। वह छावनी क्षेत्र स्थित एक होटल में आयोजित इनकम टैक्स बार एसोसिएशन के 78वें स्थापना समारोह में शनिवार को मुख्य अतिथि थे।

समारोह का दीप जलाकर उद्घाटन करने के पश्चात मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा कहा कि इतने लंबे अर्से बाद भी उन नौ लोगों, जिन्होंने इस फाउंडेशन की नींव रखी, को आज भी याद रखना काबिले तारीफ है। उन्होंने बार एसोसिएशन से जुड़े लोगों की बौद्धिक क्षमता की तारीफ करते हुए कहा कि इनकम टैक्स के इतने जटिल कानूनों को समझना बहुत बड़ी बात है। बड़े शहरों की तरह यहां बनारस में भी बौद्धिक क्षमता मौजूद है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के प्रयासों से बीते नौ साल में लगभग 19000 करोड़ बनारस परिक्षेत्र में खर्च हुआ है। इससे सभी को फायदा मिल रहा तथा निकट भविष्य में मिलेगा। उन्होंने आह्वान किया कि शहर के विकास में आप सभी अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि वाराणसी में जी-20 की छह बैठकें होंगी। आप अपनी सुविधानुसार इसमें भाग ले सकते हैं। मंडलायुक्त ने डायरी का विमोचन भी किया।

समारोह में टैक्सेसन पर भी मंथन हुआ। वित्तीय विधेयक 2023 में प्रमुख प्रत्यक्ष कर प्रस्ताव, 44एडी, 44एडीए, 44एई, 44एए आदि पर चर्चा हुई। इस आयोजन में वित्तीय विधेयक 2023 में प्रमुख जीएसटी प्रस्ताव, 49वीं जीएसटी परिषद की बैठक की सिफारिशें, जीएसटी व्यवसायी की व्यावहारिक समस्याएं और समाधान पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। डायरेक्ट टैक्स पर राजेश मेहता व जीएसटी पर धर्मेंद्र श्रीवास्तव ने विस्तार से चर्चा की। अध्यक्षता अरविंद शुक्ला ने किया। स्वागत आशुतोष भारद्वाज ने किया। समारोह में विशिष्ट अतिथि एडिशनल सीआईटी (प्रशासन) लियाकत अली अफाकी, अध्यक्ष असीम जफर, सचिव अजय कुमार सिंह (बंटी), श्रीहर्ष सिंह, सुभाष सिंह, मदन मोहन पारिख, विनय कांत आदि ने संबोधित किया।

# खास गुलाब बना 'किंग ऑफ द शो'

**आयोजन**

**जिला मुख्यालय स्थित कंपनी बाग में दो दिनी मंडलीय शाकभाजी, फल एवं पुष्प प्रदर्शनी-2023 आरंभ**

**उन्नशील खेती करने वाले आठ किसान हुए सम्मानित, दो कृषकों को दिया गया अनुदान आधारित उपकरण**

जनसंदेश न्यूज



राजकीय अलंकृत उद्यान कंपनी बाग में शनिवार को आरंभ दो दिनी मंडलीय शाकभाजी, फल एवं पुष्प प्रदर्शनी-2023 में कई प्रदर्श आकर्षण का केंद्र रहे

**वाराणसी।** जिला मुख्यालय स्थित राजकीय अलंकृत उद्यान कंपनी बाग में शनिवार को दो दिनी मंडलीय शाकभाजी, फल एवं पुष्प प्रदर्शनी-2023 का शुभारंभ हुआ। अबकी बार इसमें वाराणसी, चंदौली, गाजीपुर व जौनपुर के 500 प्रतिभागियों ने दो हजार 776 सामग्री प्रस्तुत की है। वहीं, उद्यान विभाग की ओर से जी-20 थीम पर आधारित डिस्प्ले समेत विभिन्न स्तर पर की गयी सजावट आकर्षण का केंद्र हैं। इस आयोजन को देखने के लिए पहले ही दिन हजारों की संख्या में लोग उमड़े।

प्रदर्शनी में शाकभाजी व विभिन्न प्रकार के फलों के अलावा पुष्पों में गुलाब के कटे फूल, कटे मौसमी फूल, कलात्मक फूल सज्जा, डहेलिया, सदाबहार पत्ती वाले पौधे, कैक्टस, सकुलेंट्स, बोनसाई, वर्टिकल गार्डेन और फूलों की रंगोली लोगों का ध्यान आकृष्ट कर रहे हैं। सर्वोत्तम गुलाब 'किंग ऑफ द शो' जुमेलिया प्रजाति, 'क्वीन ऑफ द शो' सोलेयर प्रजाति को अव्वल घोषित किया गया। इस अवसर पर प्रदर्शनी समिति की पुस्तिका का विमोचन हुआ। उन्नशील खेती करने वाले आठ किसानों को आठ किसानों को प्रशस्ति-पत्र दिये गये। उद्यान विभाग के राज्य औद्यानिक मिशन योजना में मशीनीकरण कार्यक्रम के तहत लाभार्थी बालचरन एवं नरेंद्र कुमार वर्मा को 50% अनुदान पर पावर टिलर उपकरण की चाभी सौंपी गयी।

डीएम एस. राजलिंगम, वीडीए वीसी अभिषेक गोयल एवं सीडीओ हिमांशु नागपाल ने भी प्रदर्शनी देखी। रविवार को दोपहर एक बजे पुरस्कार वितरण समारोह होगा। अंतिम दिन यह प्रदर्शनी आम लोगों के लिए सुबह नौ बजे से रात्रि नौ बजे तक आमलोगों के लिए खुली रहेगी। उद्घाटन सत्र में जिला उद्यान अधिकारी सुभाष कुमार, अलका श्रीवास्तव, ममता सिंह यादव एवं शैलेंद्र देव दुबे, वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक ज्योति कुमार सिंह, उद्यान निरीक्षक सुधांशु कुमार सिंह, विभाग के मनोज कुमार सिंह, राजेश कुमार सिंह, अनुराग कुमार सिंह, स्नेहलता सिंह आदि की भी उपस्थिति रही।

### 'रोज गार्डन' विकसित करें

दो दिनी मंडलीय शाक भाजी फल एवं पुष्प प्रदर्शनी का जायजा लेने पहुंचे डीएम एस. राजलिंगम ने जिला उद्यान अधिकारी को निर्देश दिया कि एक स्थान चयनित कर वहां सिर्फ गुलाब की विभिन्न रंग एवं प्रजातियां लगाकर 'रोज़ गार्डन' तैयार कराएं।

### निर्णायक मंडल में हैं ये

भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. सूर्यनाथ सिंह चौरसिया, डॉ. एसके सिंह, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रो. अनिल कुमार सिंह, डॉ. एके पाल अश्विनी देशवाल, यूपी कॉलेज के डॉ. धर्मेंद्र कुमार सिंह एवं डॉ. एमपी सिंह, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र रघुवंशी, डॉ. एनके सिंह, डॉ. मनीष पांडेय, अग्रसेन महिला पीजी कॉलेज की डॉ. उषा बालचंदानी एवं जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय।

# 60 के दशक तक पुलिस में थी घोड़ों की हनक



रवि प्रकाश सिंह

एक जमाना था जब शहर कोतवाल अपने घोड़े पर सवार हो निकलते थे तो शहर भर में पुलिस का इकबाल कायम होता था। यूं तो पुलिस के इकबाल का सवारी से नहीं, व्यवहार से वास्ता है पर ये भी इत्तेफाक है कि इधर, पुलिस विभाग में सवारियां बदलीं तो उधर लोगों का पुलिस के प्रति नजरिया भी बदला। समय के साथ, धीरे धीरे घुड़सवार पुलिस का नाता एक्टिव पुलिसिंग से कम होता गया, सेरेमोनियल ज्यादा होता गया। लेकिन आज भी जब घुड़सवार पुलिस शहर की सड़कों पर निकलती है तो उसका जलवा अलग होता है। घुड़सवार पुलिस गश्त के अलावा अधिकारियों, विशेषकर कमिश्नर, जिला अधिकारी, व पुलिस अधीक्षक को जरूरी डाक पहुंचाने का काम भी करती थी। बात पुलिस लाइन से निकलने वाले दो घोड़ों की करें तो जो पुलिस लाइन से गोदौलिया तक का सफर करते हैं, उन्हें देखने के लिए लोग ठहर जाते हैं। आज भी लोगों को घोड़ा पुलिस देख एक कौतुहल होता है, सेल्फी खिंचवाने का मौका मिलता है. और इस प्रकार, डर के लिए जाने जानी वाली पुलिस, दोस्त पुलिस बनती नजर आती है। 1952 में प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू में पुलिस महकमें में स्थाई रूप से घोड़ों को शामिल करने की स्वीकृति दी थी।



### 26 जनवरी पर पुलिस लाइन में मौजूद चेतक एलेक्जेंडर और सुल्तान बढ़ाते हैं परेड की शोभा

### 16 घोड़े इस समय अस्तबल में मौजूद हैं और उनकी देखभाल के लिए 3 सईस हैं

### 19 स्वीकृत हैं और पुलिस अस्तबल में अभी 16 घोड़े

इस समय पुलिस अस्तबल एक्टिव 16 घोड़े हैं। जिनमें चेतक, एलेक्जेंडर और सुल्तान जो महकमे की शोभा बढ़ाते हैं और इनके रखरखाव के लिए तीन कर्मचारी नियुक्त हैं। वाराणसी के लिए 19 घोड़े स्वीकृत हैं जबकि हैं 16 हैं। इंस्पेक्टर राम कुमार बताते हैं कि घोड़ों के रखरखाव और सफाई व्यवस्था का पूरा ध्यान रखा जाता है। कर्मचारियों की ड्यूटी शिफ्ट में है।

### तब बात कुछ और थी

अंग्रेजों के जमाने से लेकर 60 के दशक तक थानेदारों ने घोड़ों की सवारी की है। उस जमाने में घोड़े की टापों की आहट से ही लोग अपने दरवाजे बंद कर लिया करते थे और बदमाश बिल में दुबक जाते थे। घोड़े की सवारी शाही सवारी मानी जाती थी। दरोगा जी बड़े रौब के साथ निकलते थे। ये घोड़े अब भी पुलिसिंग का हिस्सा हैं, लेकिन बहुत सीमित स्तर तक। कभी-कभार ही घोड़ा पुलिस को शहर में देखा जाता है। ये घोड़े सिर्फ 15 अगस्त, 26 जनवरी में परेड के दौरान करतब दिखाने के लिए रह गए हैं।

### 24 साल बाद फिर पड़ी इधर नजर

1998 के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस में घड़सवारों की भर्ती नहीं हुई थी। 2020 में शासन और पुलिस के अधिकारियों ने प्रयागराज महाकुंभ और उत्तर प्रदेश के अलग-अलग शहरों में लगने वाले मेलों को देखते हुए पुलिस विभाग में घुड़सवार भर्ती का निर्णय लिया और घुड़सवार पुलिस के 105 पदों के लिए भर्ती निकाली गई थी। 22 साल बाद चयनित घुड़सवारों को दिसंबर माह प्रशिक्षण के लिए पुलिस अकादमी भेज दिया था। पुलिस अकादमी में प्रशिक्षण लेने के लिए 85 प्रशिक्षु पहुंचे थे। डा. भीमराव आंबेडकर उप्र पुलिस अकादमी में घुड़सवारों के साथ ही घोड़ों को भी प्रशिक्षण दिया जाता है। 1998 में मुरादाबाद पीटीएस से घुड़सवारों का अंतिम दल ने प्रशिक्षण पूरा करके निकला था। इस दल में केवल 10 घुड़सवार थे।

### खुली जीप का अंदाज जुदा

1975 के आस-पास छोटे शहरों की पुलिस को जीप मिली। ये जीप आज तक पुलिस की पहचान बनी हुई है। इसके कई फायदे थे। जीप में वायरलेस फिट होता था। इसमें थानेदार अपनी पूरी टीम के साथ चल सकता था। इसकी रफ्तार भी किसी से छुपी नहीं है। जीप ने आज तक बदमाशों की नाक में दम कर रखा है। खुली जीप की अपनी अलग बात है। फिलहाल जीप की जगह अब बोलेरो ने ले ली है।



### एक दशक तक थानों में साइकिल से हुई गश्त

1968 तक थानेदारों को घोड़े की सवारी करनी पड़ी। इससे दुर्गम रास्तों पर चलने में आसानी तो होती थी लेकिन घोड़े की सवारी करना बड़ा माहिर काम था। हर कोई घोड़े की लगाम नहीं कस पाता था। घोड़े को काबू में रखना, गाड़ी चलाने से भी कठिन काम था। धीरे-धीरे घोड़े की लगाम छूटी और पुलिस महकमे को साइकिलें दी गईं। करीब एक दशक तक थानों में पुलिस वालों ने साइकिल की सवारी की। उस वक्त जिस स्तर का क्राइम था, उसके हिसाब से साइकिल काफी मददगार थी। साइकिल को उस दौर में शान की सवारी माना जाता था। लेकिन इस सवारी की भी अपनी सीमाएं थीं। साइकिल से लंबी दूरी तय नहीं की जा सकती थी। थानों का इलाका भी बड़ा लंबा-चौड़ा हुआ करता था। कई-कई गांव एक ही थाने में आते थे। इसलिए घोड़े की जरूरत तब भी बनी रही।

### 1970-71 में थानों में बुलेट की एंट्री

1970-71 में थानों में बुलेट की एंट्री हो गई थी। लेकिन इसकी सवारी का मौका सिर्फ बड़े थानों को ही मिलता था। शहर के बड़े थानों में थानेदारों को बुलेट दी गई थी। बुलेट और पुलिस का साथ बहुत मजबूत रहा और सबसे लंबे समय तक चला। पुलिस ने 2005 में बुलेट का अलविदा कहा। जब थानेदार बुलेट पर अपने क्षेत्र में निकलता था तो अलग ही रुतबा होता था। गांव में घुसने से पहले ही बुलेट की रौबदार आवाज लोगों तक पहुंच जाती थी। इस सवारी ने खाकी की शान में चार चांद लगा दिए थे। धीरे-धीरे पुलिस के लिए बुलेट आउटडेटेड हो गई।